श्रावण कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 22 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 246, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ओली ने संसद में विश्वास मत हासिल किया 16

वेदा का पोस्टर रिलीज 15

दुकानों पर नाम का फैसला गलत : जयंत

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

● बिना सोचे-समझे लिया गया फैसला

रालोद के अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालय के मालिकों के नाम उनकी दुकानों पर प्रदर्शित करने के उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश की आलोचना करते हुए इस फैसले को गलत बताया।

भाजपा नीत राजग में शामिल रालोद के राज्यसभा सदस्य चौधरी ने कहा ऐसा लगता है कि यह आदेश बिना सोचे-समझे लिया गया है और सरकार इस पर इसलिए अड़ी हुई है क्योंकि निर्णय हो चुका है। कभी-कभी सरकार में ऐसी चीजें हो जाती हैं।

रामदेव बोले- योगी का आदेश सही

हरिद्वार। योग गुरु रामदेव ने कांवड़ मार्ग पर स्थित होटल, रेस्तरां और ढाबा के बाहर मालिक का नाम, पता और मोबाइल नंबर लिखने संबंधी आदेश को रविवार को सही ठहराते हुए कहा कि किसी को अपना परिचय देने में परेशानी नहीं होनी चाहिए। रामदेव ने कहा कि अपने नाम पर तो सबको गर्व होता है और उसे छिपाने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने सवाल किया जब रामदेव को अपनी पहचान बताने में कोई दिक्कत नहीं है, तो रहमान को क्यों दिक्कत होनी चाहिए।

नाम पर विवाद: कोर्ट में सुनवाई आज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश के खिलाफ याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा जिसमें कहा गया है कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों को अपने मालिकों के नाम प्रदर्शित करने होंगे। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर सकती है।

चप्पे-चप्पे पर होगी पुलिस की नजर, सभी जिलों के प्रशासन को दिए सतर्कता बरतने के निर्देश

कांवड़ यात्रा आज से, ड्रोन से होगी निगरानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हरिद्वार

हरिद्वार में कांवड़ मेले को लेकर ब्रीफिंग करते पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सोमवार से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा को लेकर राज्य सरकार ने सभी जिलों के स्थानीय प्रशासन को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। सरकार के निर्देश पर राज्य की पुलिस मुस्तैद भी हो गई है। पूरे प्रदेश में कांवड़ यात्रा की निगरानी ड्रोन से की जाएगी। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं उत्तराखंड पुलिस प्रशासन ने भी कांवड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर ली है।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसे लेकर राज्य सरकार ने पुख्ता इंतजाम किये हैं। काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन के साथ ही सावन में श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन, सुरक्षा और सुविधा का विशेष इंतजाम किया गया है। वृद्धजनों, आशक्त दिव्यांगजनों व महत्वपूर्ण लोगों को दर्शन के लिए निशुल्क ई-रिक्शा व गोल्फ कार्ट की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज से वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांवड़ियों के लिए एक लेन सुरक्षित किया गया है। सोमवार को दैनिक पास निरस्त कर दिया गया है। बाबा के स्पर्श दर्शन पर रोक लगा दी गई है। सोमवार को मैदागिन से गोदौलिया नो व्हीकल जोन रहेगा। दोनों स्थानों से वृद्ध व दिव्यांगजन को ई-रिक्शा से मंदिर तक पहुंचने की व्यवस्था की गई है। इस वर्ष पहली बार सिल्को द्वार से भी प्रवेश की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज से वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कावड़ियों के लिए एक लेन सुरक्षित किया गया है। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि मंदिर और जिला प्रशासन ने सावन में दर्शनार्थियों की सुविधा और सुगम दर्शन के लिए पूरी तैयारी कर ली है।

कांग्रेस ने मांगा लोस उपाध्यक्ष पद

सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने कांवड़-नीट के मुद्दे पर सरकार को घेरने के दिए संकेत

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली में बजट सत्र से पूर्व सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते राजनाथ सिंह। ● एजेंसी

संसद के बजट सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में रविवार को कांग्रेस ने विपक्ष के लिए लोकसभा उपाध्यक्ष का पद मांगा और प्रतिष्ठित नीट सहित पेपर लीक से जुड़े अन्य मुद्दे उठाए। कांग्रेस ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश का मुद्दा भी उठाया तथा स्पष्ट संकेत दिया कि वह सत्र को हंगामेदार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाली है।

इतना ही नहीं, सरकार के सहयोगी और महत्वपूर्ण मौकों पर उसका साथ देने वाले अन्य दलों ने भी अपने-अपने राज्यों के विशेष दर्जे का मुद्दा उठाते हुए केंद्र को अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराया और अपने भावी रुख का मुजाहिरा किया। सरकार ने सत्र से पहले होने वाली इस पारंपरिक बैठक में कई छोटे दलों को आमंत्रित किया और सभी मुद्दों पर चर्चा करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने उन्होंने संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी दलों से सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि यह सामूहिक जिम्मेदारी है। भाजपा के सहयोगी जनता दल (यूनाइटेड), बीजू जनता दल (बीजद) और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधियों ने 44 दलों के साथ हुई बैठक में क्रमशः बिहार, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग की।

● सरकार के सहयोगी दलों ने भी विशेष दर्जे की मांग उठाई

● आतंकी हमलों और मणिपुर की स्थिति पर भी होगा फोकस

आप नेता संजय सिंह ने सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का मुद्दा भी उठाया और नरेन्द्र मोदी सरकार पर आप नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को निशाना बनाने का आरोप लगाया जो आबकारी नीति मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

सीतारमण लगातार सातवीं बार बजट पेश कर बनाएंगी रिकॉर्ड

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार सातवां बजट पेश कर नया रिकॉर्ड बनाएंगी। इसमें छह पूर्ण बजट और एक अंतरिम बजट शामिल हैं। इस हिसाब से वित्त मंत्री मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगी। उन्होंने 5 वार्षिक बजट और एक अंतरिम बजट पेश किए थे।

बैठक के दौरान मुद्दों को सोशल मीडिया मंच पर साझा करने के लिए राजग ने कांग्रेस को घेरा

नई दिल्ली। सर्वदलीय बैठक की कार्यवाही की जानकारी सोशल मीडिया मंच पर साझा करने के बाद राजग के घटक दलों ने प्रमुख विपक्षी दल की आलोचना की और कहा कि उसे अगली बार ऐसी बैठक में किसी अधिक अनुभवी नेता को भेजने पर विचार करना चाहिए। दरअसल, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मुद्दों को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा कर दिया। इस पर वह सत्ताधारी गठबंधन के निशाने पर आ गए।

केरल में निपाह वायरस से किशोर की मौत

कोझिकोड, एजेंसी

निपाह वायरस का केस मिलने के बाद कार्रवाई करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

● अन्य सात की रिपोर्ट आई निगेटिव, किशोर के सीधे संपर्क में आए थे 330 लोग

केरल के मलप्पुरम में निपाह वायरस से संक्रमित 14 वर्षीय एक किशोर की रविवार को मौत हो गई। उसका यहां इलाज किया जा रहा था। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने यह जानकारी दी। जॉर्ज ने बताया कि मृतक के छह दोस्तों और 68 वर्षीय एक व्यक्ति में निपाह संक्रमण की जांच की गई, हालांकि उनकी रिपोर्ट निगेटिव आई।

मंत्री ने बताया मृतक के छह दोस्त सीधे उसके संपर्क में थे, लेकिन 68 वर्षीय व्यक्ति नहीं था। बुजुर्ग व्यक्ति में संक्रमण की जांच इसलिए की गई क्योंकि उसे बुखार था। किशोर के सीधे संपर्क में 330 लोग आए थे, जिनमें से 68 स्वास्थ्य कर्मी हैं। जॉर्ज ने कहा लड़के के सीधे संपर्क में आए लोगों में से 101 उच्च जोखिम वाली श्रेणी में हैं, जिनमें से सात को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतक के परिवार के किसी भी सदस्य में निपाह संक्रमण का कोई लक्षण नजर नहीं आया। स्वास्थ्य विभाग ने महामारी के केंद्र पांडिक्कड़ सहित दो पंचायत में 307 घरों सर्वेक्षण किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुरूप होगा संस्कार

केरल के मुख्यमंत्री विजयन ने कहा कि किशोर को बचाने के लिए सभी प्रयास किए गए। जॉर्ज ने बताया कि यह लड़का पांडिक्कड़ से था और रविवार सुबह 10 .50 बजे उसे दिल का दौरा पड़ा, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। मंत्री ने कहा कि उसका अंतिम संस्कार अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुरूप किया जाएगा।

एक नजर

हरियाणा के नूंह में इंटरनेट, एसएमएस सेवा 24 घंटे के लिए स्थगित

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा से पहले नूंह जिले में मोबाइल इंटरनेट और एक साथ कई लोगों को एसएमएस भेजने की सेवाओं को 24 घंटे के लिए स्थगित करने का रविवार को आदेश दिया। पिछले साल इस यात्रा के दौरान हिंसा हुई थी।

मुरैना में रील बनाते समय 11 साल के बच्चे की मौत

मुरैना। जिले में सोशल मीडिया के लिए रील बनाते समय गले में फंदा लगाने से 11 वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी रवि भदौरिया ने बताया कि घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। उन्होंने कहा कि सातवीं कक्षा में पढ़ने वाला करण परमार अपने घर के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था।

मोदी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए छात्रों को सराहा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में हिस्सा लेने वाले छात्रों को रविवार को बधाई दी। मोदी ने भारतीय टोली के असाधारण प्रदर्शन पर खुशी और गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता देश के युवाओं को प्रेरित करेगी। भारतीय टोली ने जहां देश ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ चौथा स्थान हासिल किया।

बाइडेन नहीं लड़ेंगे चुनाव कमला हो सकती हैं प्रत्याशी

वाशिंगटन, एजेंसी

● डेमोक्रेट नेता भी उम्मीदवारी वापस लेने का बना रहे थे दबाव

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव न लड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने अपनी सहयोगी भारतवंशी कमला हैरिस के लिए समर्थन दिया है। हैरिस अभी अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैं। 81 वर्षीय बाइडेन की मानसिक सेहत का जिक्र करते हुए विपक्षी रिपब्लिकन खेमे की तरफ से लगातार उनके उम्मीदवार बने रहने पर सवाल खड़े किए जा रहे थे।

अमेरिका में चार महीने बाद ही राष्ट्रपति पद का चुनाव होना है। जून में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति बाइडेन के बीच बहस हुई थी, जिसमें बाइडेन का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था।

राष्ट्रपति के रूप में सेवा देना सबसे बड़ा सम्मान

बाइडेन ने कहा कि राष्ट्रपति के रूप में सेवा देना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। हालांकि, मेरा इरादा दोबारा चुनाव लड़ने का था, लेकिन मेरी पार्टी और देश के हित में यही है कि मैं उम्मीदवारी वापस ले लूं।

प्रदेश में 30 हजार मेगावाट तक पहुंची बिजली की मांग

लखनऊ। प्रदेश में उमस के कारण बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट के करीब पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार रविवार को अधिकतम मांग 29,781 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि बीते दिनों 19 जुलाई को अधिकतम मांग 29,304 मेगावाट दर्ज हुई थी।

सूत्रों ने बताया कि पिछले दिनों बारिश के मौसम में अधिकतम मांग 22 हजार मेगावाट तक पहुंच गई थी। सात जुलाई से मांग में बढ़ोतरी का क्रम शुरू हुआ, जो लगातार जारी है।

सड़क निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहीं दो महिलाओं को जिंदा गाड़ा

रीवा (मप्र), एजेंसी

● ट्रक से बजरी गिराकर दबाया एक आरोपी गिरफ्तार

मध्य प्रदेश के रीवा जिले में तालिबानी जैसी हरकत सामने आई है। यहां सड़क निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन कर रही दो महिलाएं को ट्रक के ऊपर से बजरी गिराकर जिंदा दफना दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

विपक्षी दल कांग्रेस ने घटना के बाद मध्य प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाते हुए भाजपा शासित राज्य सरकार पर निशाना साधा, वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस ने घटना के संबंध में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना शनिवार को मंगावा थाने के अंतर्गत हिनोता जोरोट गांव में हुई। पुलिस ने पारिवारिक विवाद को इस घटना का कारण बताया है। सोशल मीडिया पर सामने आए इस घटना के वीडियो में देखा जा सकता है।

महिलाओं पर अत्याचार सरकार की नाकामी

कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के प्रमुख जीतू पटवारी ने कहा कि रीवा की घटना ने एक बार फिर भाजपा नीत सरकार के तहत महिला सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं क्योंकि मध्य प्रदेश महिलाओं के खिलाफ अत्याचारों में पहले स्थान पर है।

बांग्लादेश में फंसे लोगों को हम देंगे शरण : ममता बनर्जी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के मद्देनजर वह पड़ोसी देश में संकट में फंसे लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण दिया जाएगा। ममता बनर्जी ने संभावित मानवीय संकट पर अपने रुख को न्यायोचित ठहराने के लिए शरणार्थियों पर संयुक्त राष्ट्र के संकल्प का हवाला दिया। उन्होंने कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली में कहा मुझे बांग्लादेश के मामलों पर नहीं बोलना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और इस मुद्दे पर जो कुछ भी कहा जाना चाहिए वह केंद्र का विषय है।

केदारनाथ में हादसा, तीन तीर्थयात्रियों की गई जान

ब्यूरो, देहरादून

● गौरीकुंड के पास बारिश के चलते पहाड़ी से गिरा मलबा

अमृत विचार : उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ में बड़ा हादसा हुआ है। अचानक हुए भूस्खलन से मलबा और बोल्डर गिरने से तीन तीर्थ यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। इन्हें गौरीकुंड के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि रविवार की सुबह लगभग आठ बजे गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर चिरबासा के समीप अचानक पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिरने लगे। हादसे में कई तीर्थ यात्री दब गए। मृतकों में दो महाराष्ट्र व एक उत्तराखंड का निवासी था।

बचाव कार्य जारी : धामी

इधर, हादसे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी कर कहा कि पहाड़ी से मलबा व भारी पत्थर गिरने से कुछ यात्रियों के हताहत होने का समाचार अत्यंत दुखद है। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव काम जारी है, इस संबंध में मैं निरंतर अधिकारियों के संपर्क में हूं।

मुंबई में भारी बारिश से 36 उड़ानें रद, 60 लोगों को बचाया

मुंबई। भारी बारिश होने के कारण रविवार को मुंबई हवाई अड्डे पर दिनभर में 36 उड़ानें रद कर दी गईं। इंडिगो की 24 उड़ानें रद की गई हैं, जिनमें 12 प्रस्थान वाली उड़ानें शामिल हैं, तथा एयर इंडिया की 8 उड़ानें शामिल हैं, जिनमें चार प्रस्थान वाली उड़ानें शामिल हैं। खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण हवाई पट्टी पर परिचालन पहले दोपहर 12.12 बजे आठ मिनट के लिए तथा बाद में दोपहर एक बजे से 1.15 बजे तक के लिए स्थगित किया गया था। वहीं भारी बारिश के बीच पानी के तेज बहाव में फंसे 60 लोगों को बचाया गया। सभी पिकनिक मनाने के लिए नवी मुंबई के बेलापुर नोड में एक पहाड़ी पर गए थे।

अनदेखी

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मौजूद है एथलेटिक्स का महिला छात्रावास, सिंथेटिक ट्रैक तक उपलब्ध नहीं

बेटियों को सोने की आस... तैयारी के लिए सिर्फ मिट्टी है पास

संजीव पांडेय, लखनऊ

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में अभ्यास करतीं बालिकाएं।

खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। सिंथेटिक ट्रैक के लिए भी प्रयास किये जायेंगे। प्रशिक्षकों की कमी नहीं है। **-अजय कुमार सेठी,** क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, लखनऊ

अमृत विचार: पेरिस ओलंपिक में देश का नाम रोशन करने को प्रदेश की चार बेटियां तैयार हैं। मेरठ की पारुल, प्रियंका, अन्नू रानी और सहारनपुर की प्राची ओलंपिक गेम्स में तिरंगा फहराने को ट्रैक पर उतरेंगी। इसके पहले पद्मश्री सुधा सिंह भी ओलंपिक गेम्स का हिस्सा रह चुकी हैं।

खेल विभाग की देखरेख में संचालित एथलेटिक्स महिला छात्रावास के खिलाड़ियों को इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर बेहतर प्रशिक्षक तक नहीं मिल रहे हैं। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में स्थित एथलेटिक्स महिला छात्रावास की बेटियों के अभ्यास के लिए सिंथेटिक ट्रैक तक नहीं है। यहां पर प्रशिक्षकों की आवाजाही व उदासीनता से भी खिलाड़ी रिजल्ट नहीं दे पा रहे हैं। आलम यह है कि एक आउटसोर्सिंग महिला प्रशिक्षक के भरोसे यहां की लड़कियां मिट्टी के मैदान पर अभ्यास को मजबूर हैं।

एथलेटिक्स खिलाड़ियों के अनुसार केडी सिंह बाबू स्टेडियम में एथलेटिक्स महिला छात्रावास की शुरुआत तकरीबन 30 वर्ष पहले हुई थी। तब से यहां पर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लेकिन आज तक यहां रहने वाली बालिकाओं के लिए सिंथेटिक ट्रैक तक नहीं बिछाया जा सका। पद्मश्री सुधा सिंह ने यहां से ही अपने खेल कॅरियर की शुरुआत की। उन्होंने कई बार छात्रावास की लड़कियों को ट्रैक पर अभ्यास की सुविधा देने की मांग की। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यहां पर खेल विभाग की प्रशिक्षक विमला सिंह तैनात थी, तब यहां से खिलाड़ी लगातार परिणाम दे रहे थे। पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट सुधा सिंह को भी विमला सिंह ने प्रशिक्षण दिया था।

सिंथेटिक ट्रैक जरूरी: पद्मश्री सुधा सिंह

पद्मश्री सुधा सिंह ने बताया कि वह केडी सिंह बाबू स्टेडियम के एथलेटिक्स छात्रावास में वर्ष 2001 से 2005 तक रही। यहां से प्रशिक्षण लेने के बाद 2010 में चीन में आयोजित एशियन गेम्स में 3000 मीटर स्टीपल चेज में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके बाद 2018 में एशियन गेम्स में इसी स्पर्धा में रजत जीत कर देश का मान बढ़ाया। एथलेटिक्स के खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक ट्रैक तो होना ही चाहिए। जब लड़कियां मिट्टी के मैदान में अभ्यास करेंगी तो परिणाम कैसे सामने आयेंगे।

आज का मौसम

तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान

35.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- कायस्थ चेतना मंच की ओर से रोटरी भवन में मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह शाम 4 बजे।
- हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड की ओर से अलखनाथ मंदिर में कांवड़ियों के लिए समाज सेवा शिविर सुबह 6 बजे।

शिवालयों में आज गूंजेंगे महादेव के जयकारे

देर रात मंदिरों में पहुंचने लगे शिवभक्तों के जत्थे, सजावट के साथ दूधिया रोशनी से जगमग दिखे शिवालय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सावन के पहले सोमवार को लेकर शिवालयों में दिनभर सजावट की गई। शाम होते ही मंदिर दूधिया रोशनी से जगमगा उठे। देर रात कांवड़ियों के जत्थे भी मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गए। सोमवार को दिनभर मंदिर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजते रहेंगे।

नाथ मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंध समितियों ने सुरक्षा के मद्देनजर तमाम व्यवस्थाएं की हैं। मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। जलाभिषेक के लिए दूर दराज से गंगाजल लेकर पहुंचने वाले कांवड़ियों के लिए मंदिरों में प्रवेश के लिए अलग से व्यवस्था की गई। महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए बांस और रस्सी से अलग-अलग बैरीकेडिंग की गई है।

पशुपति नाथ मंदिर, बनखंडी नाथ, अलखनाथ, तपेश्वरनाथ, मढ़ीनाथ, धोपेश्वर नाथ और त्रिवटीनाथ सहित शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में सजावट की गई है। देर शाम त्रिवटीनाथ, अलखनाथ आदि मंदिर रोशनी से जगमग नजर आए। वहीं, पशुपति नाथ मंदिर में सुरक्षा के लिहाज से लाइटिंग नहीं की गई। मंदिरों के द्वार पर कारपेट बिछाई गई है। मंदिर समितियों ने श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए करीब 10-10 सेवक भी नामित किए हैं, ताकि किसी कोई कोई दिक्कत हो।

बनखंडी नाथ मंदिर के सेवादार विशाल राठौर ने बताया कि शिवभक्तों के लिए मंदिर में विश्राम करने की व्यवस्था की गई है। त्रिवटी नाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल ने बताया कि बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला और बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए पुरुष सेवक दल बनाए गए हैं।

धोपेश्वर नाथ मंदिर के प्रधान पुजारी शिवानंद गिरि, तपेश्वर नाथ मंदिर पुजारी बिशन शर्मा ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। अलखनाथ मंदिर के महंत कालू गिरि ने बताया कि कांवड़ियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। बाजारों में भी रौनक सावन के पहले सोमवार को लेकर बाजारों में रौनक रही। शहामतगंज, आलमगीरीगंज, बड़ा बाजार आदि स्थानों पर कांवड़ियों के वस्त्र और पूजन सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ थी। इस बार योगी- बुलडोजर के अलावा शिव की आकृति की टीशर्ट की मांग ज्यादा दिखी। केसरिया अंगोछा भी लोग खरीद रहे थे।

सावन के पहले सोमवार को मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए जल लेने कछला जाता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार

कछला और हरिद्वार के गंगाजल से होगा शिव का जलाभिषेक

शहर और आसपास के स्थानों से कांवड़ियों के जत्थे दो तीन दिन पहले गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार रवाना हुए थे। रविवार देर रात नाथ मंदिरों में जत्थे पहुंचने लगे। वहीं, कांवड़ियों के जत्थे बाइक, डीसीएम और ट्रैक्टरों से कछला के लिए भी रवाना हुए थे। इस दौरान उनका उत्साह दिखने लायक था। इस दौरान भोलेनाथ के जयकारे गूंज रहे थे। उधर, शहर में पीलीभीत बाईपास, बदायूं रोड, चौपुला, दिल्ली रोड आदि स्थानों से कांवड़ियों के जत्थे गुजरते रहे। इससे वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह - जगह शिव के भजनों की गूंज सुनाई दे रही थी।

दूधिया रोशनी से जगमग दिखा त्रिवटीनाथ मंदिर। ● अमृत विचार

पशुपति नाथ मंदिर में दिन पर चलती रहीं तैयारियां। ● अमृत विचार

त्रिवटीनाथ मंदिर में सफाई के कार्य में जुटे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

अलखनाथ मंदिर परिसर में भव्य सजावट की गई। ● अमृत विचार

मंदिरों के पास रहे सुरक्षा और ई रिक्शा का जमावड़ा रोका जाए

बरेली, अमृत विचार : व्यापारी नेताओं ने पुलिस-प्रशासन से मंदिरों के आसपास सुरक्षा रखने और ई रिक्शा का जमावड़ा रोकने की मांग की है। सावन के पहले सोमवार को नाथ मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। मंदिरों तक आने के लिए श्रद्धालु ई रिक्शा का प्रयोग करते हैं। अलखनाथ मंदिर के पास सड़क किनारे ई रिक्शा खड़े होते हैं। इस वजह से जाम की समस्या पैदा होती है। उत्तर प्रदेश व्यापारी सुरक्षा फोरम के महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला का कहना है कि मंदिरों के आसपास सुरक्षा मजबूत रहे। ई रिक्शा की वजह से किला बाजार और कोहाड़ापीर में भी जाम लगता है। यहां यातायात पुलिस अलर्ट रहे, ताकि जाम की स्थिति न बने।

पशुपति नाथ मंदिर में मुख्य द्वार पर की गई प्रकाश की व्यवस्था। ● अमृत विचार

रामपुर की सीमा तक कांवड़ यात्रा का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

बरेली, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मानुष पारीक ने रामपुर की सीमा तक कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। वहीं सावन के पहले सोमवार पर जिलों के मंदिरों के बाहर पीएसी और आरएएफ को तैनात किया गया है। जिले में 35 सौ पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल समपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है। शिविर या भंडारे के टेंट को मुख्य मार्ग से हटाकर लगवाया जा रहा है ताकि कांवड़ यात्रियों को दिक्कत न हो। महत्वपूर्ण स्थानों पर एंबुलेंस और क्रेन की भी व्यवस्था की गई है। कांवड़ियों के लिए हेल्पलाइन नंबर- 0581-2990450 जारी किया है।

कम वसूली पर अफसरों को फटकार लगाकर दी चेतावनी

पावर कारपोरेशन के चेयरमैन ने की समीक्षा बैठक, शाहजहांपुर-बिसौली में योजनाओं की खराब प्रगति पर नाराज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : यूपी पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अफसरों के साथ मंडलीय समीक्षा बैठक की। शाहजहांपुर और बदायूं के बिसौली में योजनाओं के तहत कार्यों की खराब प्रगति और बकाया बिल वसूली कम होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और कार्य में सुधार न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। साथ ही बरेली में मोहर्रम पर बिजली कटौती के संबंध में अधिकारियों से पूछताछ की, जिसमें उन्हें बताया गया कि सुरक्षा के लिहाज से कई क्षेत्र में आपूर्ति को बंद किया गया था।

समीक्षा के दौरान उन्होंने शाहजहांपुर में आरडीएसएस योजना और बिजनेस प्लान के काम की रफ्तार कम होने पर अधीक्षण अभियंता जेपी वर्मा को निर्देश दिए कि जो भी योजनाओं में काम चल रहे हैं, उन्हें समय से पूरा करा लें। अगर समय से काम पूरे नहीं हुए तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। कहा कि अगली बार अगर कोई कमी मिली तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। मुख्य अभियंता प्रथम रणविजय सिंह, अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ, ज्ञानेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियंता महावीर सिंह, सत्येन्द्र चौहान, सुरेन्द्र सिंह, अनुज गुप्ता, गौरव शुक्ला, पंकज भारती आदि मौजूद रहे।

बिजली व्यवस्था न बिगड़े, लापरवाही हुई तो एक्शन लिया जाएगा : पावर कारपोरेशन के चेयरमैन ने अधिकारियों से कहा कि जिले में बिजली सप्लाई की व्यवस्था न बिगड़े। जरा सी लापरवाही हुई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ताओं को परेशान न किया जाए। कांवड़ यात्रा वाले मार्गों पर बिजली सप्लाई की व्यवस्था बेहतर की जाए। उन्होंने आपूर्ति और मांग का आकलन कर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। वहीं अधिकारियों के फोन नहीं उठाने की शिकायतों पर भी सुधार करने के निर्देश दिए। बकाया बिल वसूली पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने बरेली में बकाया वसूली में अच्छा कार्य पर शहरी क्षेत्र के चतुर्थ डिवीजन के अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला की सराहना की।

कलेक्ट्रेट सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक करते पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल। ● अमृत विचार

- बरेली में मोहर्रम पर बिजली कटौती पर अधिकारियों से मांगा जवाब

जनप्रतिनिधियों की बैठक में उठा था कटौती का मुद्दा

शुक्रवार को विकास भवन में वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार की अगुवाई में अफसर और जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई थी, जिसमें मोहर्रम पर शहर में हुई बिजली कटौती का मुद्दा उठा था। इसकी शिकायत ऊर्जा मंत्री और पावर कारपोरेशन के चेयरमैन से फोन पर की गई थी। रविवार को समीक्षा बैठक में चेयरमैन ने इस संबंध में अफसरों से जानकारी मांगी। उन्हें बताया गया कि अलग-अलग इलाकों में ताजियों की ऊंचाई तारों से अधिक थी। सुरक्षा के लिहाज से आपूर्ति को बंद किया गया था।

किला में बंच केबल टूटकर गिरने से बिजली गुल

- नीम की चढ़ाई और गंदा नाले पर शटडाउन की वजह से आपूर्ति बाधित

बरेली, अमृत विचार : जनप्रतिनिधियों की फटकार के बाद शहर में सिर्फ एक दिन बिजली व्यवस्था ठीक रही लेकिन रविवार से फिर वही हाल हो गया। किला के पटी गली में शनिवार रात बंच केबल टूटकर गिरने से बिजली गुल हो गई। इस दौरान हादसा भी बच गया। बाकरगंज, सुभाषनगर और मढ़ीनाथ में भी पूरे दिन बिजली संकट रहा।

किला क्षेत्र के अलखनाथ मंदिर इलाके में रविवार दोपहर को बंच केबल टूटकर गिरने से आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं बाकरगंज में पूरे दिन फेस की समस्या रही। सुभाषनगर और मढ़ीनाथ क्षेत्र में रविवार दोपहर से शाम तक फेस नहीं आने की दिक्कत रही। वहीं फाल्ट से भी परेशानी हुई। नदोसी उपकेंद्र के बंडिया, खना गौटिया, टियूलिया, तिलियापुर, धंतिया समेत अन्य जगह पर भी पूरे दिन ट्रिपिंग होती रही। कुतुबखाना, जगतपुर, शाहदाना, कोहाड़ापीर, सिविल लाइंस, बिहारीपुर आदि जगह पर फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या रही। किला के गंदा नाला और नीम की चढ़ाई पर रविवार को 2 घंटे बिजली गुल रही।

जगतपुर क्षेत्र में आज 3 घंटे गुल रहेगी बिजली

जगतपुर उपकेंद्र पर सोमवार को टेस्टिंग के काम की वजह से उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्र सेटेलाइट से बीसलपुर चौराहे तक, पंचशील नगर, नवादा शेखान, पनवड़िया, मीरा की पैठ, बुखारपुरा, आकाशपुरम, एजाजनगर गौंटिया, राजीव नगर, आरपी एन्क्लेव, गार्डन सिटी आदि क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

मंदिरों के रूट पर ट्रांसफार्मर को ढक कर तारों को कराया ऊंचा

बरेली, अमृत विचार : सावन के पहले सोमवार पर सुरक्षा के लिए लिहाज से मंदिरों के रूटों पर बिजली कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। रविवार शाम तक ट्रांसफार्मरों की फेंसिंग करने के साथ तारों को भी ऊंचा करने का काम किया गया। एसडीओ और जेई भी भ्रमण पर रहेंगे।

धोपेश्वरनाथ, मढ़ीनाथ, पशुपतिनाथ, त्रिवटीनाथ, तपेश्वरनाथ, वनखंडीनाथ, अलखनाथ मंदिर में सावन के पहले सोमवार पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिहाज से बिजली विभाग ने तैयारी की गई है। रविवार को सभी मंदिरों के रूट पर ट्रांसफार्मर को चेक किया गया, जो ट्रांसफार्मर खुला मिला उसकी फेसिंग कराई गई। वहीं नीचे लटक रहे तारों को भी ऊंचा कराया गया है। इसके अलावा सभी प्रमुख मंदिरों के आसपास संविदा कर्मचारियों को भी तैनात किया गया है। अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ ने बताया कि सावन में कांवड़ यात्रा की वजह से मंदिरों के आसपास संविदा कर्मचारियों के अलावा अन्य अधिकारी भी निरीक्षण करेंगे।

अगर कोई खुराफात करता है तो सख्त कार्रवाई करें अधिकारी : धर्मपाल

सर्किट हाउस में अफसरों के साथ बैठक करते मंत्री धर्मपाल सिंह। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : सावन माह को लेकर रविवार को सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि सावन के महीने में शांति व्यवस्था पूर्ण रूप से बनी रहे।

अगर कोई खुराफात करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, एमएलसी बहोरनलाल मौर्य, विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल, राघवेंद्र शर्मा, डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. एमपी आर्य, मेयर डॉ. उमेश गौतम, आईजी राकेश सिंह, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, एसएसपी अनुराग आर्य, सीडीओ जगप्रवेश, नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स, प्रशांत पटेल आदि मौजूद रहे।

शिवभक्तों को राहत, 22 ट्रेनों में आज से अतिरिक्त कोच

- 14 ट्रेनों का गंगा घाटों के नजदीक के स्टेशनों पर ठहराव

बरेली, अमृत विचार : सावन की शुरुआत के साथ रेल प्रशासन ने शिव भक्तों को राहत दी है। 22 ट्रेनों में सोमवार से अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। इसी दिन से 14 ट्रेनों का ठहराव गंगा घाटों के आसपास के रेलवे स्टेशनों पर किया जाएगा।

मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि बरेली से गुजरने वाली जिन ट्रेनों को अतिरिक्त स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। उनमें 04303 बरेली दिल्ली पैसेंजर और 04304 दिल्ली बरेली पैसेंजर का अतिरिक्त ठहराव कंकाठेर स्टेशन पर किया जाएगा। इसके अलावा बरेली से गुजरने वाली जिन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाने हैं, उनमें 04376/75 बरेली-अलीगढ़- पैसेंजर, 04378/04377 बरेली-अलीगढ़-बरेली एक्सप्रेस में दो-दो सामान्य कोच अतिरिक्त लगाए जाएंगे। यह सुविधा रेल यात्रियों को सोमवार से शुरू होकर 19 अगस्त तक मिलेगी।

यह कैसी आस्था

शिव की आराधना का प्रतीक सावन आज से शुरू हो गया। सावन में लोग कांवड़ के रूप में सैकड़ों किमी दूर से जल लाकर शिव का अभिषेक करते हैं। रविवार को रामगंगा नदी के किनारे गंदगी के बीच पानी में खंडित शिव की मूर्ति कई सवाल खड़े कर कर रही है। ● फोटो एवं विवरण : शारिक खान

2.28 लाख घरों तक हाउस टैक्स बिल पहुंचाना टेढ़ी खीर

- बिलों में है गलतियों की भरमार भवनस्वामी मुश्किल में

बरेली, अमृत विचार : नगर निगम का कर विभाग अब भवनस्वामियों के घरों तक बिल पहुंचाने की तैयारी कर रहा है, लेकिन उसके पास सिर्फ 20 कर्मचारी हैं। सवाल है कि ऐसे में 2.28 लाख घरों तक कैसे बिल पहुंचेंगे। वहीं, भवनस्वामी इस बात को लेकर टेंशन में हैं कि बिलों में गलियों की भरमार है। अगर बिल उनकी चौखट तक आए तो फिर उन्हें ठीक कराने के लिए नगर निगम की दौड़ लगानी पड़ेगी।

जीआईएस सर्वे के माध्यम से 82,897 नए भवन टैक्स के दायरे में आए हैं। अब 2. 28 लाख से ज्यादा करदाता शहर में हो गए हैं। वहीं, हर रोज गलत बिलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कर विभाग ने कर्मचारियों के माध्यम से लोगों के घरों तक बिल पहुंचाने की योजना बनाई है, लेकिन महज 20 आउटसोर्सिंग के कर्मचारी हैं, जो 80 वार्डों के 2.28 लाख से अधिक लोगों तक कैसे बिल पहुंचाएंगे। दूसरी सबसे बड़ी समस्या है कि वार्डों को नंबर और मोहल्ला बदले हैं, जो नए साफ्टवेयर में अपडेट नहीं हैं। इसके कारण पुराने मोहल्ले का नाम लिख आ रहा है। अगर गलत बिल लेकर कर्मचारी घर जाता है तो उसे सुधार कराने के लिए लोगों को फिर नगर निगम आना पड़ेगा। एक दिन में सिर्फ 20 से 30 बिलों में सुधार हो पा रहा है। इस वजह से भी लोगों को दिक्कत हो रही है। पार्षद राजेश अग्रवाल ने बताया कि गलत बिलों की भरमार है। इसके कारण लोगों को नगर निगम के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

शिक्षा ऋण : आर्थिक स्थिति ठीक नहीं फिर भी नहीं रुकेगी पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिले में इस वित्तीय वर्ष में 1091 लोगों को आवंटित किया गया 32.09 करोड़ का शिक्षा ऋण
- कॉलेजों की ट्यूशन फीस, छात्रावास, परीक्षा शुल्क आदि को ऋण में करते हैं शामिल

अमृत विचार : मेधावी विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने के लिए बैंकों की ओर से सहयोग किया जा रहा है। बीते दिनों विकास भवन में डीएम रविंद्र कुमार ने जिला स्तरीय बैंक समीक्षा बैठक में शिक्षा ऋण को निर्धारित मानकों के अनुरूप आवंटित करने के निर्देश दिए थे।

एलडीएम कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार इस वित्तीय वर्ष में 1091 लाभार्थियों को 32.09 करोड़ रुपये का ऋण आवंटित किया गया। बैंक अधिकारियों के अनुसार शिक्षा ऋण सात लाख रुपये तक पर सिक्योरिटी मनी नहीं देनी होती है। इसके ऊपर के ऋण के लिए एसेट रखना आवश्यक है।

पिछले वित्तीय वर्ष में 785 लाभार्थियों को 17 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया। पिछले वर्ष की तुलना में यह डेढ़ गुना से अधिक रहा। आंकड़ों के अनुसार जिले में 31 मार्च 2024 तक 3,657 विद्यार्थियों को 154.15 करोड़ रुपये का ऋण आंवटित किया गया।

शिक्षा ऋण के तहत वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में 7.05 करोड़ रुपये, तीसरी तिमाही में 14.78 करोड़ रुपये व अंतिम तिमाही में 32. 09 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुकाबले शिक्षा ऋण में सर्वाधिक 31.20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

एलडीएम वीके अरोरा ने बताया कि विद्या लक्ष्मी पोर्टल के जरिये बैंकों की ओर से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए ऋण आसानी से उपलब्ध कराया जाता है। इसका रिकवरी रेट भी बहुत अच्छा है। नौकरी लगने के बाद लिए गए ऋण की अदायगी पर विद्यार्थियों का पूरा फोकस रहता है।

अदायगी की है अच्छी स्थिति

एसबीआई रितेश कुमार ने बताया कि अन्य ऋणों की अपेक्षा शिक्षा ऋण की अदायगी की स्थिति बेहतर है। 76 प्रतिशत से अधिक लाभार्थियों ने निर्धारित समय में अपना शिक्षा ऋण नौकरी लगने के बाद लौटाया है। हालांकि कुछ लाभार्थी ऐसे रहे, जो ऋण सुचारू रूप से वापस नहीं कर सके हैं। नौकरी लगने में हुई देरी की वजह से वे समय से ऋण नहीं लौटा पाए।



शोहदे के डर से किशोरी ने घर से निकलना किया बंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : शोहदे के डर से किशोरी ने घर से बाहर निकलना बंद कर दिया है। विरोध करने पर आरोपी ने किशोरी की मां को जान से मारने की धमकी दी है। किशोरी की मां ने थाना सुभाषनगर में शिकायत की लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इस पर उन्होंने एडीजी से शिकायत की तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

महिला के मुताबिक उनकी 16 वर्षीय बेटी को गांव का कृष्णा छेड़ता है। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी है। बताया कि जब भी उनकी बेटी कहीं जाती है तो आरोपी कभी हाथ पकड़ लेता है, तो कभी अश्लील बातें करता है। 14 जुलाई को 3 बजे आरोपी कृष्णा का भाई सुरेंद्र उनके घर के बाहर आया और बेटी के संबंध में आपत्तिजनक बातें करने लगा। कहा कि किशोरी की शादी अपने छोटे भाई के साथ ही कराएगा। विरोध करने पर आरोपी सुरेंद्र ने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। एडीजी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी कृष्णा और उसके भाई सुरेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पांच हजार रुपये तक सर्किल रेट बढ़ाने का प्रस्ताव

प्रस्तावित रेट पर आपत्ति दाखिल करने का आज अंतिम दिन, 25 को आपत्तियों का किया जाएगा निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : 1 अगस्त से नए सर्किल रेट लागू होंगे। जिला प्रशासन ने तीन से पांच हजार रुपये तक रेट बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया है। इस पर आपत्ति का सोमवार को अंतिम दिन है। इसके बाद आपत्तियां निबंधन विभाग के पास भेजी जाएंगी। आपत्तियों के निस्तारण के बाद फाइनल रेट तय किए जाएंगे।

प्रस्तावित सर्किल रेट पर आपत्ति सोमवार तक अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उप निबंधक कार्यालय में दर्ज कराई जा सकती है। 25 जुलाई को आपत्ति का निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा कोई सुझाव है तो उसपर विचार किया जाएगा। प्रस्तावित सर्किल रेट में अधिकांश उन क्षेत्रों में बढ़ोत्तरी अधिक की गई है, जहां भवन और भूमि दोनों की खरीद और बिक्री अधिक होती है। वहीं पुरानी कालोनियों में भी सर्किल रेट फिर से निर्धारण किया जा रहा है। प्रस्तावित सर्किट रेट में कहीं पर पांच हजार तो किसी जगह पर तीन हजार रुपये बढ़ोत्तरी की गई है। नए सर्किल रेट लागू होने पर 1 अगस्त से प्रापर्टी भी महंगी हो जाएगी। शहर के अलावा देहात में भी बढ़ोत्तरी की संभावना है। इससे कई इलाकों की भूमि और भवन महंगे हो जाएंगे।

वर्ग मीटर में प्रस्तावित रेट

- औद्योगिक क्षेत्र भोजीपुरा में 6000 रुपये की जगह 6,500 रुपये
- आवास विकास सिविल लाइंस में 50 हजार की जगह 55 हजार रुपये
- आशीष रॉयल पार्क कॉलोनी में 32 हजार की जगह 35 हजार रुपये
- इंद्रापुरम, जागृति नगर, वृंदावन गार्डन, पटेल विहार पास के इलाकों में 12 हजार की जगह 13,500 रुपये
- कुर्मांचल नगर में 17 हजार की जगह 18,500 रुपये
- आलमगीरीगंज में 52 हजार की जगह 56 हजार रुपये
- रेलवे कॉलोनी चौपुला में 29 हजार की जगह 32 हजार रुपये
- रेलवे कॉलोनी इज्जतनगर में 30 हजार की जगह 33 हजार रुपये
- पीरबहोड़ा, परतापुर, पुलिस बैरियर, एयरफोर्स गेट, डेलापीर चौराहा, बिहारमान नगला में 19 से 24 हजार की जगह 20 से 26 हजार रुपये
- किला क्रॉसिंग के पास 42 हजार की जगह 45 हजार रुपये
- एकता नगर, डीडीपुरम, राजेंद्र नगर, इंद्रापुरम, जागृति नगर, वृंदावन गार्डन, पटेल विहार, डेलापीर चौराहा से सेलेक्शन प्वाइंट चौराहा तक 55 से 60 हजार रुपये की जगह 60 से 65 हजार
- किला पुल से नैनीताल मिनी बाईपास तक 38 हजार की जगह पर 41,500 रुपये
- पीलीभीत बाईपास कॉलोनियों में 16 से 19 हजार की जगह 17 .5 से 28 .5 हजार तक

प्रस्तावित सर्किल रेट पर सोमवार को आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। आपत्तियों के निराकरण के लिए 25 जुलाई को बैठक होगी। इसके बाद 1 अगस्त को नया सर्किल रेट लागू हो जाएगा। **-सुरेंद्र बहादुर सिंह,** एडीएम वित्त व राजस्व

एक नजर

तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल, बारिश का इंतजार

बरेली, अमृत विचार : जिले में कई दिनों से लोग बारिश का इंतजार कर रहे हैं। दिन में तेज धूप खिलने से लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल हो रहे हैं। रविवार को भी दिन में तेज धूप खिली, हालांकि दोपहर बाद घने बादल छाने और हवा चलने से कुछ राहत मिली। मौसम विभाग ने सोमवार को भी मध्यम से भारी बारिश का अनुमान जताया है। जुलाई में शुरुआत के दिनों में ही तेज बारिश हुई लेकिन उसके बाद बूंदाबांदी या हल्की बारिश ही हुई है। 1 से 17 जुलाई तक 567 मिलीमीटर तक बारिश रिकॉर्ड की जा चुकी है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान सामान्य से 2 .1 अधिक 35 .7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 2 .4 डिग्री अधिक 28 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान आर्द्रता सुबह 86 प्रतिशत और शाम को 73 प्रतिशत दर्ज की गई। हवाओं की रफ्तार 8- 10 किलोमीटर प्रति घंटे रिकॉर्ड की गई है। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार से बुधवार तक बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान औसतन अधिकतम तापमान 35-36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27-28 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने का अनुमान है।

बाइक तोड़ने के बाद की मारपीट, चार पर रिपोर्ट

आंवला, अमृत विचार : दावत खाकर बाइक से लौट रहे एक युवक की बाइक ईंट मारकर तोड़ दी और विरोध करने पर उसकी पिटाई की। पुलिस ने घायल के पिता की तहरीर पर 10 दिन बाद चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। मोहल्ला अवादानपुर निवासी सत्यपाल मौर्य ने बताया कि 11 जुलाई की रात 11 :30 बजे उसका बेटा लकी मौर्य चाचा नरेश मौर्य के साथ दावत खाकर घर लौट रहा था। इसी दौरान अवादानपुर गांव की मोड़ के सामने शैलेन्द्र, प्रदीप, सौरभ, तन्ना निवासी मोहल्ला मीरा सराय थाना सिविल लाइन जिला बदायूं ने उसकी बाइक पत्थर और ईंटें मारकर तोड़ दी।

डेलापीर मंडी में मंदिर में मूर्तियां तोड़ीं, तीन हिरासत में

गोपेश्वरनाथ मंदिर में सुबह साढ़े सात बजे की घटना, आरोपी ने पुजारी और उनकी पत्नी पर भी किया हमला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : डेलापीर मंडी में रविवार सुबह गोपेश्वर नाथ मंदिर में घुसकर एक युवक ने मूर्तियां तोड़ दीं। पुजारी और उनकी पत्नी ने जब आरोपी को रोकने की कोशिश की तो उसने ईंट और चाकू से हमला किया। उसने पीएसी के जवान को भी धक्का दे दिया। मंडी गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मी ने लोगों की मदद से आरोपी और उसके दो साथियों को पकड़ लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर माहौल शांत किया। सावन के पहले सोमवार से पहले हुई घटना से लोगों में आक्रोश है।

रविवार सुबह 7:30 बजे एक व्यक्ति मंडी परिसर में स्थित गोपेश्वर नाथ मंदिर में पहुंचा। वहां पहुंचकर उसने मंदिर में रखीं मूर्तियों को तोड़ दिया। उसने शीशे में रखी मूर्तियों को भी तोड़ने की कोशिश की। कलश फेंकने की आवाज सुनकर मंदिर के पुजारी राम किशोर और उनकी पत्नी मौके पर पहुंची तो आरोपी ने दोनों पर ईंट से हमला किया। उन लोगों ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो उसने चाकू दिखाकर डरा दिया। शोर मचाने पर आसपास के आढ़ती आ गए तो आरोपी भागने लगा। दूसरे गेट पर तैनात गार्ड ने आरोपी को पकड़कर जमकर धुनाई की। उसके दो सहयोगी को भी लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मूर्तियां तोड़ने की सूचना पर कई संगठनों के तमाम लोग मंदिर परिसर में पहुंच गए और हंगामा किया। सूचना पर एसपी सिटी राहुल भाटी, सीओ अनीता चौहान, सीओ संदीप सिंह और सीओ पंकज श्रीवास्तव, इज्जतनगर, प्रेमनगर, किला, कोतवाली, बारादरी और सुभाषनगर थानों की पुलिस के अलावा पीएसी भी पहुंच गई। पुजारी रामकिशोर शर्मा ने तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एक आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी खटीमा के इस्लाम नगर का रहने वाला अकरम है। पुलिस जांच में आया कि वह शनिवार को खटीमा से घर पर बिना बताए रात में अपनी बहन के घर आया था। अकरम उर्फ सोनू के परिजनों ने पुलिस को बताया कि उसका मानसिक इलाज चार साल से चल रहा है। पहले दो डॉक्टरों से इलाज चला और अभी प्रेमनगर के डॉक्टर से इलाज चल रहा है। उसे डिप्रेशन की बीमारी है। पुलिस इसका सत्यापन करेगी। वह शनिवार रात में शाहदाना में एक धर्म स्थल पर चढ़ गया था। वहां लोगों ने इसे पकड़कर उसकी बहन सोनी को बताया था। उसे बहन-बहनोई लेकर चले गए थे। पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई थी।

मंदिर परिसर के बाहर मौजूद लोग और पुलिस। ● अमृत विचार

कई संगठनों ने जताया आक्रोश

मंदिर में मूर्तियां तोड़ने के बाद से कई संगठनों ने रोष जताया। लोगों ने का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से शहर का माहौल खराब हो सकता है। उन्होंने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। नाथ नगरी सुरक्षा समूह के प्रमुख दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि इस तरह की हरकतें माहौल खराब करने के लिए सावन माह में होती रहीं हैं। वहीं आढ़ती मनोज गुप्ता, वीरेन्द्र गुप्ता ने भी घटना पर रोष जताया है। संगठन के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया है। इस मौके पर संजय शर्मा, रंजन दीक्षित, संजय शुक्ला, परम केसरवानी मोनू अग्रवाल आदि रहे।

धार्मिक नारा लगाकर तोड़ीं मूर्तियां

जिला अस्पताल में भर्ती आरोपी

मंदिर के पुजारी रामकिशोर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार सुबह आरोपी ने धार्मिक नारा लगाते हुए मूर्तियां तोड़ना शुरू किया था। विरोध पर उसने चाकू लेकर दौड़ा लिया था। पुजारी ने बताया कि जब वह भाग रहा था तो दो अन्य लोग उसे निर्देश दे रहे थे। पुजारी की पत्नी ने बताया कि वह मंदिर से कुछ दूरी पर थीं। जब आरोपी ने कलश उठाकर तेजी से फेंका तब उन्होंने मंदिर जाकर देखा।

डेलापीर मंडी में मूर्तियों को तोड़ने के आरोपी को हिरासत में लिया गया है। दो संदिग्ध युवकों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। **-अनुराग आर्य,** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

आरोपी के पास निकली विदेशी मुद्रा

पुलिस हिरासत में इलाज करा रहे आरोपी अकरम के पास से विदेशी मुद्रा भी मिली है। इनमें सऊदी अरब के अलावा अन्य देशों के नोट हैं। पूछने पर आरोपी ने बताया कि दिमाग खराब होने पर उसने ऐसा किया। वहीं लोगों का मानना है कि आरोपी का आपराधिक इतिहास पता करना चाहिए। पुलिस आरोपी से पता कर रही है कि उसने ऐसा कार्य खुद किया या किसी के कहने पर मंदिर में मूर्तियां खंडित करने गया था। मंदिर परिसर में भारी पुलिस और पीएसी बल तैनात किया गया है। अकरम की रिश्तेदारी बारादरी थाना क्षेत्र में है। सीसीटीवी में वह मंदिर परिसर की ओर अकेला जाता दिख रहा है। आरोपियों के नंबरों को सर्विलांस पर लगाया गया है। पुलिस जांच कर रही है कि उनके संबंध किसी अराजक संगठन से तो नहीं है।

मंदिर में नई मूर्तियों की स्थापना करातीं सीओ अनीता चौहान। ● अमृत विचार

नई मूर्तियां मंगाकर की जा रहीं स्थापित

पुजारी रामकिशोर ने बताया किया कि श्रद्धालुओं और मंदिर समिति के पदाधिकारियों की ओर से नई मूर्तियां मंगाकर प्राण प्रतिष्ठा की गई। मंदिर में भारी संख्या में पुलिस फोर्स लगाया गया है। प्राण प्रतिष्ठा में सीओ अनीता यादव, सिटी मजिस्ट्रेट सहित पुलिस कर्मियों व आसपास के लोगों ने हिस्सा लिया। एसपी सिटी राहुल भाटी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

पांच हजार की रिश्वत लेते चौकी इंचार्ज का वीडियो वायरल, निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सीओ से जांच कराकर की कार्रवाई
- जून महीने का है वीडियो विभागीय जांच का दिया आदेश

अमृत विचार : थाना भोजीपुरा के धौराटांडा चौकी इंचार्ज संजीव यादव का रुपये लेते वीडियो वायरल हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने सीओ नवाबगंज हर्ष मोदी से मामले की जांच कराई। प्राथमिक जांच रिपोर्ट के आधार पर चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया है और विभागीय जांच का आदेश दिया है।

धौराटांडा चौकी इंचार्ज संजीव यादव का रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। वायरल हुए वीडियो में दो व्यक्ति पहुंचते हैं। एक कार में चौकी इंचार्ज पहले से मौजूद रहते हैं। उसके बाद दोनों उन्हें पांच हजार रुपये देते हैं। वायरल वीडियो की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने नवाबगंज सीओ हर्ष मोदी से कराई। जांच में पता चला कि धौराटांडा निवासी किसी व्यक्ति ने अब्दुल खालिद के खिलाफ कोई शिकायत की थी। इसकी जांच चौकी इंचार्ज को सौंपी गई थी। जांच में अब्दुल को बचाने के लिए चौकी इंचार्ज ने रुपये मांगे थे। अब्दुल ने अपने दोस्त ईशापुर के प्रधान तफ्सीर अहमद के माध्यम से जून में चौकी इंचार्ज को पांच हजार रुपये दिए थे।

चौकी इंचार्ज पर रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने चौकी इंचार्ज संजीव यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। अगर शिकायतकर्ता मामले में तहरीर नहीं देता है तो थाना प्रभारी स्वयं मामले में संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज कराएंगे।

चौकी इंचार्ज का रुपये लेते हुए एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसकी सीओ नवाबगंज से जांच कराई गई। प्राथमिक जांच में दोषी पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के भी आदेश दिए गए हैं। **- अनुराग आर्य,** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

तीन इंस्पेक्टर और 50 दरोगा का तबादला

बरेली, अमृत विचार : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने रविवार को तीन इंस्पेक्टर और 50 दरोगाओं का तबादला कर दिया। एंटी रोमियो सेल इंस्पेक्टर सीमा को प्रभारी निरीक्षक थाना महिला, क्राइम इंस्पेक्टर सुभाषनगर सुरेश चंद्र गौतम को प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटीयू और क्राइम इंस्पेक्टर किला प्रदीप कुमार चतुर्वेदी को प्रभारी थाना साइबर बनाया है। इसके अलावा पुलिस लाइन में तैनात दरोगा रणवीर सिंह को स्टेशन रोड चौकी, प्रमोद कुमार को कोहाड़ापीर चौकी, राजीव शर्मा को सेटेलाइट पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया है। थाना बहेड़ी में तैनात दरोगा इंद्रपाल सिंह को बैरियर-दो चौकी और बारादरी में तैनात राहुल सिंह को रुहेलखंड चौकी का प्रभारी बनाया है। इसके अलावा 38 दरोगाओं को पुलिस लाइन से चौकी और थानों में तैनाती की गई है। जितेंद्र सिंह को पुलिस लाइन से कोतवाली, राम प्रकाश को समन सेल, बलवान सिंह को न्यायालय सुरक्षा, अखिलेश कुमार को पेशी पुलिस अधीक्षक दक्षिणी बनाया गया है।

भाजपा नेता ने इस्लाम धर्म अपनाने की दी चेतावनी

पार्टी में मची खलबली, मंत्रियों के आश्वासन पर रात 8 बजे फेसबुक से हटा ली गई पोस्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शस्त्र लाइसेंस रद किए जाने से आहत थे प्रदीप, दिनभर वायरल हुई पोस्ट
- शाम को मंत्री धर्मपाल और डॉ. अरुण कुमार ने अफसरों के साथ की बैठक

अमृत विचार : शस्त्र लाइसेंस रद होने से नाराज भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने फेसबुक पर पोस्ट कर इस्लाम धर्म अपनाने की चेतावनी दे डाली। कुछ देर में यह पोस्ट वायरल हो गई।

इससे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में खलबली मच गई। शाम को पशुधन और वनमंत्री ने सर्किट हाउस में अफसरों के साथ बैठक की। महानगर उपाध्यक्ष को उनके साथ न्याय होने का भरोसा दिया गया। रात आठ बजे उन्होंने फेसबुक से पोस्ट हटा ली। दिन भर वायरल पोस्ट चर्चा में रही।

भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने फेसबुक पर व्यथा लिखी थी। प्रशासन ने उनके शस्त्र लाइसेंस रद कर दिए थे, जिससे वह आहत थे। प्रदीप अग्रवाल के अनुसार वह एक मामले में कोर्ट से दोषमुक्त हो चुके हैं, फिर भी अफसरों ने उनके शस्त्र लाइसेंस रद कर दिए। कहा कि भाजपा शासन में भी अफसर मनमानी कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं का ही उत्पीड़न कर रहे हैं। पार्टी का पुराना सिपाही होने के बाद भी उनके साथ बुरा व्यवहार किया गया। उन्होंने पोस्ट को फेसबुक पर भाजपा के बड़े नेताओं को टैग भी किया था। उन्होंने पोस्ट में इस्लाम धर्म अपनाने की चेतावनी दी थी। यह पोस्ट दिनभर वायरल होती रही। शाम को इसका असर दिखा। उन्होंने बताया कि पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह और पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने शाम को सर्किट हाउस में अफसरों की बैठक बुलाई। उसमें उनका मुद्दा रखा। काफी देर चली बैठक के बाद जनप्रतिनिधियों ने उनसे बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि उनके रद शस्त्र लाइसेंस बहाल किए जाएंगे। उन्होंने पोस्ट में लिखा था कि मंत्री, सांसद, विधायक, संगठन के नेताओं ने उनका हाल नहीं जाना। शाम को मंत्री की बैठक के बाद उन्होंने बताया कि महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, मेयर डा. उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल, एमएलसी महाराज सिंह, जिलापंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, प्रवक्ता बंटी ठाकुर ने फोन के जरिए उनसे बात की। इसके बाद उन्होंने रात में फेसबुक से अपनी पोस्ट हटा ली।

प्लाट बेचने के नाम पर शिक्षक ने 4.48 लाख ठगे

बरेली : प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवक ने शिक्षक पर प्लाट बेचने के नाम पर 4 .48 रुपये ठगने का आरोप लगाया है। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के आदेश पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्रीन पार्क निवासी अभिषेक सक्सेना ने बताया कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए दुर्गानगर का क्षितिज उर्फ मयंक उनके घर आता था। इस दौरान क्षितिज ने प्लाट बेचने की बात कही। क्षितिज, उसके भाई उत्कर्ष और मां साधना ने दुर्गानगर में घर के बराबर वाला प्लाट दिखाया। 75 गज के प्लाट का सौदा 11 लाख रुपये में तय हुआ। अभिषेक ने क्षितिज के कहने पर उसके भाई के खाते में 4 लाख 48 हजार रुपये डाल दिए। बैनामा कराने को कहा तो क्षितिज ने घर आना छोड़ दिया और टालमटोल करने लगा।

बरेली एयरपोर्ट से अक्टूबर से नई उड़ान, बेस होगा कुशीनगर एयरपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना के तहत शुरू होनी है हवाई सेवा
- जेटविंग्स एयरवेज ने सेवा शुरू करने को हामी भरी

अमृत विचार : बरेली एयरपोर्ट से अक्टूबर से नई उड़ान की तैयारी एयरलाइंस कंपनी कर रही है। इसके लिए कुशीनगर एयरपोर्ट को बेस बनाया जाएगा। जेटविंग्स एयरवेज ने अक्टूबर से हवाई सेवा शुरू करने की हामी भर दी है।

मई से बरेली से कुशीनगर एयरपोर्ट के लिए हवाई सेवा शुरू करने की योजना पर काम चल रहा है। इसके लिए रूट सर्वे पूरा हो चुका है। हवाई सेवा को मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन ट्रायल के लिए समय का निर्धारण नहीं हो पाया है। इसको लेकर बरेली

एयरपोर्ट के निदेशक ने जेटविंग्स एयरवेज कंपनी से कई पत्राचार किया था। फिलहाल, कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बेस बना कर शेड्यूल तैयार किया जा रहा है कि उड़ान का समय क्या होगा। अफसरों को लंबी दूरी और टिकट दर पर 50 प्रतिशत अनुदान होने से यात्रियों की संख्या बढ़ने का भरोसा है।

इन स्थानों के लोगों को मिलेगी सहूलियत

इस हवाई सेवा से उत्तराखंड के नैनीताल, ऊधम सिंह नगर, पश्चिमी यूपी के बरेली, मुरादाबाद, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, बस्ती, संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, आजमढ़, मऊ, बलिया, बिहार के गोपालगंज, बेतिया, सिवान, नेपाल को जाने वालों को सहूलियत मिलेगी।

इस संबंध में जेटविंग्स एयरवेज के अधिकारियों से वार्ता हुई है। एयरवेज कंपनी ने अक्टूबर में हवाई सेवा शुरू करने की बात कही है। **-अवधेश अग्रवाल,** निदेशक, बरेली एयरपोर्ट

नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी में भाजपा नेता पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

- जिला पंचायत सदस्य और उनकी बेटी पर 10 लाख रुपये लेने का आरोप
- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शाही पुलिस ने की कार्रवाई

बरेली, अमृत विचार : एक व्यक्ति ने रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर भाजपा की जिला पंचायत सदस्य ममता गंगवार और उनकी बेटी पर 10 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के आदेश पर शाही पुलिस ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शाही थाना क्षेत्र के गांव रसूलिया निवासी सौरभ गंगवार के मुताबिक जिला पंचायत सदस्य ममता गंगवार उनके कस्बे की रहने वाली हैं। उन्होंने अफसरों के साथ जान पहचान बताते हुए रेलवे में नौकरी लगवाने की बात कही। इसके एवज में 10 लाख रुपये देने को कहा। उन्होंने जिला पंचायत सदस्य की बात पर विश्वास कर रुपये उनके खाते में डालने शुरू कर दिए। 2022 में उसने अपने खाते से ममता गंगवार के खाते में 4 लाख रुपये ट्रांसफर किए। इसके बाद 21 जुलाई 2022 से 29 जनवरी 2023 तक 31 बार में 6 लाख रुपये ट्रांसफर किए। आरोप है कि कुछ रुपये ममता ने बेटी हर्षिता के खाते में ट्रांसफर कराए। फरवरी 2024 में नियुक्ति पत्र दिलाने का उन्होंने विश्वास दिलाया, लेकिन मार्च बीत जाने के बाद भी नियुक्ति पत्र नहीं मिला। इसपर उन्होंने ममता गंगवार और हर्षिता गंगवार से अपने रुपये मांगे। आरोप है कि जिला पंचायत सदस्य, उनकी बेटी और एक अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुस आया। उनके साथ मारपीट कर धमकी दी। मामले की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की गई। एसएसपी के आदेश पर शाही पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य, उनकी बेटी और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

राजनीतिक द्वेष भावना के तहत छवि धूमिल करने के लिए आरोप लगाए जा रहे हैं। फर्जी मुकदमा लिखाया है। सौरभ समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता है। निष्पक्ष जांच में सब पता चल जाएगा। **-ममता गंगवार,** सदस्य जिला पंचायत

शाही : पुलिस मुठभेड़ में दो और उपद्रवी गिरफ्तार, 35 आरोपी भेजे जेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मुठभेड़ में सिपाही भी घायल, 65 से ज्यादा लोगों ने की थी मारपीट

अमृत विचार : थाना शाही क्षेत्र के गांव गौंसपुर में बवाल और पथराव करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने शनिवार देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी के पैर में गोली लगी है। मुठभेड़ में एक हेड कांस्टेबल भी घायल हो गया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में पुलिस अब तक 35 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

पुलिस के अनुसार संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान बिहारीपुर और भमोरा के बीच सरकारी नल के पास शनिवार रात 12:47 बजे ग्राम गौसगंज निवासी निजाकत अली बाइक से अपने दोस्त आलमगीर के साथ आ रहा था। दोनों पुलिस को देखते ही भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया तो फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई और आलमगीर के पैर में लगी। इस दौरान हेड कांस्टेबल नफीस अहमद भी घायल हो गया। पुलिस ने दोनों के पास से तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद की है। गौसगंज गांव में मुहर्रम वाले दिन एक धर्म स्थल के पास ढोल बजाने को लेकर विवाद हुआ था। इस पर एक पक्ष के लोगों ने जमकर मारपीट की थी। इसके बाद रात में महिला पर लेजर लाइट मारने का हीरा लाल, रुपचंद्र, लालता प्रसाद, रेवीराम, मनोहर लाल समेत अन्य लोगों ने विरोध किया तो अब्दुल गाली-गलौज करने लगा। उसके बाद लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। महिलाओं के साथ भी मारपीट की। इस मामले में 50 नामजद समेत 65 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसके अलावा थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने 75 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस अब तक 35 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

पुलिस मुठभेड़ में दो आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। अब तक 35 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। सभी आरोपियों की संपत्ति चिह्नित की जा रही है। जल्द ही आरोपियों के खिलाफ रासुका की कार्रवाई की जाएगी। **- मानुष पारीक,** पुलिस अधीक्षक दक्षिणी

गांव में तनाव देखते हुए पुलिस-पीएसी तैनात

गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। इसलिए पुलिस फोर्स के साथ पीएसी भी तैनात की गई है। पुलिस अधिकारी भी गांव में भ्रमण कर प्रधान और अन्य लोगों से बात कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक मानुष पारीक ने गांव में ही डेरा डाल रखा है और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य को लगातार वहां की स्थिति बता रहे हैं। वहीं दूसरे पक्ष की महिलाओं ने सौदागरान स्थित जमात रजा ए मुस्तफा के मुख्यालय आकर मदद की गुहार लगाई है। महिलाओं ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी शिकायत की।

सभी आरोपियों पर लगेगा रासुका, चलेगा बुलडोजर

बवाल करने के आरोपियों की संपत्ति चिह्नित की जा रही है। सभी आरोपियों पर रासुका लगाया जाएगा और उनके घरों पर बुलडोजर भी चलाया जाएगा। इसके लिए पुलिस रिपोर्ट तैयार कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य का कहना है कि जिले का माहौल खराब करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एक दरोगा समेत चार पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

शाही में दो समुदायों के बीच हुए बवाल में थाना प्रभारी की रिपोर्ट पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने दरोगा राधाकृष्ण, मुख्य आरक्षी राजवीर सिंह, आरक्षी सुहेल अहमद और आरक्षी मोहम्मद गुलफाम को लापरवाही बरतने के आरोप में लाइन हाजिर कर दिया। पूरे मामले की जांच के लिए एक टीम भी गठित की गई है।

नाथ कॉरिडोर के लिए हर साल 25 करोड़ देगा पर्यटन विभाग

सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की बैठक में बोले- क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी

सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की बैठक में मौजूद वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, पूर्व सांसद संतोष गंगवार। ● अमृत विचार

संवाददाता, सीबीगंज

- वनमंत्री ने सभी से पौधरोपण का आह्वान किया

अमृत विचार : नाथ कॉरिडोर जब तक तैयार नहीं होता, तब तक पर्यटन विभाग हर वर्ष 25 करोड़ रुपये निर्माण एजेंसी को देगा। विभाग अगले वर्ष कांवड़ यात्रियों के लिए कांवड़ आश्रय स्थल भी बनाएगा। यह बात रविवार को सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की जनरल बॉडी मीटिंग और पर्यटन नीति एवं पर्यावरण संरक्षण पर संगोष्ठी में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी बृजपाल सिंह ने कही।

सीबीगंज स्थित एक होटल में संगोष्ठी की शुरुआत वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार और पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार ने की। डॉ. अरुण कुमार ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सभी से एक पेड़ अवश्य लगाने की अपील की। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने भी विचार रखे।

विजय सिंह चीफ कंजर्वेटर वन विभाग, दीक्षा भंडारी प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी , सर्वेश्वर शुक्ला उपायुक्त उद्योग, रोहित सिंह क्षेत्रीय प्रबंधक प्रदूषण बोर्ड आदि ने पर्यावरण एवं पर्यटक नीति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब उद्यमी कैसिनो भी खोल सकेंगे। चैंबर अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि बरेली औद्योगिक नगरी दिल्ली, लखनऊ के बीच और उत्तराखंड जाने का प्रमुख रास्ता होने से पर्यटन इकाइयों का प्रमुख स्थल है। संचालन डॉ. नीरज सक्सेना ने किया। अमित महार्षि, दीपक मलिक, दिनेश कुमार अग्रवाल, मनोज गिरि, राकेश कुमार अग्रवाल आदि ने सहयोग किया। इस दौरान वीएस अग्रवाल, डॉ. मनीश शर्मा, उन्मुक्त संभव शील, डॉ. स्वतंत्र कुमार, उमेश धीरवानी, आकाश अरोड़ा, संजय अग्रवाल, वरुण गुप्ता, अमरप्रीत रेखी, केवी अग्रवाल, डॉ. एके राय, राजकुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

बीए और बीएससी जीव विज्ञान की आज जारी होगी चौथी मेरिट

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में बीए और बीएससी जीव विज्ञान प्रथम वर्ष की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए सोमवार को चौथी मेरिट जारी की जाएगी। वहीं तीसरी मेरिट में शामिल छात्रों को सोमवार दोपहर 3 बजे तक शुल्क जमा कर प्रवेश का एक और मौका दिया जाएगा। बीए की 18 फीसदी और बीएससी जीव विज्ञान की 22 फीसदी सीटें ही रिक्त रह गई हैं।

बीए, बीएससी और बीकॉम में 15 जुलाई से प्रवेश शुरू हुए हैं। अब तक तीन मेरिट जारी की जा चुकी हैं। बीए की 1840 सीटों में अब तक 1504 पर प्रवेश हो चुके हैं और 336 सीटें रिक्त रह गई हैं। इसके अलावा बीएससी जीव विज्ञान की 720 सीटों में 556 पर प्रवेश हो चुके हैं और सिर्फ 164 शेष रह गई हैं। चौथी मेरिट जल्द आएगी और इसके बाद ज्यादातर सीटें फुल होने की संभावना है। इसके बाद भी सीटें रिक्त रहती हैं तो दूसरे चरण में पंजीकृत छात्रों को मौका दिया जाएगा।

- बीए की 18 और बीएससी जीव विज्ञान की सिर्फ 22 फीसदी सीटें शेष
- तीसरी मेरिट में शामिल छात्रों को सोमवार दोपहर 3 बजे तक प्रवेश का मौका

बीएससी गणित और बीकॉम में सीटें खाली

वहीं बीएससी गणित और बीकॉम की अभी सीटें खाली हैं। बीकॉम की 1040 सीटों पर अभी 634 प्रवेश हुए हैं और 406 सीटें खाली हैं और बीएससी गणित की 880 सीटों में 430 पर प्रवेश हुए हैं और 450 खाली हैं।

आर्य समाज मंदिर के निर्वाचन में सुशील चुने गए प्रधान

बरेली, अमृत विचार : बिहारीपुर स्थित आर्य समाज मंदिर में नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी तेज गुप्त की देखरेख में हुए चुनाव में सुशील अग्रवाल को प्रधान चुना गया। ओमकार आर्य और रोहिताश आर्य उप प्रधान रहे। डॉ. राम कुमार आर्य को मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा उपमंत्री का दायित्व शशि भूषण अग्रवाल व सचिन सक्सेना को, पुस्तकालय अध्यक्ष का वेद भानु आर्य व भगवान दास को तथा अधिष्ठाता व आर्य वीर दल का दायित्व महेश कुमार आर्य को दिया गया। निर्वाचन प्रक्रिया में डॉ. आलोक सेठ, विनय सक्सेना, दीपक गोयल, भगवान दास आर्य, अशोक प्रधान आदि ने भाग लिया।

खाद के ट्रकों का आवागमन नहीं होगा बंद

बरेली, अमृत विचार : खरीफ का सीजन चल रहा है। धान की फसल के लिए किसानों को खाद की जरूरत है। ऐसे में इफ्को प्लांट, आंवला एवं रैक प्वाइंट तक खाद के ट्रकों का आवागमन बंद न हो, बिना रुके किसानों को इसकी आपूर्ति जारी रहे, इसको लेकर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने यातायात पुलिस को निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने कहा है कि सावन में मार्गों पर कांवड़ यात्रियों का आवागमन अधिक होगा। उनकी सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रक आदि के लिए रूट डायवर्ट किया गया है। भारी वाहनों के लिए रास्ते बंद भी किए जा सकते हैं। धान की फसल के लिए किसानों को खाद की जरूरत होगी। इसको देखते हुए इफ्को प्लांट आंवला एवं रैक प्वाइंट से साधन सहकारी समितियों और पीसीएफ बफर गोदाम परसाखेडा एवं उर्वरक बिक्री केंद्र पर जाने और आने वाले खाद के ट्रकों को न रोका जाए।

चार डग्गामार वाहनों को किया सीज

बरेली, अमृत विचार : परिवहन विभाग ने रविवार को अवकाश के दिन भी डग्गामार वाहनों के खिलाफ चेकिंग की। चेकिंग के लिए दूसरे जिलों से अधिकारी बुलाए गए। पीटीओ मो. आरिफ खान ने एक ओवरलोड ट्रक को सीज किया। इसके अलावा सेटेलाइट बस अड्डे के पास से सवारी भरने वाले तीन डग्गामार वाहनों को सीज किया और दो निजी वाहनों के चालान किए। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि शहर में लगातार अभियान चलाकर डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है।

उर्वरक-बीज बिक्री के लाइसेंस के लिए ऑनलाइन करें आवेदन

बरेली, अमृत विचार : जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने बताया कि उर्वरक एवं बीज बिक्री का व्यापारी करने के लिए लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया ऑनलाइन है। इसके लिए किसी भी कामन सर्विस सेन्टर (सीएससी), साइबर कैफे, विभागीय पोर्टल ww.upagriculture.com या निवेश मित्र पोर्टल पर सीधे आवेदन किया जा सकता है। पोर्टल पर अभिलेख अपलोड करने के बाद सत्यापन किया जाएगा। लाइसेंस शुल्क भी ऑनलाइन जमा होगी। यदि दलाल या फिर कार्यालय में इससे जुड़े कार्य के लिए धनराशि की मांग की जाती है तो सूचना दें। संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा।


बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर

डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
- उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
- सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
- मेडिक्लेम, बीमा योजना
- आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
- पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
- प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
- रसौली, बांझपन की जाँच
- बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
- मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
- सभी प्रकार की सर्जरी
- पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
- ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
- ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
- हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai

नाक, कान व गला एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय (सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 07:30 बजे से 9 बजे तक
हर मंगलवार फ्री परामर्श रजिस्ट्रेशन ₹50/-
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
वी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

WE CURE WITH CARE
SRI SUPRABHA GI VENUS NURSING HOME
13 वर्षों का अनुभव
डॉ. सरिता शर्मा
MBBS, (Gold Medalist) DGO
प्रसूति, स्त्री रोग एवं बाँझपन रोग विशेषज्ञ
समय 10 बजे से 3 बजे तक, शाम 6 बजे से 7 बजे तक

उपलब्ध सुविधायें
● नार्मल डिलीवरी को प्राथमिकता ● दवाईयों द्वारा गर्भपात एवं नसबन्दी की सुविधा ● दर्द रहित प्रसव की सुविधा ● बच्चेदानी की रसौली ● माहवारी की समस्यायें ● बांझपन का इलाज ● गर्भाशय में कैंसर की जाँच एवं प्राथमिक इलाज
सनराईज एन्क्लेव (निकट एलिस ग्रीन बैंकेट हॉल), डोहरा रोड, बरेली
फोन : 0581-7963213, 9568303926

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन

डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत
मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT, VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

नौकरी छोड़कर शुरू किया स्टार्टअप, अब दूसरों को दे रहे रोजगार

पीलीभीत के हितेश बरेली में रहकर विदेश में भी दे रहे सेवाएं, इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राएं पा रहे आकर्षक वेतन

उड़ान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अगर कुछ करने का जज्बा हो तो रास्ते भी आसान हो जाते हैं। नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू करने वाले हितेश कुमार ने कुछ ऐसा ही कर दिखाया है। उन्होंने छोटे स्टार्टअप से बड़ी कंपनी खड़ी कर दी है और अब वह दूसरों को भी रोजगार दे रहे हैं। शहर में किस दुकान से शादी के लिए खरीदारी करें, जहां आकर्षक छूट मिल रही है। नया मकान बनाना है तो बिजली फिटिंग का सामान कहां से छूट के साथ लें, वह शहरवासियों की इस दुविधा को दूर करने के लिए सॉफ्टवेयर विकसित कर स्थानीय स्तर के वेंडरों को जोड़ने का काम स्टार्टअप के जरिए कर रहे हैं। उन्होंने 5 लाख रुपये से स्टार्टअप शुरू किया था, आज उनकी कंपनी का टर्नओवर 10 करोड़ रुपये से अधिक है।

पीलीभीत निवासी हितेश शहर स्थित महानगर टाउनशिप में अपनी कंपनी चला रहे हैं। वह स्टार्टअप के जरिए बरेली में बैठकर विदेश में भी सेवा दे रहे हैं। उन्होंने टीसीएस सहित कई कंपनियों में 15 साल काम किया और फिर स्टार्टअप के जरिए युवाओं को जोड़ने की मंशा से नौकरी छोड़ दी और यहां आकर पहले अकेले काम किया। अब कंपनी की सीईओ बनकर युवाओं को जोड़कर उन्हें रोजगार दे रहे हैं। उन्होंने चार साल पहले काम शुरू किया था। अब उनकी कंपनी में 50 से 60 कर्मचारी हैं। हितेश के अनुसार कंपनी के साथ जुड़े युवा अमेरिका की बड़ी इंश्योरेंस कंपनी के अलावा कनाडा, यूरोप की कंपनियों के साथ भी काम कर रहे हैं। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिला है। वह बताते हैं कि छोटी राशि के साथ शुरू किया यह स्टार्टअप आज बड़े स्तर पर पहुंच चुका है। उनकी कंपनी में काम करने वाले लोग 60 से 90 हजार महीना वेतन उठा रहे हैं।

महानगर टाउनशिप में चल रही स्टार्टअप कंपनी में कार्यरत युवा। ● अमृत विचार

मांग के अनुरूप तैयार करते हैं सॉफ्टवेयर

हितेश बताते हैं कि वह कंपनियों की मांग के अनुसार नए-नए साफ्टवेयर बनाते हैं। अभी तक बड़ी कंपनियों के साथ टाइअप था, अब वह लोकल वेंडर्स को जोड़कर स्थानीय स्तर पर भी रोजगार दे रहे हैं। फिलहाल लखनऊ और वाराणसी के होलसेल व्यापारी उनसे जुड़े हैं। अब उनसे जुड़े होलसेल व्यापारी का कर्मचारी रिटेल व्यापारी से डिमांड लेने के लिए डायरी लेकर नहीं विकसित किए गए एसएएएस (सास) साफ्टवेयर के साथ बाजार में जाता है।

शहर के तमाम इंजीनियरिंग कॉलेजों के छात्र भी जुड़े

शहर में कई इंजीनियरिंग कॉलेज हैं। यहां से बीटेक करके निकले युवा भी यहां नौकरी कर रहे हैं। हितेश बताते हैं कि उनकी कंपनी ने स्थानीय कॉलेजों के कई छात्रों का हायर करके यहीं नौकरी दी है। यहां तैनात युवाओं को आकर्षक वेतन मिल रहा है। स्टार्टअप ने आज कंपनी का रूप ले लिया है। इससे तमाम लोगों को रोजगार मिला है।

गुरुपूर्णिमा : पूजा कर किया गुरु का वंदन

नगर के मंदिरों में सुबह से रही धूमधाम, भजन संध्या का भी हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रविवार को गुरुपूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने गुरु की वंदना कर उनका आशीष प्राप्त किया। इसके साथ ही मंदिरों में भी पूजा-अर्चना की गई। शहर के तमाम मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने विधिवत फल, फूल, मिष्ठान, भोजन, वस्त्र आदि का भोग अपने आराध्य को लगाया और पूजन किया। शाम को मंदिरों में विधिवत आरती और गुरु को समर्पित भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तमाम मंदिरों एवं विभिन्न स्थानों पर भंडारे भी किए गए।

● **सुबह से ही मंदिरों में बढ़ने लगी थी रौनक श्रद्धालुओं ने आराध्य देव की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की**

डोहरा रोड स्थित मां मनोकामना वैष्णो धाम मंदिर में गुरु पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। मंदिर में विशाल भंडारा भी किया गया। पं. रमाकांत दीक्षित, देव, यश, विजय अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, अनुराग, शीतल यादव, मीनू शर्मा, आद्या, छाया दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

श्री हरि मंदिर में पूजन के लिए उमड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

हरिमंदिर में भी भक्तों ने किया पूजन-अर्चन

मॉडल टाउन स्थित श्रीहरि मंदिर में गुरुदेव हरमिलापी महाराज का पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ भजन-कीर्तन कर गुरु का गुणगान किया। मंदिर समिति अध्यक्ष सतीश खट्टर, गोविंद तनेजा, मंदिर समिति सचिव रवि छाबड़ा आदि उपस्थित रहे।

रामायण मंदिर में भी हुआ कार्यक्रम

माधवबाड़ी स्थित श्री रामायण मंदिर में गुरुपूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अनुयाइयों ने आध्यात्मिक गुरु योगेश महाराज की चरण वंदना कर आरती उतारी। श्रद्धालुओं ने गुरुवंदना कर हरिनाम संकीर्तन किया। काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

शिवशक्ति मंदिर में सुंदरकांड का पाठ

गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में पंजाबी महासभा की महिला इकाई व हरमिलाप शिव शक्ति महिला मंडल के सदस्यों ने संयुक्त रूप से हरमिलाप शिव शक्ति मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया। इस अवसर पर सब को सुंदरकांड की पुस्तक प्रदान की गई। सनातन नारी शक्ति ध्वजा वाहिका सपना गोयल के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पंजाबी महासभा की महिला इकाई की अध्यक्ष मनीषा आहूजा, रचना आनंद, सिम्मी आनंद, पूनम अरोरा, रश्मि सरपाल, बलविंदर कौर, भावना सेठी, कृष्णा नागपाल आदि उपस्थित रहीं।

झिड़ी धाम में मनाया गुरुपूर्णिमा का पर्व

झिड़ी धाम में वैष्णो बुआ दाती संकीर्तन मंडल की ओर से गुरुपूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने गुरुदेव को फल, मिष्ठान एवं उपहार देकर उनका आशीष प्राप्त किया। भजन गायक जगदीश भाटिया, देवेंद्र दुआ, संगीता कपूर, विनीत अरोड़ा, प्रेम भाटिया आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

बाबा श्याम का किया महाभिषेक

शिरडी साईं सर्वदेव मंदिर में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भक्तों ने बाबा श्याम का महाभिषेक किया। विधिवत पूजा-अर्चना के साथ सुबह से आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

पूजन के साथ गुरु के स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना

बरेली, अमृत विचार : श्याम परिवार की ओर से मारवाड़ी गंज स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर में गुरुपूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिष्यों ने अपने गुरु नंद किशोर शर्मा की वंदना कर उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए कामना की। इस अवसर पर आयोजित भजन संध्या में भजन गायक राहुल जौहरी, कुक्की अरोरा और अंकुश अग्रवाल ने एक से बढ़ कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की धुन पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर थिरकते-झूमते रहे। नरेंद्र मित्तल, राम औतार, सुरेश गुप्ता, आनंद स्वरूप, नीरज, बीएम सोनी आदि उपस्थित रहे।

अनुयायियों ने गुरु की वंदना कर प्राप्त किया आशीर्वाद

बरेली, अमृत विचार : गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में आर्ट ऑफ लिविंग चैप्टर बरेली की ओर से रेलवे स्टेशन रोड स्थित होटल में ध्यान, ज्ञान और भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुयायियों ने आर्ट ऑफ लिविंग गुरु श्वेत कुनारा, प्रीति नुनियाल, अमित नारनोली व पूजा नारनोली की वंदना कर आशीष प्राप्त किया। इसके साथ ही बच्चों ने सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राएं प्रस्तुत कीं, जिस पर उन्हें लोगों की खूब सराहना मिली। भजन गायक अमित चित्कारा ने अपने भजनों से सब को भाव विभोर कर दिया। वीडीएस कोऑर्डिनेटर ने बताया कि शिक्षक शिक्षा देते हैं, लेकिन गुरु हमें दीक्षा देते हैं। गुरु हमें जानकारियों से नहीं भरते, बल्कि हमारे भीतर जीवनी शक्ति को जगाते हैं। इस दौरान आध्यात्मिक गुरु रवि शंकर की आवाज में चल रहे निर्देशों पर लोगों ने ध्यान का अभ्यास किया। मीडिया कोऑर्डिनेटर सौरभ मेहरोत्रा, अविरल, अक्षत, अनन्या, नित्यम, अथर्व आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में साहित्यकारों को किया सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत की ओर से रविवार को प्रभात नगर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका आरंभ उमेश गुप्ता ने सरस्वती वंदना से किया। इस अवसर पर परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश बाबू मिश्रा व रोहित राकेश ने बरेली इकाई के साहित्यकारों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। संचालन निरुपमा अग्रवाल ने किया। डॉ. बृजेश कुमार ने गुरु पूर्णिमा पर कविता पढ़ी। मोहन चंद पांडे ने कबीर दास का भजन प्रस्तुत किया।

11 अगस्त को आईएमए कराएगा फुटबॉल टूर्नामेंट

खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया के दौरान मंचासीन आईएमए के पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : आईएमए की ओर से फुटबॉल टूर्नामेंट फुटसोल लीग का आयोजन 11 अगस्त को कैंट स्थित साईं स्टेडियम में किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में जिले के 18 अस्पतालों की टीमें भाग लेंगी। रविवार को खिलाड़ियों के चयन के लिए आईपीएल की तर्ज पर सांकेतिक नीलामी समारोह का आयोजन किया गया।

आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल ने बताया कि समारोह में हर टीम के चेयरमैन और कप्तान उपस्थित रहे। खिलाड़ियों की बढ़-चढ़ कर बोली लगी। समारोह का संचालन फुटसोल लीग के कन्वीनर डॉ. आरके सिंह, डॉ. ऋतु राजीव, डॉ. वीवी सिंह ने किया। इस अवसर पर आईएमए सचिव डॉ. गौरव गर्ग, चेयरमैन स्पोर्ट्स कमेटी डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष डॉ. निकुंज गोयल, डॉ. ऋतु राजीव, डॉ. अनुजा सिंह, डॉ. मनोज हिरानी, डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. शिवम काम्थान, डॉ. पारुल सक्सेना, डॉ. शालिनी माहेश्वरी, डॉ. मुरलीधर छाबड़िया, डॉ. अनीस बेग, डॉ. विनोद राठौर, डॉ. रुचि श्रीवास्तव, डॉ. शशांक मिश्रा व डॉ. विश्वदीप आदि उपस्थित रहे।

नागरिक सुरक्षा कोर, रामपुर बाग पोस्ट ने लगाए पौधे

बरेली, अमृत विचार : नागरिक सुरक्षा कोर, रामपुर बाग पोस्ट की ओर से रविवार को बिशप मंडल विद्यालय में पौधरोपण किया गया। इस दौरान स्टाफ अधिकारी डॉ. चारु मेहरोत्रा ने कहा कि हम विकास के नाम पर इन वृक्षों को जितनी संख्या में काट रहे हैं, उतनी संख्या में नए पौधे नहीं लगाए जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। डिप्टी डिविजनल ऑफिसर दिनेश यादव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर पोस्ट वार्डन हरपाल सिंह, अनिल शर्मा, प्रवीण शर्मा प्रेम, मोहम्मद सलीम आदि उपस्थित रहे।

ब्लू स्ट्राइकर्स को पराजित कर फ्रेंड्स क्लब ने जीता मैच

बरेली, अमृत विचार : सीबीगंज स्थित खलीफा एकेडमी में चल रहे टी-20 लीग मैच में रविवार को ब्लू स्ट्राइकर्स और फ्रेंड्स क्लब के बीच मुकाबला हुआ। ब्लू स्ट्राइकर्स के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। फ्रेंड्स क्लब की टीम ने राहुल मंडल के 31 रन की मदद से सात विकेट खोकर 148 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी फ्रेंड्स क्लब की टीम ने 19.1 ओवर में आठ विकेट खोकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच शिव को दिया गया, जिन्होने तीन विकेट लिए और 33 रन बनाए। मुख्य अतिथि अमन बजाज, रवि भदौरिया, शिखर गुप्ता, रिजवान रजा, जैनुल अंसारी आदि उपस्थित रहे।

टैक्स में वेतनभोगियों को मिले राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को संसद में बजट पेश करने वाली हैं। बजट से वेतनभोगियों को भी काफी उम्मीदें हैं। उनका कहना है कि टैक्स में राहत दी जाए।

● **बजट से बैंक और बीमाकर्मियों को हैं काफी उम्मीदें**

इस बार सीनियर सिटीजन को बजट से उम्मीद है कि कोरोना काल के समय में जो रेल रियायत बंद की गई थी, उसे फिर से शुरू करने की घोषणा की जा सकती है।
-संजीव मेहरोत्रा

वित्तवर्ष 2024 में अधिकांश सार्वजनिक उपक्रमों ने अच्छा लाभ कमाकर दिया है। सरकार को इन्हें और अधिकार देने की जरूरत है। **-रमीज अली**, उपाध्यक्ष यूपी बैंक इम्प्लाइज यूनियन बरेली

पहले कर्मचारी 12 माह में से करीब 15 दिन का वेतन टैक्स के रूप में देता था, वर्तमान में 3.5 महीने की सैलरी टैक्स में चली जाती है। बजट में सरकार इस ओर ध्यान दे।
-पीके माहेश्वरी, बैंककर्मी

न्यू रिजीम में टैक्स लिमिट कम से कम 8 लाख होनी चाहिए। इससे वेतनभोगियों को राहत मिलेगी।
-नवींद्र कुमार, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

दैनिक उपभोग की वस्तुओं पर जीएसटी कम कर महंगाई से राहत दी जाए। बेरोजगारी दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।
-गीता शांत, महामंत्री बीमा कर्मचारी संघ

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बिखरी पहाड़ी संस्कृति की छटा

सीबीगंज, अमृत विचार : अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा की ओर से सरस्वती स्कूल में हरेला महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें पहाड़ी संस्कृति की छटा देखने को मिली।

कार्यक्रम का उद्घाटन वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण ठीक न होने के कारण आज पूरी दुनिया में विपरीत परिस्थितियां पैदा हो रही हैं। इससे पहले कि हालात बिगड़ें, हमें संभलना होगा। उन्होंने सब से एक पेड़ मां के नाम से लगाने की अपील की। पूरन दानू, जगदीश आर्या व आनंद रेथियल द्वारा पर्वतीय लोकगीत प्रस्तुत किए गए, जिन्हें सुनकर सभी मंत्रमुग्ध हो उठे। इस अवसर पर कर्नल एमसी पंत को नागरिक अभिनंदन व डॉ. संदीप सरन को वृक्ष मित्र सम्मान प्रदान किया गया। वृद्ध जनों का अभिनंदन किया गया, जिसके बाद प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंशा मिश्रा ने किया।

● **अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम**

कार्यक्रम में वृक्षमित्र को सम्मानित करते वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार। ● अमृत विचार

अध्यक्ष दामोदर लोहनी व संरक्षक जेसी काला ने सब का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चंदन सिंह नेगी, सतीश नेथानी, पुष्कर राना, सुबोध खर्कवाल, अभिजीत नेगी आदि उपस्थित रहे।

नीट : हाई मेरिट होने से सरकारी कॉलेज मिलने की राह मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली में 17 केंद्रों पर 12 हजार से अधिक बच्चों ने दिया था नीट
- 600 से 650 के बीच अंक लाने वाले छात्रों की संख्या सौ से कम

अमृत विचार : नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से नीट का शहर और केंद्रवार घोषित परिणाम में जिले में 600 से 650 के बीच अंक लाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 100 से कम रही। 60-65 छात्र ही 650 से अधिक अंक ला सके। किसी के भी 700 से ऊपर अंक नहीं आए। परीक्षार्थियों के माइनस अंकों की संख्या भी अधिक रही। विशेषज्ञों के अनुसार मेरिट हाई होने से इस बार 650 अंक पाने वाले विद्यार्थियों को भी सरकारी कॉलेज मिलना मुश्किल लग रहा है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार 5 मई को बरेली में 17 केंद्रों पर 12 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। 4 जून को परिणाम जारी होने के साथ ही देश भर में विरोध देखने को मिला था। कई अभ्यर्थियों की ओर से परीक्षा में धांधलेबाजी को लेकर तमाम साक्ष्य भी प्रस्तुत किए गए थे। वर्तमान में यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। शनिवार को बेवसाइट पर अंक जारी होने के बाद बरेली में परिणामों में कोई धांधलेबाजी नजर नहीं आई। विशेषज्ञों का कहना है कि जिन छात्रों को 650 या अधिक अंक मिले हैं, उन्हें सरकारी कॉलेज मिल सकता है। इस संबंध में एनटीए के समन्वयक वीके मिश्रा ने बताया कि अदालत के आदेश पर परिणाम घोषित किया गया है। परिणाम सार्वजनिक है और कोई भी देख सकता है। बरेली में नीट पूरी तरह पारदर्शिता से संचालित हुआ।

स्कूलों में शोपीस बन कर रह गए पंखे

शिक्षक बोले, सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक ठप रहती है बिजली सप्लाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

हरुनगला स्थित स्कूल में बाहर बैठकर पढ़ाई करते बच्चे। ● अमृत विचार

- परिषदीय विद्यालयों में बिजली संकट के कारण गर्मी में परेशान हो रहे बच्चे

अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों में बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए तमाम कवायद की जा रही है, लेकिन विभागीय शिथिलता के चलते उन्हें मूल सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। इन दिनों भीषण गर्मी और उमस से स्कूली बच्चे बेहाल हैं। स्थिति यह है कि स्कूलों में बच्चों को पंखे की हवा भी नहीं मिल पा रही है। ऐसे में गर्मी के कारण होने वाली तमाम बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

नगर के कुछ स्कूलों के साथ ही दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में उमस भरी गर्मी के चलते आए दिन बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। जिले में 2483 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। शिक्षकों का कहना है कि दिन में लाइट नहीं आने के कारण स्कूल के पंखे भी नहीं चलते। बच्चों को धूप में बाहर भी नहीं बैठाया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन केबल चोरी होने से भी स्कूलों में बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। शिक्षकों का कहना है कि सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति नहीं होने से भी पंखे नहीं चल पाते । ऐसे में गर्मी के चलते बच्चों को परेशान होना पड़ता है। बच्चों को बीमार होने पर तत्काल उनके अभिभावकों को बुला कर उनके साथ उपचार के लिए भेजना पड़ रहा है।

बिजली विभाग के अधिकारियों से बात करेंगे बीएसए

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि स्कूलों में शिक्षण अवधि में बिजली आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को पत्र जारी करने के साथ ही उनसे समन्वय स्थापित कर इसके लिए कहा जाएगा। हालांकि पहले भी इस संबंध में पत्र भेज कर आपूर्ति बाधित नहीं करने की मांग की गई है। इसके अलावा जिन स्कूलों में हवादार खिड़कियां नहीं हैं, उनमें खिड़की और रोशनदान लगवाने के निर्देश भी प्रधानाध्यापकों को दिए गए हैं।

कहीं पेयजल संकट तो कहीं पर हो रही पानी की बर्बादी

खुशबू एन्क्लेव के बाहर 20 दिनों से खुदी पड़ी है पाइप लाइन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पीलीभीत बाईपास रोड स्थित खुशबू एन्क्लेव के बाहर पानी की पाइप लाइन 20 दिन से खुदी पड़ी है। यहां पानी की बर्बादी हो रही है। वहीं, खुर्रम गौटिया समेत कई मोहल्लों में पाइप लाइन की मरम्मत नहीं हो पाई है। इस वजह से लोगों को पेयजल समस्या से जूझना पड़ रहा है।

खुर्रम गौटिया के लोगों ने बताया दो महीने से पानी की सप्लाई नहीं आ रही है। पुरानी पाइप लाइन से सप्लाई बंद है। नई पाइप लाइन के लिए खोदाई की जा रही है। पेयजल की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। मोहल्ले के विमल, मोंटू, मोहम्मद सलीम, संजू,गोलू आदि के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। नगर निगम में अफसरों के चक्कर लगाने के बाद भी समस्या बनी हुई है। इसी तरह की समस्या मुंशी नगर में है। यहां भी पाइप लाइन का कार्य पूरा नहीं हो सका है। तमाम घरों में पेयजल समस्या है। जगतपुर, हजियापुर में भी पानी की सप्लाई बाधित हो चुकी है।

ऋण लेकर पूरा कर रहे घर का सपना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- इस वित्तीय वर्ष में अब तक 4,935 लोगों ने लिया 697 करोड़ रुपये का ऋण

अमृत विचार : बैंकों से ऋण लेकर अपने घर के सपने को पूरा करने वालों की संख्या जिले में तेजी से बढ़ रही है। इसमें साल दर साल इजाफा हो रहा है। स्थिति यह है कि पिछले वित्तीय वर्ष में जहां 3700 लोगों को गृह ऋण आवंटित किया गया था, वहीं इस वर्ष 4,935 लोगों ने बैंकों से 697 करोड़ रुपये का ऋण लिया है। लोन की अदायगी की स्थिति बेहतर होने की वजह से बैंकों की ओर से लोगों को सहयोग किया जा रहा है।

एलडीएम कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार इस वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में करीब 889 लोगों को 171 करोड़ रुपये का ऋण आवंटित किया गया। यह तृतीय तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) की तुलना में 21.71 प्रतिशत अधिक है। वहीं अब तक जिले में कुल 28,268 लोगों को 3456.63 करोड़ रुपये का ऋण आवंटित किया गया है। इस संबंध में एसबीआई के ऋण विभाग के ऋषभ ने बताया कि बैंकों की ओर से गृह ऋण देने से पहले लेने वाले की वित्तीय स्थिति का आंकलन किया जाता है। अदायगी में सक्षम होने वाले को ही ऋण उपलब्ध कराया जाता है। कर्मचारियों से उनके वेतन का ब्योरा लिया जाता है, जबकि कारोबारियों को अपना इनकम टैक्स रिटर्न बैंक को बताना पड़ता है। इसके अलावा जिस जमीन पर गृह ऋण लिया जाता है, उसका संबंधित प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत होना भी जरूरी होता है। साथ ही ऋण की अदायगी होने तक संबंधित संपत्ति को बेचा भी नहीं जा सकता है। इसके लिए बैंक से अनुमति लेना जरूरी होता है।

एलडीएम वीके अरोड़ा ने बताया कि बैंक के मानकों पर खरा उतरने वालों को तत्काल गृह ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। यह ही वजह है कि गृह ऋण लेने वालों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इस ऋण पर बैंकों की ओर से साढ़े सात से साढ़े आठ प्रतिशत तक ब्याज वसूला जाता है। गृह ऋण की अदायगी की स्थिति भी बेहतर है।

महासंघ से तीन पदाधिकारी निष्कासित

प्रेसवार्ता में उपस्थित जिलाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला व अन्य पदाधिकारी ।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिलाध्यक्ष ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी, संगठन विरोधी कृत्यों का आरोप

अमृत विचार : राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला कार्यकारिणी में लंबे समय से चल रही जद्दोजहद के बाद आखिरकार जिला महामंत्री विनोद कुमार, कोषाध्यक्ष पुष्कर उपाध्याय और संगठन मंत्री जितेंद्र पाल सिंह को बाहर कर दिया गया है। संगठन के प्राथमिक संवर्ग की प्रदेश कार्यकारिणी की ओर से जारी पत्र के अनुसार इन तीनों को इससे पहले संगठन विरोधी कृत्यों के कारण निलंबित किया गया था। इसके बावजूद पदाधिकारियों ने समाचार पत्रों में भ्रामक सूचनाएं प्रकाशित कराई थीं।

प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पदाधिकारियों को पहले भी कई बार चेतावनी दी गई थी, लेकिन वे लगातार संगठन विरोधी कृत्य करते रहे। रविवार को इस संबंध में जिलाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला की ओर से पीलीभीत रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इसमें उन्होंने बताया कि अनुशासनहीनता और संगठन विरोधी कृत्यां को लेकर प्रदेश स्तर से पहले भी कई बार उन्हें चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद वे संगठन विरोधी कार्यों में लिप्त रहे। इसके अलावा फर्जी तरीके से जिलाध्यक्ष को हटाकर संगठन मंत्री ने स्वयं को कार्यकारी जिलाध्यक्ष घोषित कर दिया था। बताया कि इस प्रकार की संगठन विरोधी घोर अनुशासनहीनता पर उन्हें निष्कासित कर दिया गया है।

वहीं दूसरी ओर निष्कासित पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह का पत्र असंवैधानिक है। इसमें महामंत्री का भी हस्ताक्षर होना चाहिए।

संस्कृत विद्यालय का भवन हुआ जर्जर 15 किमी दूर चौबारी में किया शिफ्ट

प्रशांत पांडेय, बरेली

बिहारीपुर स्थित आयुर्वेदिक संस्कृत विद्यालय का जर्जर हो चुका है भवन।

- तीन साल से भवन में नहीं हो रहा शिक्षण कार्य, प्रधानाचार्य सहित कुल चार शिक्षक

अमृत विचार : देश की आजादी से पूर्व 1926 में बिहारीपुर में स्थापित जिले के पहले बृजमोहन लाल आयुर्वेदिक संस्कृत विद्यालय में कक्षाओं का संचालन बंद करा दिया गया है। आने वाली पीढ़ियों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध हो सके, इस उद्देश्य से इस स्कूल का निर्माण कराया गया था। विभागीय अधिकारियों के अनुसार भवन के जर्जर होने के कारण अब चौबारी क्षेत्र में इसका संचालन कराया जा रहा है। विभाग की ओर से शिक्षकों की संविदा के तौर पर तैनाती बिहारीपुर स्थित स्कूल के नाम और पते के आधार पर ही की गई है।

देवभाषा कही जाने वाली संस्कृत को विकसित करने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से अनेक जागरूकता अभियान और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। 2016 से यह स्कूल चौबारी के जयदेवी संस्कृत माध्यमिक विद्यालय में संचालित किया जा रहा है। अब तक इसके जर्जर भवन की मरम्मत नहीं कराई गई है। ऐसे में यहां पंजीकरण कराने वाले छात्रों को पढ़ने के लिए 15 किमी दूर चौबारी के स्कूल में जाना पड़ता है। कई छात्र उचित संसाधन नहीं होने के कारण वहां तक रोज नहीं जा पाते। स्कूल में शिक्षण व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से दूसरे स्कूल के प्रधानाचार्य को सौंपी गई है। तीन शिक्षकों की यहां तैनाती की गई है। चौबारी के स्कूल में 115 छात्र पंजीकृत हैं। बिहारीपुर के स्कूल में अब तक 35 छात्रों का ही पंजीकरण हुआ है।

> इस सत्र से स्कूल का संचालन बिहारीपुर में ही कराया जाएगा। स्कूल की मरम्मत के लिए प्रधानाचार्य व प्रबंधन से पहले ही कह दिया गया था। इससे पहले स्कूल भवन की स्थिति ठीक नहीं होने के कारण यहां से छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए चौबारी में कक्षा संचालन को कहा गया था।
>
> **-जसवंत सिंह**, मंडलीय उपनिरीक्षक, संस्कृत पाठशालाएं

रिजल्ट घोषित करने की मांग

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन की पीएचडी का री-आरडीसी का रिजल्ट दो महीने बाद भी घोषित नहीं हुआ है। समाजवादी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव और रिसर्च स्कॉलर फैज मोहम्मद और रिसर्च स्कॉलर प्रशांत यादव ने मांग की है पीएचडी री-आरडीसी व्यवसाय प्रबंधन, विधि, गणित, अंग्रेजी, इतिहास, वाणिज्य आदि के परिणाम जल्द जारी किए जाएं।

एसआरएमएस रिद्धिमा में लोकगीतों से सजी शाम

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम लोक संगीत और लोक गीतों के नाम रही। कार्यक्रम की शुरुआत गायन के विद्यार्थियों में वंदना दुग्गल खन्ना, अंशुमा अग्रवाल, शालिनी पांडेय, नंदिता पाठक, गौरी गोयल, शोभित ने लोक गीत बेडू पाको बारो मासा से की।विद्यार्थी डा.अनुज कुमार ने फिल्म नदिया के पार के गीत कौन दिशा में ले के चला रहे बटुहिया को अपने स्वरों से सजाया। भरतनाट्यम गुरु रोबिन ने भूमि ओरू पूर्डनदोइतटर्डम पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। गायन गुरु प्रियंका ग्वाल और तनय भट्टाचार्य ने पिदाले पोलाशेर बोन को स्वर दिए। गुरु प्रियंका ग्वाल और अतिथि डॉ. इंदू परडल ने पल्ला सिपाइया डोगरियो को प्रस्तुत किया। अतिथि गायक डॉ.रीटा शर्मा ने सइयां मिले लड़काइयां को अपनी आवाज से सजाया। गायन गुरु केसरिया बालक आवो नि और प्रियंका ग्वाल ने ऐजा ऐजा रे योडाना का पार लोकगीत को अपने स्वर दिए। उमेश मिश्रा ने (सारंगी), सूर्यकांत चौधरी ने (वायलिन), टुकमनी सेन ने (हारमोनियम), हिमांश चंद्रा ने (मंडोलिन एवं बैंजो), सुमन विश्वास ने (तबला), अमर नाथ ने (ढोलक), सूरज पांडेय ने (बांसुरी), अनुग्रह सिंह ने (कीबोर्ड) के जरिये अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

स्वच्छताग्राही कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

बरेली, अमृत विचार : ग्रामीण स्वच्छताग्राही कर्मचारी संघ ने लंबित मांगों को पूरा कराने को लेकर मंत्री धर्मपाल सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। संघ के जिलाध्यक्ष नेमचंद ने बताया कि स्वच्छताग्राही कर्मचारियों ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत गांवों को खुले में शौचमुक्त बनाने के लिए दिन-रात मेहनत करके सरकार की मंशा को साकार किया। इसके बाद भी वे अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। ज्ञापन में स्वच्छताग्राहियों को ग्राम पंचायतों में बने आरआरसी सेंटर में तत्काल नियुक्त कर उन्हें उसके संचालन की जिम्मेदारी सौंपे जाने की मांग की है। इसके साथ ही पंचायती राज कर्मचारियों के सामान दर्जा देकर न्यूनतम वेतन देने की मांग भी की गई है।

ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे 50 खिलाड़ी

बरेली, अमृत विचार : कानपुर स्थित द स्पोर्ट्स हब स्टेडियम में तीसरी राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बरेली के भी खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जिला ताइक्वांडो यूथ क्लब के अध्यक्ष वीके अग्रिहोत्री व सचिव पुष्पेंद्र सागर ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इसमें बरेली के लगभग 50 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। मोहित ताइक्वांडो एकेडमी से 13, पुष्पेंद्र ताइक्वांडो एकेडमी से सात, तृषा ताइक्वांडो एकेडमी से 10, विद्या ताइक्वांडो एकेडमी से आठ, स्ट्रगल ताइक्वांडो एकेडमी से आठ, शिवा ताइक्वांडो एकेडमी से चार खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर कोच मोहित यादव, रोहित यादव, रघुवीर सागर, अनंत कुमार, मनोज कुमार, अनिल सागर, सुरेंद्र, जितेंद्र आदि ने चयन होने पर खिलाड़ियों को बधाई दी।

स्वास्थ्य मेलों में पहुंचे 3964 मरीज, 714 में त्वचा संक्रमण

बरेली ,अमृत विचार : मौसम में लगातार बदलाव होने से अनदेखी के चलते लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। रविवार को जिले के 71 स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित होने वाले जन आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में 3964 मरीज इलाज के लिए पहुंचे। इन मरीजों में सबसे अधिक 714 मरीज त्वचा रोग से ग्रसित मिले, जिनमें दाद, खाज, खुजली और त्वचा पर लालपन की शिकायत के मरीज अधिक थे।

वायरल बुखार की चपेट में 256 मरीज मिले। मरीजों के इलाज के लिए पर्याप्त संसाधन और दवाएं केंद्रों पर उपलब्ध रहीं। इस दौरान 14 बच्चे कुपोषण से ग्रसित भी मिले। स्टाफ ने इन बच्चों को जिला अस्पताल स्थित पोषण पुर्नवास केंद्र के लिए रेफर कर दिया। 104 मरीजों में मलेरिया के लक्षण होने पर रेपिड कार्ड से जांच की गई, लेकिन उनमें मलेरिया की पुष्टि नहीं हुई। इस संबंध में सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि बेहतर परामर्श के चलते लगातार स्वास्थ्य मेले में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए डॉक्टर और स्टाफ को निर्देशित भी किया जा रहा है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
● एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY
STAFF REQUIRED
Computer Operators
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Exp. Min. one year)
Salesman (For Medical Stores)
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)
Receptionist-2
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge good Typing Speed (Female Candidate)
PRO
Qualification: Graduation
Accountant
Qualification: B.Com., M.Com. Exp. 1 year
Salary No Bar for Deserving Candidates
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

Happy Birthday
to you Dear
Anshika Agnihotri
22nd July
From
Shubham Enterprises
Distributor :
Frooti, Bisleri
Shree Krishna Residency, Bareilly

सार-संक्षेप

काशान-ए-नूरी में सजी उर्स-ए-नूरी की महफिल

बरेली, अमृत विचार : दरगाह स्थित काशान-ए-नूरी में 44वें उर्स-ए-नूरी की महफिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आला हजरत ट्रस्ट के सदर मोहतिशिम रजा कादरी ने की। सुबह में फजर की नमाज के बाद कुरानख्वानी की गई, जिसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पूरा दिन जायरीन को लंगर बांटा गया। शाम को मगरिब की नमाज के बाद मिलाद-ए-पाक का आयोजन किया गया। रात में उलमा की तकरीर शुरू हुई। मुख्य तकरीर सैयद अहसन मियां ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुफ्ती आजम हिंद के पूरी दुनिया में लाखों मुरीद थे। उन्होंने लोगों को जोड़ने का काम किया। हमेशा खानकाही इत्तेहाद पर जोर दिया। जलसा देर रात तक चला। रात 1 बजकर 40 मिनट पर कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। फातिहा सैयद आले मुफ्तफा ने और दुआ सैयद अहसन मियां ने की। इस मौके पर पूर्व मंत्री अनीस अहमद, फूल बाबू, डॉ. अजमत उल्लाह, जक्कवान रजा कादरी, सैयद असद अली, आसिम खान, उवैस खान, हुमैर अली, सैयद शोएब अली, शानू साबिर, काशान हुसैन आदि उपस्थित रहे।

पूर्व सांसद ने किया पौधरोपण

बरेली, अमृत विचार : एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत रविवार को पूर्व सांसद संतोष गंगवार ने सरदार पटेल स्मारक कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास में पौधरोपण किया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरोत्तम दास मुन्ना, तरुण गंगवार, लाल बहादुर गंगवार, राहुल यदुवंशी, राज किशोर गंगवार, वीरेंद्र कुमार गंगवार, कुर्मी क्षत्रिय सभा के अध्यक्ष एड. केपी सेन गंगवार, रघुवीर गंगवार, आरसी लाल गंगवार, मूलचन्द्र गंगवार, मनोज गंगवार, मुनेन्द्र गंगवार आदि मौजूद रहे।

श्री रामचंद्र स्मारक आईटीआई में किया पौधरोपण

सीबीगंज, अमृत विचार : श्री रामचंद्र स्मारक आईटीआई में विभिन्न प्रजातियों के 230 पौधे लगाए गए। 114 फलदार, 90 छायादार व 28 औषधीय पौधे रोपे गए। इन पौधों को संस्थान के परिसर व हैदराबाद उर्फ खड़ौआ में रोपा गया। इस अवसर पर चेयरमैन देवेंद्र सिंह, ट्रस्टी जितेंद्र सिंह, सचिव सत्येंद्र सिंह, प्रधानाचार्य लाल सिंह, अनुदेशक कृपाल सिंह, इलियास अहमद, पायल, हरीशंकर, आकांक्षा सक्सेना, आयुषी सक्सेना, रंजीत, अमित यादव, नितिन यादव, अशोक व गौरव आदि उपस्थित रहे।

ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : बारादरी क्षेत्र में एक महिला ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए परेशान करने का आरोप लगाया है। महिला का पति कुवैत में नौकरी करता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सहसवानी टोला निवासी महिला फरीन परवीन ने बताया कि उनका निकाह वर्ष 2021 में अरशद से हुआ था। निकाह के बाद अरशद कुवैत नौकरी करने चले गए। उसके बाद सास रिहाना बी, जेठ असलम और अकरम दहेज के लिए आए दिन परेशान करने लगे। विरोध करने पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि मकान की पहली मंजिल पर उन्हें रखा गया, जहां पर शौचालय तक नहीं बना हुआ है। शनिवार को दोनों जेठ कमरे में आ कर गाली-गलौज किए। शोर मचाने पर लोग इकट्ठा हुए तो दोनों भाग गए।

सावन में रेलवे फाटकों की निगरानी करेगी आरपीएफ

बरेली, अमृत विचार : सावन में आरपीएफ रेलवे फाटकों की निगरानी करेगी। बरेली जंक्शन आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक विनीता कुमारी ने सभी रेलवे फाटकों पर अपना स्टाफ तैनात कर दिया है। उन्होंने सोमवार को फाटकों के आसपास आने वाले शिव भक्तों की सुरक्षा और संरक्षित रेल संचालन के लिए संबंधित चौकी इंचार्जों को निर्देशित दिए हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि खास तौर से रामगंगा रेलवे स्टेशन और यहां पड़ने वाली रेलवे फाटक पर खास नजर रखी जा रही है। इसके अलावा हेल्प डेस्क भी कांवड़ यात्रियों के लिए बनाई जा रही है। वहीं जीआरपी प्रभारी निरीक्षक ने भी रामगंगा में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

दहेज में बाइक और नकदी न मिलने पर पीटा

बरेली, अमृत विचार : थाना बारादरी थाना क्षेत्र में दहेज में बाइक और एक लाख नकद न मिलने पर महिला को ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। संजय नगर निवासी मालती के मुताबिक उनकी शादी वर्ष 2014 में गंगापुर निवासी उमेश से हुई थी। शादी में करीब तीन लाख रुपये खर्च हुए थे। पति और ससुराल वाले दहेज में बाइक और एक लाख रुपये लाने की मांग करते थे। विरोध पर उसके साथ मारपीट करते थे। आरोप है कि 23 जून को पति उमेश, जेठ रवि प्रकाश और वीरू ने गालीगलौज की। उसके बाद उनके बेटे दिव्यांश को अपने पास रोक लिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया।

भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

बरेली, अमृत विचार : गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान अपने-अपने क्षेत्र में गुरु परंपरा का निर्वहन करने वाले गुरुजनों का सम्मान किया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार के साथ पंडित सुनील शर्मा, शिवानंद, मनोज सक्सेना, डॉ. प्रतिभा सागर, डॉ. प्रीति गंगवार, पंडित हरिओम गौतम को सम्मानित किया गया।

बरेली जंक्शन पर ट्रेनें हुईं कैंसिल तो कैंट स्टेशन दौड़े यात्री

राज्यरानी, राजधानी, अवध असम, इंटरसिटी आदि ट्रेनें निरस्त, 30 ट्रेनों का संचालन प्रभावित, यात्री हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अमरोहा में मालगाड़ी बेपटरी होने के बाद रविवार सुबह तक ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। ट्रेनों को डायवर्ट कर कैंट स्टेशन से गुजारा गया तो बरेली जंक्शन पर इंतजार कर रहे यात्री परेशान होकर कैंट स्टेशन गए। राजधानी एक्सप्रेस, अवध असम एक्सप्रेस आदि ट्रेनें बरेली कैंट के रास्ते गुजारी गईं। ऐसे में दिल्ली की ओर आने और जाने वाली ज्यादातर ट्रेनें बरेली जंक्शन पर निरस्त रहीं। अप और डाउन लाइन की करीब 30 ट्रेनें प्रभावित हुईं।

बरेली जंक्शन पर रात को आने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें सुबह पहुंचीं। वहीं ऑटो वालों ने भी जमकर यात्रियों से अधिक रुपये वसूले। कुली भी जंक्शन से कैंट स्टेशन पहुंच गए। वहीं डिरेलमेंट साइट पर मदद के लिए बरेली से भी ऑपरेटिंग और रेलपथ विभाग का स्टाफ मदद के लिए भेजा गया था और दोपहर बाद ट्रेनों का संचालन सामान्य हो सका।

20505 राजधानी एक्सप्रेस, 15624 कामाख्या एक्सप्रेस को बरेली कैंट-चंदौसी-अलीगढ़-हरदुआगंज-गाजियाबाद के रास्ते चलाया गया। ये ट्रेनें बरेली जंक्शन पर निरस्त रही। 15910 अवध असम एक्सप्रेस गाजियाबाद-अलीगढ़-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ के रास्ते गुजारी गई। यह ट्रेन बरेली जंक्शन पर निरस्त रही। 22454 राज्यरानी एक्सप्रेस भी डायवर्ट होने के कारण निरस्त रही। वहीं 15624 कामाख्या भगत की कोठी एक्सप्रेस डायवर्ट होने के कारण बरेली में निरस्त रही, जबकि 12583 आनंद विहार डबल डेकर, 14003 मालदा टाउन-नई दिल्ली एक्सप्रेस, 15909 अवध असम एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें बरेली जंक्शन से निकलने के बाद प्रभावित हुईं। ट्रेनों के प्रभावित होने का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। इससे पहले बरेली जंक्शन से 14321 बरेली भुज आला हजरत एक्सप्रेस को 2 घंटे रिशेड्यूल कर चलाया गया। 14315 नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस को बरेली जंक्शन से नहीं चलाया गया और 14316 बरेली इंटरसिटी एक्सप्रेस भी निरस्त होने के कारण जंक्शन नहीं आई। 04304 दिल्ली बरेली पैसेंजर को शनिवार रात दिल्ली से नहीं चलाया गया था।

बरेली जंक्शन पर ट्रेन में चढ़ने के लिए मारामारी करते यात्री। ● अमृत विचार

यह ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं जंक्शन : डायवर्ट होने के कारण बड़ी तादाद में ट्रेनें जंक्शन पर घंटों की देरी से पहुंचीं। जिसमें 12036 पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस 5 घंटे की देरी से जंक्शन पहुंची। शुक्रवार को मालगाड़ी बेपटरी होने के बाद रास्ते में फंसी 14315 बरेली इंटरसिटी एक्सप्रेस 9 घंटे की देरी से सुबह करीब 7 बजे और 19601 उदयपुर सिटी न्यू जलपाई गुड़ी एक्सप्रेस भी सुबह 8 घंटा 53 मिनट की देरी से पहुंची।

ब्लॉक की वजह से बरेली-रोजा पैसेंजर समेत कई ट्रेनें आज निरस्त

बरेली, अमृत विचार : रोजा में यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य रविवार को पूरी तरह से शुरू हो गया। इसकी वजह से बरेली से गुजरने वाली काफी ट्रेनें प्रभावित हुईं। काठगोदाम-लखनऊ जैसी ट्रेनें निरस्त रहने से यात्री परेशान हुए। सोमवार को बरेली-रोजा पैसेंजर समेत कई ट्रेनें निरस्त रहेंगी। वहीं, अमरोहा में हुए डिरेलमेंट के कारण ट्रेनें पहले ही प्रभावित थीं। वहीं ब्लॉक के कारण यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ गईं। रविवार को 15043 लखनऊ-काठगोदाम, 22424 अमृतसर-गोरखपुर एक्सप्रेस, 15531 जनसाधारण एक्सप्रेस, 15655 कामाख्या एक्सप्रेस निरस्त रही। 13151 सियालदह एक्सप्रेस, 12204 गरीबरथ एक्सप्रेस को मार्ग में नियंत्रित कर चलाया गया। यह ट्रेनें सोमवार को भी मार्ग में नियंत्रित कर चलाई जाएंगी। सोमवार को 22423 गोरखपुर अमृतसर एक्सप्रेस, 15044 काठगोदाम लखनऊ एक्सप्रेस, 14241 नौचंदी एक्सप्रेस, 15532 जनसेवा एक्सप्रेस, बरेली-रोजा पैसेंजर पैसेंजर ट्रेन का संचालन निरस्त रहेगा। यह सिलसिला अगले दो सप्ताह तक जारी रहने वाला है। जिसकी वजह से करीब 96 ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। रेल अधिकारियों के अनुसार यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य किया जा रहा है।

बरेली पीलीभीत ट्रैक चालू, देर रात चलाई पहली सवारी गाड़ी

बरेली, अमृत विचार : करीब दो सप्ताह से बंद चल रहा बरेली-पीलीभीत ट्रैक रविवार रात बहाल कर दिया गया। बरेली से पीलीभीत के बीच पहली सवारी गाड़ी चलाई गई। इससे पहले मालगाड़ी चलाकर ट्रैक का ट्रायल किया गया। पीलीभीत-शाही खंड में रेस्टोरेशन का कार्य पूरा हो गया है। रेल यातायात के लिए ट्रैक को फिट घोषित कर दिया गया है। इस खंड पर पहली ट्रेन के रूप में रविवार रात बरेली सिटी से 21.10 बजे 05385 बरेली सिटी-पीलीभीत (अनारक्षित) का संचालन किया गया। उत्तराखंड एवं तराई क्षेत्र में भारी बारिश और जल जमाव के कारण पीलीभीत-शाही खंड पर रेल यातायात बाधित हो गया था। 20 से ज्यादा ट्रेनों का संचालन बंद पड़ा था। अब सोमवार से संचालन चालू हो जाएगा। एक तरफ जहां त्रिवेणी एक्सप्रेस लगातार निरस्त चल रही थी तो दूसरी तरफ पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस को इज्जतनगर तक और टनकपुर देहरादून एक्सप्रेस को भोजीपुरा तक चलाया जा रहा था। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव भी मौजूद रहीं।

अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों की भरमार शिकायत आने पर ही कर रहे कार्रवाई

- अप्रशिक्षित स्टाफ मरीजों की कर रहा जांच
- एक महीने में सात सेंटर पर कार्रवाई का दावा

बरेली, अमृत विचार : जिले में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों की भरमार है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग शिकायत आने पर ही कार्रवाई कर रहा है। कई सेंटरों पर अप्रशिक्षित स्टाफ मरीजों की जांच कर रहा है। विभाग का दावा है कि एक महीने में 7 सेंटरों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

विभाग के रिकार्ड में करीब 260 सेंटर पंजीकृत हैं। यानी बाकी अवैध हैं। खास बात है कि अधिकांश अल्ट्रासाउंड ऐसे हैं, जहां पंजीकृत डॉक्टरों की जगह अप्रशिक्षित स्टाफ मरीजों की जांच कर रहा है। एक दिन पहले आंवला में टीम ने छापेमारी की तो अल्ट्रासाउंड सेंटर पर अप्रशिक्षित स्टाफ मरीजों की जांच करते मिला था। इसकी शिकायत एक किसान संगठन ने की थी। फरीदपुर में भी कई सेंटरों पर कार्रवाई हो चुकी है। यहां भी अनट्रेंड स्टाफ मिला था।करीब एक महीने में 7 अल्ट्रासाउंड सेंटर सील हुए हैं, जिसमें 5 सेंटर ऐसे मिले, जिनमें पंजीकृत डॉक्टर मौजूद नहीं थे। पीसीपीएन-डीटी के नियमों के उल्लंघन पर इन सेंटरों की मशीन सील की गईं। अधिकतर मामलों में विभाग ने शिकायत मिलने पर ही सेंटरों पर कार्रवाई की है।

> पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी को अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। टीमें लगातार जांच कर कार्रवाई कर रही हैं।
> -डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ

इन स्थानों पर सबसे ज्यादा अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर

स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे पांच ब्लाकों को चिह्नित किया है, जिनमें अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों की संख्या ज्यादा है, इसमें आलमपुर जाफराबाद, आंवला, बहेड़ी, शेरगढ़ और मीरगंज शामिल है। विभाग का दावा है कि इन ब्लॉकों में छापेमारी कर सेंटरों पर कार्रवाई की जा रही है, लेकिन शहर से लेकर देहात तक गली-मोहल्लों में अवैध सेंटरों का संचालन हो रहा है।

पेड़ों को ट्रांसलोकेट कर बचाने की जगह काटकर डाल दिया

हरियाली बढ़ाने के लिए जिले में शनिवार को एक दिन में लाखों पौधे रोपे गए। प्रदेश भर में अधिक से अधिक पौधे रोपकर रिकार्ड बनाया जा रहा है, लेकिन नगर निगम का नया गेट बनाने के लिए रास्ते में आ रहे पेड़ों को ट्रांसलोकेट कर बचाने की जगह उसे काटकर गेट पर डाल दिया। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर के जिम्मेदार पेड़ पौधों को बचाने के लिए कितने गंभीर हैं। ● मोहित कुमार सिंह।

पड़ोसी देशों के हालात खराब, सतर्क रहने की जरूरत : शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने जारी बयान में कहा है कि भारत के दो पड़ोसी देशों में सियासी हालात बहुत खराब है। विदेश मंत्रालय को दोनों देशों में हो रही उथल-पुथल पर गहरी नजर रखने की जरूरत है।

मौलाना ने कहा कि बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर छात्रों का आंदोलन उग्र होता हुआ दिखाई दे रहा है। छात्र यूनियनों के साथ वहां की राजनीतिक पार्टियां भी आंदोलन का हिस्सा बन गई हैं। इस आंदोलन का प्रभाव भारत के उन राज्यों में पड़ सकता है, जो सीमा से सटे हुए हैं।

लिहाजा भारत सरकार को इन इलाकों में नजर रखने की जरूरत है। जो छात्र और व्यापारी वर्ग पढ़ने या व्यापार करने के लिए बांग्लादेश में रह रहे हैं, उनकी भारत वापसी कराई जाए। मौलाना ने कहा कि पाकिस्तान की सूरत-ए-हाल भी बहुत ज्यादा खराब है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों ने राजधानी इस्लामाबाद को घेरने के लिए चौतरफा पैदल मार्च शुरू कर दिया है। लिहाजा पड़ोसी देश होने के नाते सतर्क रहने की आवश्यकता है।

मोबाइल छीन कर भाग रहे बदमाश को पुलिस को सौंपा

पुलिस गिरफ्त में मोबाइल लूटने वाला बदमाश। ● अमृत विचार

- फोन करने के लिए आरोपी ने युवक से मांगा था मोबाइल फोन

सीबीगंज, अमृत विचार : मोबाइल छीन कर भाग रहे एक बाइक सवार बदमाश को युवक ने पकड़ लिया। लोगों ने बदमाश की जमकर पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। थाना सीबीगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मथुरापुर निवासी जितेंद्र ने बताया कि वह रामपुर रोड स्थित बड़ी बाजार के पास एक सरिया सीमेंट की दुकान पर काम करते हैं। वह साइकिल से रविवार दोपहर घर खाना खाने जा रहे थे। पस्तोर मोड के पास पहुंचते ही एक बाइक सवार युवक उसके पास आकर रुका और फोन करने के लिए मोबाइल मांगा। इसके बाद वह मोबाइल मुंह में दबाकर भागने लगा। उन्होंने युवक को दौड़कर पकड़ लिया और शोर मचाया। आसपास के लोग आ गए और युवक की जमकर पिटाई की। उसके बाद उसे थाने लेकर पहुंचे। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अरशद निवासी कांकर टोला थाना बारादरी बताया। मामले में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। इंस्पेक्टर सीबीगंज राजबली सिंह ने बताया कि अरशद शातिर अपराधी है। इस पर अन्य थानों में भी मुकदमे दर्ज हैं। दो माह पहले ही यह जेल से छूट कर आया है। उसके पास से मिली बाइक भी चोरी की है।

ट्रेन के आगे आई महिला लोको पायलट ने ब्रेक लगाकर बचाई जान

बरेली, अमृत विचार : खड़ौवा में रेलवे क्रॉसिंग पर अचानक बुजुर्ग महिला आने पर लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए। मामूली रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया है। जम्मूतवी-कोलकाता सियालदह एक्सप्रेस रविवार दोपहर 12 बजे खड़ौवा क्रॉसिंग के पास से गुजर रही थी कि तभी 60 वर्षीय महिला अचानक क्रॉसिंग पार करने लगी। महिला को देख लोको पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। मामूली रूप से ट्रेन की चपेट में आने से महिला का पैर चोटिल हो गया। इस दौरान भीड़ जुट गई। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला की पहचान सीबीगंज के सनऊआ निवासी नसीम के रूप में हुई है। लोको पायलट ने स्टेशन मास्टर कार्यालय बरेली जंक्शन को सूचना दी।

तौकीर रजा की सुरक्षा हटी या नहीं, न पुलिस कुछ साफ कह रही न आईएमसी

- तीन दिन से सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी नहीं आ रहे

बरेली, अमृत विचार : इत्तेहाद ए मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां की सुरक्षा हटाने की चर्चा है। हालांकि इस मामले में न तो पुलिस अधिकारी कुछ साफ कह रहे हैं न ही आईएमसी के नेता। उनकी सुरक्षा में दो सिपाही हर समय तैनात रहते थे। मौलाना तौकीर ने पिछले दिनों हिंदू युवाओं का धर्म परिवर्तन कराकर सामूहिक निकाह कराने की प्रशासन से अनुमति मांगी थी।

आईएमसी से जुड़े मुनीर इदरीशी ने बताया कि तीन दिन से मौलाना की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मी नहीं आए हैं। हालांकि, आईएमसी प्रमुख की तरफ से कभी सुरक्षा की मांग नहीं की गई, अगर पुलिस सुरक्षा नहीं देने की बात कर रही है तो बताना चाहिए कि किस प्रोटोकाल के तहत पूर्व में उन्हें गनर दिया जाता रहा है। मौलाना की सुरक्षा में दो पुलिसकर्मी कई साल से तैनात थे। 15 दिन से एक पुलिसकर्मी ही मौलना तौकीर रजा खां की सुरक्षा के लिए आ रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि जनपदीय सुरक्षा समिति की ओर से कोई गनर नहीं दिया गया है।

स्थानीय स्तर पर समय-समय पर शांति व्यवस्था के लिए गश्त पिकेट भेजी जाती है। वर्तमान में त्योहार और कांवड़ यात्रा को लेकर अतिरिक्त फोर्स की जरूरत है। सभी पुलिसकर्मियों को अन्य सभी प्रकार की ड्यूटियों से हटाकर कानून-व्यवस्था के मद्देनजर तैनात किया जा रहा है।

27 चित्रकारों का किया सम्मान

यामिनी आर्ट गैलरी में चित्रकला प्रदर्शनी देखते कला प्रेमी। ● अमृत विचार

- यामिनी आर्ट गैलरी की ओर से लगाई गई एक दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी

बरेली, अमृत विचार : बरेली चित्रकार संघ की ओर से रविवार को कैंट स्थित युगवीणा लाइब्रेरी की यामिनी आर्ट गैलरी में एक दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी की शुरुआत वरिष्ठ चित्रकारों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की।

संस्था के सचिव डॉ. अजय रघुवंशी ने बताया कि प्रदर्शनी में 25 कलाकारों की 50 कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं। इस दौरान गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में कला क्षेत्र में विशेष योगदान देने के लिए 27 चित्रकारों को सम्मानित भी किया गया। इन चित्रों के माध्यम से चित्रकारों ने दर्शकों को महत्वपूर्ण संदेश भी दिए। इस अवसर पर साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के चित्रकला विभाग की अध्यक्ष डॉ. गीता अग्रवाल, बरेली कॉलेज के चित्रकला विभाग के डॉ. आनंद, आर्य कन्या महाविद्यालय के चित्रकला विभागाध्यक्ष डॉ. अनुराधा आर्य, अवंती बाई महिला महाविद्यालय के चित्रकला विभागाध्यक्ष डॉ. अनु महाजन, डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना व मुन्नी देवी को गुरु द्रोणाचार्य सम्मान से सम्मानित किया गया। गुरु रविंद्र नाथ टैगोर सम्मान प्राप्त करने वालों में चित्रकार दिवाकर आर्य, रागिनी मिश्रा, प्रिया मौर्य, रश्मि सुरेश, श्रेया सक्सेना, अलका श्रीवास्तव, निपुण सिंह, कुमार पारस, अमरीन वारसी, ज्योति रानी, डॉ. प्रेम सिंह गौतम, अनुकृति, प्रज्ञा गोस्वामी, किरण प्रजापति, राम माधव तिवारी, अमन श्रीवास्तव, नीलम शर्मा, राखी पटेल, तरुण, नेहा पाल, दीपिका रस्तोगी रहे।

जैन मंदिर में आस्था के साथ संपन्न हुआ समोशरण विधान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रामपुर बाग स्थित दिगंबर जैन मंदिर में आठ दिनों से चल रहा समोशरण विधान विधिवत संपन्न हो गया। रविवार को विश्व शांति के लिए हवन-पूजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भजन गायक संजय सरस, अभय जैन व मिनी ने एक से बढ़ कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

श्री महावीर निर्वाण समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जैन ने बताया कि विधान के शुभारंभ से एक दिन पूर्व संकल्प रक्षा सूत्र बंधन, हल्दी पीठ, मेहंदी उत्सव आदि कार्यक्रम आयोजित हुए। इसके बाद अभिषेक, शांति धारा, ध्वजारोहण, घट यात्रा और आचार्य निमंत्रण के साथ विधान शुरू किया गया। समोशरण में पूजन का सौभाग्य विभिन्न प्रकार के इंद्र बने श्रद्धालुओं को मिला। आठ दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिदिन 96 अर्ध और एक पूर्ण अर्ध के माध्यम से विशेष दिवस के पूजन का समापन हुआ। इस बीच प्रतिदिन शंका समाधान के लिए पधारे विधानाचार्य को सम्मानित किया गया। कृष्ण कुमार जैन, सतीश चंद्र जैन, अतुल जैन, सुनील जैन, सत्येंद्र जैन, जीएल अरोरा, सुमन जैन अरोरा, राजकुमार जैन, अनिल जैन, मनीष जैन, नीता जैन, रीता जैन, संदीप जैन, पूनम जैन, लवी जैन, कविता जैन, आरसी जैन, प्रासु जैन, समिति के मीडिया प्रभारी सौरभ जैन आदि उपस्थित रहे।

जैन मंदिर में समोशरण विधान के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- आठ दिवसीय कार्यक्रम में हल्दी पीठ, रक्षा सूत्र बंधन का हुआ आयोजन

डायरिया फिर पसारने लगा पांव एक बेड पर दो-दो बच्चे भर्ती

अस्पताल में भर्ती डायरिया से पीड़ित बच्चे। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : बारिश के बाद उमस बढ़ने के साथ दिन में तापमान बढ़ रहा है। डायरिया ने एक बार फिर से पांव पसारने शुरू कर दिए हैं। रविवार दोपहर 12 बजे जिला अस्पताल के 26 बेड के बच्चा वार्ड में 29 बच्चे भर्ती थे। इनमें सबसे ज्यादा 15 बच्चे डायरिया से ग्रसित थे। अन्य बुखार और संक्रमण से ग्रसित थे। एक-एक बेड पर दो दो बच्चे भर्ती थे। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि मौसम में गर्मी का असर बढ़ने पर डायरिया का प्रकोप बढ़ता है। बच्चे डायरिया की चपेट में अधिक आ रहे हैं। अभी वार्ड में असुविधा की स्थिति नहीं है। मरीज बढ़ने पर बेड बढ़ा दिए जाएंगे।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

REQUIREMENT
PARWATI JUNIOR HIGH SCHOOL
Bihar Man Nagla, Bareilly
Required Teachers
• PRE-Primary (F)
• PRT-All Subjects (F)
• Eng. Spoken Teacher (F)
Only Localites can apply
(Near Phoenix Mall)
Contact
9897482402, 7037470469

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एक नजर

ग्राम समाज की जमीन पर दबंगों का कब्जा

भुता, अमृत विचार : रिछा में ग्राम समाज की जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर धान की फसल रोप दी। प्रधान ने जिला अधिकारी एसएसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की हैं। प्रधान अमित कुमार का आरोप है कि ग्राम समाज की जमीन का मुकदमा तहसील न्यायालय में विचाराधीन है, न्यायालय के यथास्थिति के स्थगन आदेश के बाद भी गांव के कुछ दबंगों ने कब्जा कर धान की फसल लगा दी है। ग्राम प्रधान ने जिला अधिकारी और एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

दो पक्षों में चले लाठी-डंडे दो लोग घायल

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : दो पक्षों में हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए भेजा। पुलिस ने मारपीट में शामिल कई लोगों को हिरासत में लिया है। रविवार सुबह नगर के मोहल्ला बाजार जनूवी निवासी बंटू और मोहल्ला सराय खाम निवासी छन्ने मियां के बच्चों में मामूली बात को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में लाठी डंडे चलने लगे जिसमें दोनों पक्षों से दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से कई लोगों को हिरासत में लेकर घायलों को इलाज के लिए भेज दिया। वहीं देर शाम तक दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई थी।

साइकिल चोरी करते चोर सीसीटीवी में कैद

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती के आरिस ने थाने पर दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह एक आटो मोबाइल की दुकान पर मोटर साइकिल मकैनिक का काम करता है। वह साईकिल से शनिवार को गया था, जिसे ताला लगाकर गैरेज के बाहर खड़ी की थी। दोपहर करीब 12 बजे उसकी साइकिल का ताला तोड़कर चोर चुरा ले गए। चोर पास की एक दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सीसीटीवी फुटेज के साथ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार की है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज

नबावगंज, अमृत विचार : माह के तीसरे शनिवार को पौधरोपण अभियान चलने के कारण इस दिन होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन स्थगित कर दिया गया था। अब ये समाधान दिवस सोमवार को आयोजित किया जाएगा।

मंदिर से कलश और बप्पा का मुकुट चोरी

बहेड़ी, अमृत विचार : गणेश गेट स्थित श्री राम जानकारी मंदिर से शनिवार रात चोर तांबे का कलश, शिव की मूर्ति पर लगा तांबे का सर्प और गणपति बप्पा का मुकुट चोरी कर ले गए। लोगों ने बताया कि मंदिर के समीप लगे हैंडपंप पर देर रात तक शराबियों का जमघट रहता है, आशंका है इन्हीं लोगों ने वारदात को अंजाम दिया होगा। या फिर मेले की टिन शेड में आए घुमंतू जाति के लोगों ने चोरी की होगी, क्योंकि रविवार को कोई भी घुमंतू परिवार का सदस्य नहीं दिखाई दिया। मंदिर प्रशासन मंदिर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से घटना की जानकारी करने की कोशिश कर रहा है। कस्बा चौकी इंचार्ज ने मामले की जानकारी होने पर मंदिर प्रशासन से बात की और मामले की तह तक जाने का भरोसा दिया।

घर से साइकिल से निकला किशोर हुआ लापता

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के गांव लावाखेड़ा तालिव हुसैन मजरा गौटिया निवासी मनोहर का बेटा होरीलाल (15) शनिवार दोपहर करीब दो बजे घर से साइकिल से निकला था, जो वापस नहीं आया। बेटे के न लौटने पर परिवार ने उसकी तलाश सभी जगह की पर कोई पता नही लगा। मनोहर ने नवाबगंज थाने पर प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज करने की मांग की। नवाबगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

जेवर और नकदी चोरी चोर सीसीटीवी में कैद

कैंट, अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र के कांधरपुर स्थित राधा विहार कॉलोनी निवासी नितिन बिहारी ने बताया कि वह किराए के मकान में रहते थे। 12 जुलाई को उन्होंने खुद के घर में प्रवेश किया था, कुछ ही सामान वहां ले गए थे। बाकी सामान किराए के मकान में ही रखा था। 16 जुलाई को सुबह 4 बजे उनके किराए के मकान का ताला तोड़कर चोरों ने जेवर समेत अन्य घरेलू सामान चुरा लिया। चोर सीसीटीवी में कैद हो गए। पीड़ित ने कैंट पुलिस को सीसीटीवी उपलब्ध कराने के साथ तहरीर दी। पुलिस चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

24 को आदर्श महाविद्यालय में होगी आमसभा

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के हरदुआ किफायतुल्ला स्थित आदर्श महाविद्यालय में आम सभा की बैठक 24 जुलाई को विद्यालय सभागार में संपन्न होगी। यहां जानकारी सचिव नत्थू लाल गुप्ता ने दी है।

नकटिया नदी में आई बाढ़ में बह गया 40 लाख से बना रपटा पुल, गांवों का संपर्क कटा

जिला पंचायत निधि से दो साल पहले बना था पुल, ग्रामीणों ने ठेकेदार पर लगाया धांधली का आरोप

पुल से पानी की निकासी के लिए लगाए गए थे मात्र आठ पाइप। ● अमृत विचार

नकटिया नदी में आई बाढ़ से टूटा दो साल पहले बना पुल। ● अमृत विचार

संवाददाता, कैंट

अमृत विचार : नकटिया नदी में आई बाढ़ से सैकड़ों किसानों की फसल बर्बाद करने के साथ ही ब्लॉक क्यारा के गांव नवीनगर का रपटा पुल भी बह गया। पुल टूटने से कई गांवों का संपर्क भी टूट गया।

कमालपुर के प्रेमराज, नवीनगर के नक्शे अली, लखौरा के अनोखे लाल के करीब एक-एक बीघा खेतों का कटान हो गया। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर निर्माण सामग्री में धांधली का आरोप लगाया है। चालीस लाख से बने इस पुल का दो साल पहले जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने लोकार्पण किया था। वार्ड नंबर 47 की जिला पंचायत सदस्य गीता देवी पटेल ने इसका निर्माण कराया गया था, लेकिन सुरक्षा दीवार का निर्माण नहीं हो सका था। इसके बाद 2022 में नदी में आए उफान की वजह से पुल के दोनों तरफ डाला गया खड़ंजा और मिट्टी बहने से आवाजाही बंद हो गई थी। बरसात खत्म होने पर तत्काल सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया गया था।

बाढ़ में पुल टूट जाने से नवीनगर, पालपुर, कमालपुर, रहमानपुर, दुबरा, दुबारी, लखौरा, परगवां, सिरसा, भौआपुर, मानपुर चिकटिया, गुलाब नगर, शिव नगर, फरीदापुर, मानपुर भूड़, अहियापुर समेत अन्य गांवों का आवागमन बाधित हुआ है। अब ग्रामीणों को दूसरे रपटे से होकर निकलना पड़ेगा।

> सांसद, विधायक जिला पंचायत को पत्र लिखकर कार्य कराने को कहते हैं। अभी तक सांसद विधायक ने क्षेत्र में कोई सड़क तक नहीं बनवाई है। जिला पंचायत निधि से 25-30 लाख के बजट से ऊपर का टेंडर नहीं होता है। फिर भी जनता की समस्या को देखते हुए पुल का निर्माण कराया गया। यह कार्य सेतु निगम को कराना चाहिए।
>
> **- राजेन्द्र पटेल**, वार्ड 47
>
> पुल निर्माण के समय ही निरीक्षण को आए इंजीनियर ने ठेकेदार को फटकार लगाई थी, लेकिन बाद में सब साठगांठ हो गई, निर्माण में कोई बदलाव नहीं हुआ।
>
> **-दौलत शाह**, निवासी नवीनगर
>
> यदि पुल निर्माण के समय पानी पास होने को पाइप ज्यादा लगाए गए होते तो पुल नहीं टूटता। पानी का निकास कम होने पर पुल बह गया।
>
> **-पूरन लाल कश्यप**, निवासी नवीनगर
>
> पुल निर्माण के समय ठेकेदार ने जमकर घपला किया। मात्र एक गाड़ी ही पत्थर लगाया। जिससे पुल कमजोर रहा। अब मुसीबत तो हम लोगों को हो गई।"
>
> **-बुंदन खां**, निवासी नवीनगर
>
> पहले लकड़ी का पुल बनाकर निकलते थे। जैसे तैसे पुल बना। वह भी दो साल में ही बह गया। अब नदी पार खेतों पर जाने की मुसीबत खड़ी हो गई है।
>
> **-मुकेश कश्यप**, निवासी नवीनगर

संदिग्ध अवस्था में अधेड़ का मिला शव

भमोरा, अमृत विचार : बरेली -बदायूं हाईवे पर वाहनपुर मोड़ पर बने पेट्रोल पंप के सामने लिंक मार्ग पर अज्ञात शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई। उसकी पहचान मकरंदपुर ताराचंद निवासी टीकाराम के साले मनोहर (45) निवासी मलिकपुर गुलड़िया थाना दातागंज बदायूं के रूप में हुई।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मनोहर के बड़े भाई मुन्नालाल ने बताया की वह अविवाहित था। वह दो साल से घर नहीं आया था। ज्यादातर बराई चौकी बल्लिया चौकी बरेली की कई चौकियों पर खाना बनाने का काम करता था। सुबह बराई चौकी पुलिस से सूचना मिलने पर मकरंदपुर धराजित निवासी बहन भाग्यवती पत्नी टीकाराम को सूचना दी। सूचना पर भांजे जय राम अपने मित्र सूरजपाल के साथ घटना स्थल पर पहुंच शव की पहचान की। भाई मुन्नालाल ने बताया कि मनोहर ने अपनी 6 बीघा जमीन में से 2 बीघा जमीन पहले ही बेच दी थी। 2 साल पहले 4 बीघा जमीन गांव के ही दो व्यक्तियों के हाथ बेच दी। जिसके पैसे मनोहर को नहीं मिले थे। मनोहर के मांगने पर कभी हजार कभी 5 सौ रुपये दे दिया करते थे उसका एक पैर टूटा हुआ था। वह घटना स्थल तक कैसे पहुंचा समझ से परे है। एसएचओ भमोरा ऋषि पाल सिंह ने बताया पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

चार्ज में लगे ई-रिक्शा में उतरे करंट से बालिका की मौत

संवाददाता, भमोरा

- परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इन्कार, दोनों पक्षों में समझौता

अमृत विचार : चार्ज पर लगे ई-रिक्शा में उतरे करंट की चपेट में आने से एक बच्ची की मौत हो गई। इससे घर में कोहराम मच गया। ग्राम नौगंवा ठाकुरान निवासी मोहित की बेटी अन्नू (4) सुबह खेलते -खेलते पड़ोसी युवक पुष्पेंद्र के ई रिक्शा के पास चली गई, उसमें उतरे करंट की चपेट में आने से बेहोश हो गई।

परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल ले पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करने की बात कही, जिस पर परिजनों ने इन्कार कर दिया। देर शाम दोनों पक्षों में समझौता हो गया। अन्नू पांच भाई -बहनों में दूसरे नंबर की थी। मां कन्यावती का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पद को लेकर घमासान, हुई धक्का-मुक्की

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

- दोनों पक्षों ने थाने में एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर वापस ली
- हंगामे के बाद सर्वसम्मति से ओमेंद्र सिंह को चुना गया अध्यक्ष

अमृत विचार : रामलीला कमेटी अध्यक्ष के चुनाव को लेकर रविवार शाम को भाजपाइयों में धक्का-मुक्की हो गई। दोनों तरफ से पुलिस को दी गई तहरीर, लेकिन देर शाम कुछ लोगों के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों ने तहरीर वापस ले ली। हंगामे के दौरान ही भिटौरा के ओमेंद्र सिंह चौहान को सर्व सहमति से अध्यक्ष चुन लिया गया।

करीब एक माह पहले स्थानीय रामलीला कमेटी अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता उर्फ अन्नू लाला का निधन हो गया था। पूर्व सूचना के अनुसार रविवार शाम 6 बजे कमेटी अध्यक्ष चुनने के लिए रामलीला कमेटी सदस्य रामलीला मंच पर एकत्र हो गए। प्रेम प्रकाश गर्ग की अध्यक्षता में चुनाव के दौरान दौलत राम गुप्ता और ओमेंद्र सिंह चौहान का नाम अलग -अलग सदस्यों ने प्रस्तावित किया।

काफी देर मंथन के दौरान दौलत राम गुप्ता ने ओमेंद्र सिंह चौहान के समर्थन में सहमति दे दी। मेला कमेटी मंत्री महिपाल सिंह, ओमेंद्र सिंह के समर्थन में सर्व सहमति से प्रस्ताव लिखने लगे। इसी दौरान एक भाजपा नेता ने विरोध कर दिया। जिसके चलते दोनों पक्षों में धक्का- मुक्की हो गई। एक पक्ष मंच पर धक्के से नीचे गिर गए। कुछ लोगों ने बीच बचाव करा दिया। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर भी दी थी, लेकिन आधे घंटे के बाद दोनों पक्षों ने तहरीर वापस ले ली। हालांकि झगड़ा समाप्त होने के बाद सर्व सहमति से ओमेंद्र सिंह चौहान को मेला कमेटी अध्यक्ष चुन लिया गया। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया राम लीला कमेटी अध्यक्ष चुनाव के दौरान दो पक्षों में धक्का मुक्की हो गई थी। दोनों ओर से तहरीर आई थी।लेकिन देर शाम आधा घंटा के बाद दोनों पक्षों ने कार्यवाही करने से मना करके तहरीर वापस ले ली।

बहेड़ी में दूसरे दिन भी हटाया अतिक्रमण

संवाददाता, बहेड़ी

अमृत विचार : बहेड़ी में दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाने का अभियान चला। कुछ व्यापारियों ने रविवार को खमरिया बांध का जायजा लेने आए डीएम रविंद्र कुमार से मिलकर ज्ञापन सौंपा और समाधान की मांग की।

डीएम ने एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव को सोमवार दोपहर में नगरपालिका प्रशासन व व्यापारियों के साथ बैठक कर समाधान निकालने के निर्देश दिए। एसडीएम की बैठक से पहले व्यापारी पालिकाध्यक्ष कक्ष में एकत्र होकर रणनीति बनाएंगे। पसमांदा समाज के भाजपा नेता नईम अहमद ने कहा कि नाले तक के अतिक्रमण हटाना ठीक है पर खूबसूरती के लिए दुकानों के ऊपर लगी डिजाइन को ध्वस्त करना अनुचित है। रविवार को कोतवाली से लेकर माथुर रोड स्थित तिकोनी दुकान तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। पूर्व पालिकाध्यक्ष पति नसीम अहमद की अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान कोतवाल से नोकझोंक भी हुई।उन्होंने अतिक्रमण हटाओ अभियान को एक धर्म विशेष को टार्गेट किए जाने का आरोप लगाया।

मुख्य बाजार से अतिक्रमण हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

36 घंटे में दूसरी बार हुआ गोवंशीय पशु का वध, माहौल खराब करने की कोशिश

क्योलड़िया, अमृत विचार : शासन और पुलिस प्रशासन की सख्ती के बाद भी क्षेत्र में तस्कर लगातार गोवंशीय पशुओं के वध कर रहे हैं। 36 घंटे में दूसरी बार गोवंशीय पशुओं के वध करके पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दी हैं। गोरक्षकों ने पुलिस को सूचना दी, प्रभारी निरीक्षक ने मुआयना करने के बाद अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। क्योलड़िया थाना क्षेत्र के धिमरी निवासी किसान चंद्रपाल के गन्ने के खेत में तस्करों ने गोवंशीय पशुओं के वध के बाद अवशेष छोड़कर फरार हो गए। दो दिन पहले भी इसी गांव में गोतस्करों ने गोवंशीय पशु का वध करके खुली चुनौती दी है। सूचना पर गोरक्षक छविराम, सर्वेश कुमार, मुकेश कुमार, कपिल गंगवार ने पहुंचकर हंगामा किया। सूचना पर सीओ हर्ष मोदी भी घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। सावन से पहले गोवंशीय पशुओं के लगातार वध से क्षेत्र में माहौल खराब हो सकता है।

हाईवे किनारे पेड़ से लटका मिला संविदाकर्मी का शव

सवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

अमृत विचार : हाईवे के किनारे पेड़ पर लटककर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव की शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फतेहगंज पूर्वी में नेशनल हाईवे के ओवर ब्रिज के पास फौजी पड़ाव है।

रविवार सुबह जब लोग वहां से गुजरे तो एक युवक का शव पेड़ पर लटका दिखाई दिया। जिससे हड़कंप मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवा कर शिनाख्त करवाई। जिसकी पहचान फतेहगंज पूर्वी के समीप गांव लखनपुर के नरेंद्र (30) के रूप में हुई।नरेंद्र अपने पीछे पत्नी समेत तीन बच्चों को छोड़ गया है। लोगों ने बताया वह फतेहगंज पूर्वी विद्युत केंद्र पर संविदा कर्मी के तौर पर कार्यरत था। फतेहगंज पूर्वी इंस्पेक्टर मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस को भिजवाया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सांड़ के हमले में घायल किसान की इलाज के दौरान मौत

बहेड़ी, अमृत विचार : बंजरिया रोड पर बसे गांव गुरसौली निवासी किसान अहिबरन सिंह नारायन नगला की साप्ताहिक बाजार से सब्जी खरीदने 8 जुलाई को आए थे। जहां सांड़ के हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और फिर बरेली में इलाज कराया।12 जुलाई को भोजीपुरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया पर हालत में कोई सुधार न होने पर परिजन उसी दिन ऋषिकेश ले गए। जहां शनिवार को इलाज के दौरान अहिबरन सिंह की मौत हो गई, उनके भाई बृजेश कुमार ने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी देने के साथ साथ मुख्यमंत्री को भी पत्र भेजकर मामले से अवगत कराया गया है। सांड़ के हमले से किसान की मौत से ग्रामीणों में आक्रोश है, ग्रामीणों ने सांड़ों को गोशाला भिजवाने की मांग की।

पत्नी को जहर देकर मारने का आरोप, इलाज के दौरान मौत

बहेड़ी, अमृत विचार: दहेज की मांग को लेकर तीन दिन पहले पति -पत्नी के बीच हुए विवाद में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की हालत बिगड़ने पर उसे हल्द्वानी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई।

मायके पक्ष की ओर से दहेज की खातिर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी गई है। शाही थाना अंतर्गत गांव बसई निवासी ठाकुर दास की बेटी प्रियंका की शादी दो साल पहले सिरसा चौकी के गांव पृथ्वीपुर के रहने वाले मुंशी लाल के बेटे अमित से हुई थी। आरोप है कि दहेज के लिए प्रियंका को शादी के बाद से ही प्रताड़ित किया जाता था। जहरीले पदार्थ के सेवन से जब महिला की तबियत बिगड़ी तो उसे हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां रविवार को महिला की सांसें थम गई। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कैबिनेट मंत्री ने मतदाताओं को किया सम्मानित

आंवला, अमृत विचार : भाजपा की ओर से नगर के पुरैना स्थित सर गंगा राम सरस्वती ज्ञान पीठ स्कूल में मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने विधानसभा के मतदाता और पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और मतदाताओं की ओर से दिए गए वोट से तीसरी बार पुन: देश में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि मोदी ने विश्व में भारत का मान बढ़ाने का काम किया है। सरकार ने देश हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लेकर कार्य किया। सभी के हितों की रक्षा की।

धर्मस्थल पर तोड़फोड़ का सरोज नाथ ने किया विरोध

भुता, अमृत विचार : सावन से पहले बरेली के एक धर्मस्थल में तोड़फोड़ का योगी सरोज नाथ ने विरोध जताया, उन्होंने इस घटना की घोर निंदा करते हुए आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। योगी ने कहा कि खुराफातियों में पुलिस का डर नहीं है। उन्होंने एक वीडियो जारी करके चेतावनी दी कि जब तक आरोपी जेल नहीं भेजे जाते तब तक वह दूसरे समुदाय के लोगों के धर्म स्थल पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। वीडियो वायरल होने के बाद उनके समर्थकों का की भीड़ मढ़ी खजुरिया संपत में जुटने लगी। इसके बाद योगी सरोज नाथ समर्थकों से साथ गांव से बाहर जाने वाले मार्ग के लिए चल पड़े, जानकारी होने पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने आरोपियों पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया और महाराज को उनके आश्रम में नजर बंद किया।

सार-संक्षेप

डीएम -एसडीएम ने खमरिया बांध पर किया पौधरोपण

मानपुर, अमृत विचार : एक पेड़ मां के नाम के रविवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार और उपजिलाधिकारी बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव ने नहर खंड के अधिकारियों के साथ बहगुल नदी के खमरिया बांध पर पौधरोपण किया। किसानों की कार सेवा से बनाए गए बांध स्थल पर जिलाधिकारी ,उपजिलाधिकारी बहेड़ी ,नवीन कुमार एक्सईन रुहेलखंड नहर खंड बरेली,नारायण सिंह आदि ने बांध स्थल का निरीक्षण कर पौधरोपण किया। किसानों ने खमरिया बांध को पक्का रेगुलेटर बांध बनाने के लिए एक बार फिर जिलाधिकारी से गुहार लगाते हुए इसे शासन से पक्के बांध बनाने मांग की। इस मौके पर किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक जयदीप सिंह बरार,अजय जायसवाल बॉबी चेयर मैन पति बहेड़ी,तृप्ति कोर बरार,सिमरन कपूर बरार एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली,वेदप्रकाश कश्यप,कृष्ण पाल सिंह,शंकर सिंह,सुखवीर सिंह,नन्नूकी प्रसाद मौर्य,विजय पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

शिवभक्तों का जत्था गंगाजल लेने रवाना

नवाबगंज, अमृत विचार : सावन के पहले सोमवार शिवजी का जलाभिषेक करने के लिए 25 शिवभक्तों का डाक कांवड़ जत्था रविवार को गंगाजल लेने के लिए कछला घाट के लिए रवाना हो गया। ये सभी शिवभक्त सोमवार को ईंध जागीर के प्राचीन शिव मंदिर पर शिव का जलाभिषेक करेंगे। जत्थे में महंत उमाशंकर शर्मा, सभासद सोनू राठौर, गंगाराम, विनीत, मुकेश, डॉ. एके राय, महेन्द्र, अतुल राठौर, भूपराम शर्मा, विवेक व वरुण तिवारी आदि शामिल हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इकाई गठित

भोजीपुरा, अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरेली ने सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज में भोजीपुरा की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें विभाग सह संयोजक श्रेयांश बाजपेई ने नवीन कार्यकारिणी के लिए नगर अध्यक्ष का दायित्व भारत इंटर कॉलेज के शिक्षक भूप सिंह और नगर मंत्री के रूप में अभय पंडित को जिम्मेदारी दी। इसके अतिरिक्त नगर उपाध्यक्ष त्रिवेंद्र गंगवार, तेजपाल, नरेश पाल नगर सहमंत्री, दीप कुमार पाल, गौरव गंगवार, मयंक, निखिल यादव, नगर आंदोलन प्रमुख, अनुज पंडित आंदोलन सह प्रमुख, देव कुमार पाल, नगर एसएफडी, संयोजक शेखर नगर एसएफडी आदि को जिम्मेदारी दी गई।

मिशन छाया के तहत शीशगढ़ में हुआ पौधरोपण

शीशगढ़,अमृत विचार : मिशन छाया के अंतर्गत रविवार को चेयरमैन नीलोफर के पति हाजी गुड्डू, भाजपा नेता रामौतार मौर्य ने अपने समर्थकों के साथ कस्बे में कई स्थानों पर पौधरोपण करके उनकी देखभाल की शपथ ली। रविवार को नगर पंचायत कार्यालय परिसर श्मशान भूमि, रामलीला मैदान ,बहेड़ी बस अड्डे पर स्थित कब्रिस्तान व मोहल्ला गौड़ी स्थित कब्रिस्तान ,राजकीय इंटर कालेज सहित अन्य स्थानों पर पौधरोपण किया। इस अवसर पर राहुल देवल, हाजी आबाद, इरशाद हुसैन , तंजील अहमद, दिलशाद बॉस, नन्हे मुंशी ,मुस्तफा अली ,इकरार अहमद ने सहयोग किया।

कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने हटवाया अतिक्रमण

नवाबगंज, अमृत विचार : सावन में कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने यात्रा में पड़ने वाले फड़ और दुकानों पर नाम का बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही चौकी इंचार्ज विदेश शर्मा के नेतृत्व में निकली पुलिस टीम ने नगर के मुख्य मार्ग पर दुकानों के आगे लगा सामान हटवाया और यातायात सुलभ करने के लिए बाईपास पर हाईवे किनारे बने नाले पर लगे फड़ों को हटवाया। इसके अलावा कोतवाल राजकुमार शर्मा ने कांवड़ यात्रा मार्ग में पड़ने वाले संवेदनशील स्थलों इनायतपुर और मंडी गेट पर पुलिस पिकेट की ड्यूटी लगाई है। कोतवाल ने बताया कि इन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों के साथ ही वायरलेस सेट भी रहेंगे।

राईसती की तीसरी जात को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

आंवला, अमृत विचार : नगर के रोडवेज बस स्टॉप स्थित भूतेश्वर स्थल पर राईसती मेले का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने चुनरी, खील, बतासे चढ़ाकर परिक्रमा किए और मन्नत मांगी। प्रात :काल से ही मेला स्थल पर दर्शनार्थियों की भीड़ जुटनी आरम्भ हो गई। जो देर शाम तक रही। मान्यता है कि राई सती देवी ग्राम कठौती की रहने वाली थीं, उनका विवाह आंवला के एक कश्यप परिवार में हुआ था। उनके पति की बीमारी से मौत हो गई। वह अपने पति के साथ चिता में सती हो गईं। उसके बाद से उनकी याद में पहले कठौती गांव में और बाद में आंवला में राईसती देवी का मेला लगने लगा। मेला आयोजक अनूप शर्मा ने बताया कि आज तीसरी और अंतिम जात थी। उन्होंने बताया कि मान्यता है कि देवी राईसती को प्रसाद में चुनरी, खील, बताशे, नारियल, फूल चढ़ाने से श्रद्धालुओं की मन्नत पूरी होती है और उसे चर्म रोग का प्रभाव नहीं होता है।

नकदी और जेवर समेट ले गए चोर

मीरगंज, अमृत विचार : मीरगंज क्षेत्र में लगातार चोरियां हो रही हैं, शुक्रवार रात को गांव संजरपुर में चोरी हुई थी तो शनिवार को मोहल्ला सराय खाम में दीवार में नकब लगाकर नकदी- जेवर समेट कीमती सामान समेट ले गए। पीड़ितों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। साबिर अली निवासी मोहल्ला सराय खाम ने बताया कि शनिवार रात चोर उसके मकान के पीछे से नकब लगाकर कमरे में घुसे सोने चांदी के जेवर और नकदी समेट ले गए। इस दौरान घर के सभी लोग गर्मी के कारण बाहर सो रहे थे।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने खोजबीन और पूछताछ की वहीं शुक्रवार की रात शंकर लाल निवासी ग्राम संजरपुर के मकान में नकब लगाकर घुसे चोरों ने जेवर और नकदी पर हथ साफ कर दिया। पीड़ित के अनुसार ढाई लाख के ऊपर का उसे नुकसान हुआ इसके अलावा गांव सिंधौली के कौशल गुप्ता की सर्राफा और कपड़े की दुकान से चोर जेवर और नकदी चुरा ले गए थे। मोहल्ला सराय खाम के मामले में पुलिस ने मौका मुआयना किया और जल्द खुलासे की बार कही।

एक नजर

खेत पर कब्जा करने का आरोप, शिकायत

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बुखारपुर के उदयसिंह और चेतराम ने थाने पर दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह शुक्रवार को अपने खेत जोतने गए थे। इसी दौरान गांव के एक व्यक्ति ने वहां आकर खेत नहीं जोतने दिया। आरोप है कि शनिवार को आरोपी अपने साथियों के साथ उनके खेत में जाकर मेढ़ डाल दी। इस दौरान उसने धमकी दी कि अब आओ तुम्हें जान से मार देंगे। उदयसिंह व चेतराम ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार की है।

एकतरफा प्रेम में युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज क्षेत्र की एक युवती को नगर के एक कॉलेज के शिक्षक से प्रेम हो गया। तीन साल से मोबाइल पर दोनों में बातचीत चल रही थी। युवती ने जब शिक्षक से विवाह करने के लिए कहा तो उसने इन्कार कर दिया। इससे आहत युवती ने शनिवार को जहरीला पदार्थ ले लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई। वहीं पुलिस ने सूचना मिलने पर दोनों पक्षों से संपर्क किया तो युवती ने शिक्षक पर कोई आरोप लगाने से मना कर दिया।

पति ने बच्चे को छीनकर घर से निकाला

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के एक गांव की महिला ने थाने पर दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका पति शराब पीने का आदी है। वह नशे में मारपीट करता है। खाने का खर्च भी नहीं देता। वह अपने खर्च के लिए कारचोबी का काम करती है, पति उसकी मजदूरी का भी पैसा छीन लेता है। जब उसकी शिकायत सास- ससुर से करती है तो वह भी उसी का साथ देते हैं। आरोप है कि 21 जुलाई को उसके पति ने शराब पीकर गालियां देते हुए उसे पीटने लगा और उसके दुधमुंहे बच्चे को छीनकर घर से निकाल दिया।

पुलिस ने तस्कर पकड़ा 211 ग्राम स्मैक बरामद

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने दिल्ली हाइवे से थाना खजुरिया के पंकज कश्यप को गिरफ्तार किया तलाशी में उसके पास से 211 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 25 लाख 32 हजार रुपये है। आरोपी को पुलिस ने रविवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार आधी रात को दिल्ली हाईवे के बल्लियां ढाल से थाना खजुरिया के गांव गुलाम गंज निवासी पंकज कश्यप को पकड़ा।उसके पास से 211 ग्राम स्मैक बरामद हुई है।

रामगंगा में नहाते समय दो जगह पर डूबकर दो युवकों की मौत

गोताखोरों ने जतिन को 3 घंटे तो निरंजन को 24 घंटे में खोजा

संवाददाता, मीरगंज

रामगंगा में नहाते समय डूबे जतिन को खोजते गोताखोर। ● अमृत विचार

अमृत विचार : गुरु पूर्णिमा पर रामगंगा में स्नान के दौरान दो अलग- अलग स्थानों पर दो युवकों की डूबकर मौत हो गई। रविवार सुबह 8 बजे साथियों और भाई के साथ नहाने गया जतिन गंगवार (18) गांव गोरा लोकनाथपुर के समीप रामगंगा में डूब गया। साथ में नहा रहे छोटे भाई ने जब उसे डूबते देखा तो उसने शोर मचाया और चाचा लाखन गंगवार को सूचना दी।

जतिन।

सूचना पर प्रधान गोरा लोकनाथपुर धर्मेंद्र चौधरी भी पहुंचे। गोताखोरों को सूचना दी गई। ग्रामीणों और गोताखोरों की मदद से जतिन की तलाश शुरू हुई।करीब तीन घंटे के बाद उसे निकाला गया। उसके चाचा उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। जतिन की मौत से उसकी मां कुसुम गंगवार का रो रोकर बुरा हाल हो गया। उसके पिता श्याम सिंह की मौत तीन साल पहले सड़क हादसे में हो चुकी है, वह तीन भाई बहन थे। इंस्पेक्टर मीरगंज कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि बहरोली गांव के रहने वाले जतिन गंगवार रामगंगा मे नहाते समय डूब गया। परिवार के लोग युवक को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा ने बताया कि रामगंगा में युवक के डूबने की सूचना मिली थी। हल्का लेखपाल को मौके पर भेजा गया।पीड़ित के परिजनों को जो भी मदद होगी नियमानुसार कराई जाएगी।

एक दिन बाद मिला निरंजन का शव

दूसरी घटना गांव रोहतापुर थाना अलीगंज के रहने वाले निरंजन पाल (21) शनिवार को सुबह आठ बजे जानवर चराने मीरगंज के गांव तीर्थपुर गंगा किनारे आए थे। निरंजन के पिता ने कहा कि वह नहाने गया होगा, तभी वह डूब गया।लोगों ने युवक के परिवार वालों को घटना की सूचना दी, जिसके बाद गोताखोरों ने युवक को तलाश करने की बहुत कोशिश की लेकिन उसे खोज नहीं पाए। रविवार सुबह करीब 8 बजे युवक की फिर तलाश शुरू की गई। लगभग 24 घंटे के बाद युवक का शव रामगंगा से बरामद हुआ। शव को देख परिवार के लोगों के होश उड़ गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन घर ले आए और अंतिम संस्कार कर दिया।

चेयरमैन आबिद अली समेत 30 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, आंवला

● बाउंड्रीवाल तोड़ने और गाली देने का आरोप

अमृत विचार : कस्बे में एक निजी बाउंड्री तोड़ने, गाली देने के आरोप में चेयरमैन आबिद अली समेत 5 नामजद और 25-30 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। मोहल्ला किला अनुपुरा निवासी हिना फाजली ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि वह पुस्तैनी कोठी में रहती है। कोठी के बराबर में उसकी खाली जमीन है, उसका बैनामा उसके पास है। उसके पूर्वजों ने वह जमीन मेला लगाने के लिए दी थी।

वह उस स्थान पर सुरक्षा के लिए बाउंड्री बनवा रही हैं। दो दिन पहले शुक्रवार सुबह 10 बजे चेयरमैन आबिद अली की सह पर नगर के ही कुछ लोगों ने 20-25 अज्ञात लोगों के साथ उसकी बाउंड्री तोड़ दी। मना करने पर उन लोगों ने गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर नगर के साकिर खां, शारिक खां, अली अहमद, जीशान, चेयरमैन आबिद अली और 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

चेयरमैन सय्यद आबिद अली ने बताया कि वह जगह सरकारी है, वहां मोहर्रम का मेला लगता है। हिना फाजली वर्ष 2019 से उस जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रही हैं। पहले भी रोका जा चुका है। इस बार भी रोका गया है। मेरे चेयरमैन रहते सरकारी संपत्ति पर किसी भी सूरत में किसी को कब्जा नहीं करने दिया जाएगा। उसने रिपोर्ट झूठी दर्ज कराई है।

दुष्कर्म पीड़िता ने तीसरी बार की मुख्यमंत्री से शिकायत

बिशारतगंज, अमृत विचार : नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म और ठगी करने के मामले में पीड़िता ने लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री के दरबार में पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत करके कार्रवाई की मांग की। पीड़िता ने बताया कि सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर नगर के अभिषेक भारद्वाज उससे दुष्कर्म किया इसके अलावा पांच लाख के जेवर भी ठग लिए थे। बड़े अधिकारियों के आदेश पर 31 मई को बिशारतगंज पुलिस ने आरोपी अभिषेक भारद्वाज के विरुद्ध दुष्कर्म और उसके परिजनों के खिलाफ मारपीट और जेवर हड़पने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कर ली थी, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से निराश पीड़िता ने कई बार जिले के पुलिस अधिकारियों से शिकायत की इसके बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई । इसके बाद उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली को एक बार, दो बार डीआईजी लखनऊ और शनिवार को गोरखपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री दरबार में तीसरी बार न्याय की गुहार लगाते हुए बिशारतगंज पुलिस की भी शिकायत की।

सार-संक्षेप

कांवड़ यात्राः नेमप्लेट के आदेश को रद करने की मांग

बहेड़ी, अमृत विचार : नगरपालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष पति नसीम अहमद ने राज्यपाल को संदर्भित ज्ञापन तहसीलदार को दिया जिसमें कांवड़ रूट के दुकानदारों को अपनी दुकानों पर नेम प्लेट रखने का आदेश पारित किया गया है। इस आदेश को अवाम के बीच नफरत फैलाने और धार्मिक रूप से विभाजनकारी बताते हुए कहा कि मुस्लिम समाज के लोग भी कांवड़ यात्रा का स्वागत करते हैं। ऐसे में आपसी भाईचारा कायम रखने के लिए सरकार को इस आदेश को वापस लेना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में पूर्व सभासद इरशाद अहमद, सभासद जलीस आजाद, मोहम्मद नासिर, शहनवाज, अकील अहमद आदि शामिल रहे।

घर में घुसकर मारपीट के आरोप में चार पर रिपोर्ट

शीशगढ़, अमृत विचार : थाना शीशगढ़ के गांव कल्यानपुर निवासी फइम ने बताया कि 18 जुलाई को खेत में पौध लगाते समय गांव के ही बाबू से झगड़ा हो गया था। 19 जुलाई की रात 10 बजे बाबू, मुजीब,समीर का साला मुनव्वर सहित चार लोगों ने घर में घुसकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर उसे पीटने लगे। शोर सुनकर बचाने आए भाई यासीन को भी पीटा। पुलिस ने फइम की तहरीर पर चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल को भेज जांच शुरू कर दी है।

सीईआईआर पोर्टल से गुम मोबाइल को किया बरामद

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल का उपयोग कर फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने गुम मोबाइल को ट्रेस कर ढूंढ निकाला और उसके मालिक को लौटा दिया। प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव अगरास निवासी प्रेमपाल सिंह गंगवार ने 17 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव से फतेहगंज पश्चिमी जाते समय उनकी मोबाइल कही गिर गई। मोबाइल बरामदगी के लिए चलाए गए सीईआईआर पोर्टल पर डिटेल अपलोड की गई। शुक्रवार को पोर्टल से ट्रेस कर मोबाइल को बरामद कर लिया। मोबाइल के मालिक प्रेमपाल सिंह को थाने पर बुलाकर सौंप दिया ।

साहब मैं जिंदा हूं, राशनकार्ड दोबारा बनवा दो

बहेड़ी, अमृत विचार : गांव सकरस निवासी एक ग्रामीण को मृत दर्शाकर राशनकार्ड से नाम काट दिए जाने के साथ ही बेटे बेटियों की शादी की बात एवं उनके परिवार से अलग रहना दर्शाकर राशनकार्ड से नाम हटा दिए गए। मामले की शिकायत परिवार की मुखिया अनबरी ने जिलाधिकारी रविंद्र कुमार को पत्र भेजकर की। अनबरी का पति सली अहमद ने सप्लाई दफ्तर पहुंचकर कर्मचारियों से अपने जीवित होने की दुहाई देकर दुबारा राशनकार्ड बनाए जाने की मांग की।अनबरी का कहना है कि उसकी एक ही बेटी की शादी साल भर पहले हुई है, बाकी बच्चे अभी कुंवारे हैं। पूर्ति निरीक्षक बहेड़ी अरुण प्रकाश बाजपेयी ने बताया कि शिकायत कर्ता के राशनकार्ड में 2022 में जन सेवा केंद्र के जरिये नाम कटे हैं। मामले को गंभीरता से दिखवाया जा रहा है। पात्र पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

ससुरालियों ने गर्भवती को पीटकर घर से निकाला

शीशगढ़, अमृत विचार : पहले पति की मौत के बाद महिला ने दूसरी शादी की। ससुरालियों ने दहेज में 20 लाख रुपये और कार की मांगकर गर्भवती महिला को पीटकर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। ग्राम अभूपुरा निवासी संगीता ने बताया कि पहले पति की मौत के बाद उसने दूसरी शादी 20 अप्रैल 2019 को ग्राम रम्पुरा मिश्र थाना जहानाबाद पीलीभीत निवासी रामकिशोर से की। ससुराली दहेज में 20 लाख और कार की मांग कर उत्पीड़न करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने परिजनों के साथ मिलकर 7 जुलाई को पीटकर बेटे के साथ घर से निकाल दिया, जेवर भी छीन लिए। पुलिस ने पति रामकिशोर,कमला देवी, शोभराम,बांधू राम,नीला देवी,जशोदा देवी,राजकुमारी और जगदीश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कांवड़ियों से तय रास्ते से गुजरने की अपील

नवाबगंज, अमृत विचार : सावन में कांवड़ यात्राओं को लेकर कोतवाली में बैठक हुई। बैठक में कोतवाल राजकुमार शर्मा ने सावन में कांवड़ यात्रा शालीनता और निर्धारित मार्गों से ही निकालने की अपील की। इस अवसर पर विहिप नेताओं ने कुछ स्थलों पर विवाद की आशंका व्यक्त की, जिस पर कोतवाल ने इन स्थलों पर सुरक्षा बढ़ाने का आश्वासन दिया है। बैठक में चौकी इंचार्ज विदेश शर्मा व पुलिस स्टाफ के साथ व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, विहिप ब्रज प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख कमल किशोर शर्मा, प्रखण्ड अध्यक्ष नंद किशोर गंगवार, कपिल शर्मा, नीटू गुप्ता, प्रताप सिंह, प्रज्जवल गुप्ता, सोम प्रकाश, प्रिंस प्रशांत कपूर, अमित जोशी , ओम शंकर समेत अन्य रहे।

डाक कांवड़ हरिद्वार से गंगाजल लेने के लिए रवाना

भुता, अमृत विचार : सावन के पहले सोमवार को जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों का जत्था गांव सिमरा बहोर नगला से रवाना हुआ। गांव से पहली बार डाक कांवड़ लेने के लिए कांवड़ियों का जत्था रवाना हुआ है। जाने से पहले भोले का आशीर्वाद लिया। गांव के लोगों ने डीजे की धुन पर नाचते गाते कांवड़ियों को रवाना किया। कांवड़िया सोमवार को रसूलपुर बहानपुर शिव मंदिर पर जल अभिषेक करेंगे। इसमें सौरभ कुमार, संतोष उपाध्याय,विपिन कुमार,अनुज पाठक, राम अवतार,अखिलेश चंद्र, दिलीप उपाध्याय, राहुल मिश्रा,आदि लोग शामिल रहे।

किशोरी को भगा ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

मानपुर, अमृत विचार : मानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप में एक युवक पर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित पिता ने बताया कि वह हल्द्वानी में रहकर काम करता है, गत रात उसकी पुत्री आंगन में सो रही थी, इसी बीच गांव का एक युवक उसकी बेटी को ले गया। सुबह घर में नहीं मिलने पर उसकी पत्नी उसे फोन पर सूचना दी तो वह भागकर घर आया। जानकारी करने पर पता चला कि गांव का ही कुंदनलाल नाम का युवक उसकी बेटी को बहलाकर ले गया है। आरोपी के परिजनों से पूछा तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

हमारी किशोरी हमारा आधार, महिलाओं को किया जागरुक

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान ने मासिक धर्म संक्रमण से बचाव के लिए 'हमारी किशोरी हमारा आधार' अभियान के तहत बृजरानी भारतीय शिक्षा मंदिर रिठौरा में शिविर लगाकर महिलाओं को जागरूक किया। संस्था अध्यक्ष बिंदु सक्सेना ने महिलाओं को बताया कि बारिश गर्मी से राहत दिलाती है लेकिन त्वचा की कई बीमारियां भी लाती है। उमस बढ़ने से शरीर में कई तरह की परेशानियां होने लगती हैं। इस मौसम में महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान ज्यादा परेशानी होती है। सेनेटरी पैड का सही तरीके से इस्तेमाल करने से इंफेक्शन समेत अन्य बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में नरेंद्र पाल, जेआर गुप्ता, कृष्ण स्वरूप सक्सेना, अनुज सक्सेना, दिनेश कुमारी, रोशनी साहू, खुशबू कश्यप, कमलेश, डल्ली देवी, पूजा, पायल वर्मा समेत अन्य मौजूद रहीं।

चालक को बेहोश करके ई-रिक्शा ले गए बदमाश

संवाददाता,बिशारतगंज

अमृत विचार : घर से ई- रिक्शा लेकर गया चालक चोखेलाल लापता हो गया। परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। इसके बाद रविवार शाम आठ बजे वह रोड के किनारे बेहोशी की हालत में मिला उसके शरीर पर केवल अंडरवियर था, उसके साथ मारपीट की गई थी, वह बोलने की स्थिति में नहीं है।

बिशारतगंज थाना क्षेत्र के हारुनगला गांव निवासी चोखेराम की पत्नी अनारकली ने रविवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति क्षेत्र में ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। शनिवार सुबह घर से ई रिक्शा लेकर गया था दोपहर करीब 12:00 बजे उसने पति को फोन लगाया तो वह रामनगर थाना आंवला क्षेत्र में खड़ा है और 1 घंटे में घर आ जाएगा। जब अपराह्न 3:00 बजे तक नहीं आया तो उसने फिर फोन किया तो फोन स्विच ऑफ था। चालक की पत्नी अनारकली ने बताया कि खोजबीन करते-करते रविवार की शाम करीब 8:00 बजे भमोरा-आंवला मार्ग पर थाना आंवला के मोहम्मदपुरपथरा से हरुनगला मोड़ के किनारे बेहोशी हालत में मिला।

डिवाइडर पर छुट्टा पशुओं का बसेरा

संवाददाता,मीरगंज

डिवाइडर पर बैठे छुट्टा गोवंशीय पशु। ● अमृत विचार

● छुट्टा पशुओं से टकराकर वाहन सवार हो रहे घायल

अमृत विचार : तहसील मीरगंज क्षेत्र की सड़कों पर छुट्टा पशुओं का बसेरा हैं। नेशनल हाईवे स्थित धनेटा फाटक से लेकर झुमका चौराहे तक डिवाइडर पर छुट्टा पशुओं के बैठने से हर दिन दुर्घटनाएं हो रही है।

पिछले दिनों थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर छुट्टा पशु की कार में टक्कर लगने से कार के परखच्चे उड़ गए। लगभग रोज क्षेत्र की सड़कों पर ऐसी घटनाएं हो रही हैं। रात में भी छुट्टा पशु सड़कों पर बैठे रहते हैं। इसके कारण दो पहिया और चार पहिया वाहन पशुओं से टकरा कर घायल हो रहे हैं। पशुओं को पकड़ने की जिम्मेदारी जिस विभाग की है उसकी ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। खानापूरी के नाम पर कागजों में छुट्टा पशुओं को पकड़कर गोशाला में छोड़ देते है। थाना फतेहगंज पश्चिमी प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पांडे ने भी संबंधित विभाग को पत्र लिखा है। बड़ी संख्या में पशुपालक पशुओं को खुला छोड़ देते हैं, ऐसे लोगों पर कोई अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। इसी के साथ गोशाला से जुड़े लोग भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इनकी वजह से आए दिन हादसे हो रहे है।

गुरु पूर्णिमा पर हुआ भंडारे का आयोजन

बहेड़ी, अमृत विचार : गुरु पूर्णिमा पर कस्बे में जगह-जगह धार्मिक आयोजन हुए। मोहल्ला पंजाबी कालोनी स्थित शिव मंदिर में हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य अर्जित किया। कार्यक्रम में डॉ . एक के अरोरा, पूर्व सभासद रोशन लालगेरा, नरायन दास पिपलानी और विजय दत्त शर्मा का विशेष सहयोग रहा। साईं सुधा वाटिका में गुरु की महिमा का बखान करते हुए साधु संतों को शाल ओढ़ाकर आशीर्वाद लिया गया और सभी के लिए मंगल कामना की गई। इस मौके पर भाजपा के राहुल गुप्ता, सुनील रस्तोगी, सचिन प्रजापति, दिनकर गुप्ता व सुरेन्द्र तोमर सहित कई अन्य भाजपाई मौजूद रहे।

गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

शेरगढ़,अमृत विचार : क्षेत्र में गुरु पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों में गुरु की महिमा एवं गुरु पूजन पर प्रकाश डाला गया। कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में आरएसएस कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। इस दौरान स्वयंसेवकों ने परम पवित्र भगवा ध्वज को अपना गुरु मानकर प्रणाम किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत कार्यवाह ब्रज प्रांत राजपाल ने गुरु पूजन का महत्व बताते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा का जीवन में विशेष महत्व है,जीवन में गुरु के मार्गदर्शन के बगैर सफलता के शिखर को छूना असंभव है। एमएलसी बहोरन लाल मौर्य ने कहा कि गुरु पूर्णिमा हमारे जीवन में गुरुओं के महत्व को दर्शाती है जो हमें जीवन में व्यवस्थित मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य,चेयरमैन बुद्धसेन मौर्य,मंडलाध्यक्ष ठाकुर वीरपाल सिंह,पप्पू गुप्ता,भाजपा नेता भुवनेश गंगवार,चंद्रशेखर गुप्ता,एडवोकेट जयदेव मौर्य,नगर प्रमुख सोनू गुप्ता,राघवेंद्र पाठक आदि समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं का हुआ सम्मान

रिठौरा, अमृत विचार : गुरु पूर्णिमा पर रविवार को दुर्गा मंदिर भुमसेन परिसर में गुरु पूर्णिमा के मौके पर प्राचीन शिव मंदिर के महंत मोहनदास, शत्रुघ्न मिश्रा, बाबा कालीदास, तुलसीदास को भाजपा जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, अमित गुप्ता, लोकेश गुप्ता, राजेश गुप्ता ने अंगवस्त्र भेंट किए। और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सुरेश मिश्रा,रजत मिश्रा,शानू गुप्ता,संतोष कश्यप,बच्चू कश्यप, राकेश कश्यप,विजय कुमार गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा।

स्किल सेंटर में बच्चों ने किया पौधरोपण

मीरगंज, अमृत विचार : मुक्ता प्रसाद एजुकेशनल ट्रस्ट की ओर से संचालित डीडीयू जीकेवाई स्किल सेंटर शेरगढ़ रोड शाही पर प्रशिक्षार्थियों ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव डॉ . दिनेश गंगवार और अध्यक्ष प्रमिला गंगवार ने स्किल सेंटर परिसर में प्रशिक्षार्थियों के साथ पौधरोपण किया। डॉ .दिनेश गंगवार ने वृक्षों से होने वाले लाभ के बारे में बच्चों को बताया। इस अवसर पर सेंटर मैनेजर महिपाल गंगवार और नोडल अधिकारी डॉक्टर शबाब मियां आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा दिव्य कृपाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रमेश चंद्र गंगवार ने आरएमएस एकेडमी परौरा में राजीव शर्मा ने,अनुबिस पीजी कॉलेज, अनुबिस आईटीआई में सत्येंद्र यादव,नरेश यादव,नागेश्वर शुक्ल ने, सन्त मंगलपुरी इंटर कॉलेज में प्रबंधक दिनेशानन्द गिरी,अरविंद गिरी,सोनू गुप्ता ने,जेपीएस इंटर कॉलेज में प्रबंधक कृतज्ञ सिंह, प्रधानाचार्य इरशाद अहमद आदि ने पौधरोपण किया।

शिष्यों ने धूमधाम से मनाई गुरु पूर्णिमा

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार : नगर समेत तहसील क्षेत्र में गुरु पूर्णिमा हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें गुरु की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया । नगर के सरस्वती विद्या मंदिर सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया।

मुख्य वक्ता श्रीकृष्ण ने गुरु पूर्णिमा पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान नगर संघचालक सुरेश, नगर कार्यवाह गौरवित, विपिन, रमेश चंद्र, अंकुर, पवन, गोपाल, धर्मेंद्र, गवेंद्र आदि मौजूद रहे। नगर के गायत्री शक्तिपीठ स्थल पर गुरुपूर्णिमा के अवसर पर हवन पूजन कर गुरु की आराधना की गयी। इस अवसर पर डॉ. विनीत विधार्थी दर्शन शास्त्री, रामजी मल, मुन्ना लाल, चिरौंजी लाल, अजय, टिंकू, विनोद, अभयेन्द, दिनेश बिहारी सक्सेना, प्रखर, प्रज्ञा आदि मौजूद रहे।

गुरुपूर्णिमा पर पूजा- अर्चना करते मंत्री धर्मपाल सिंह। ● अमृत विचार

गुरुजी के चरणों में शिष्यों ने लगाई हाजिरी

सिरौली, अमृत विचार : गुरु पूर्णिमा पर संत सेवा आश्रम गुरुगांव में धूमधाम से गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर दूर-दराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु आश्रम पर पहुंचे और ब्रह्मलीन गुरु विदेहनंदिनी शरण महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर खड़ाऊ पूजन किया । इस दौरान आश्रम में भंडारे का भी आयोजन किया गया । महाराज जी कुछ महीने पहले ही ब्रह्मलीन हो गए हैं।अब सारे कार्यक्रम आश्रम के ही सन्तशरण की ओर से कराए जा रहे हैं। रविवार सुबह से ही महाराज के शिष्यों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो शाम तक चलता रहा। इस मौके पर आश्रम में गुरु पादुका पूजन करने कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह भी पहुंचे । इस मौके पर राजेंद्र सिंह , सुखदेव, मुन्ना सिंह, गोपाल शर्मा, महिपाल, राय सिंह,अमित राज सिंह दिनेश शर्मा,प्रशान्त शर्मा,नीतेश माहेश्वली, समेत दर्जनों लोग व्यवस्था बनाने में लग रहे।

10 एमवीए के ट्रांसफार्मर के लिए मिली स्वीकृति

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : स्थानीय उपकेंद्र पर ट्रिपिंग के कारण लोगों को होने वाली समस्या के समाधान के लिए 10 एमवीए के अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की स्वीकृति मिल गई है। एक माह पहले अधिकारियों ने ट्रिपिंग की समस्या के चलते शासन को मांग पत्र भेजा था।

भाजपा नेता आशीष अग्रवाल ने लखनऊ में ऊर्जा मंत्री से मिलकर समस्या निदान के लिए ट्रांसफार्मर की मांग की थी। फतेहगंज पश्चिमी मुख्य विद्युत उपकेंद्र पर पिछले कई माह से ओवरलोड के कारण ट्रिपिंग की समस्या के चलते विद्युत आपूर्ति बदहाल रहती है। लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं। एसडीओ अंकित द्विवेदी ने ओवरलोड के कारण सप्लाई बाधित और ट्रिपिंग की समस्या के निदान के लिए 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर की मांग भेजी थी, जिसे स्वीकृति मिल गई। जेई सुशील कुमार ने बताया जल्द ट्रांसफार्मर के पहुंचने की उम्मीद है।

दबंग ने आइसक्रीम विक्रेता पर चलाई गोली

भुता,अमृत विचार : कस्बे के एक पेट्रोल पंप मालिक के बेटे ने सड़क पर चल रहे एक आइसक्रीम विक्रेता से विवाद के बाद उस पर फायरिंग कर दी। पीड़ित ने 112 पर फोन करके सूचना दी, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खोखा बरामद कर लिया।इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।भुता निवासी मदनलाल गंगवार ने बताया कि शनिवार शाम 9 :30 बजे आइसक्रीम की ठेली को लेकर फरीदपुर रोड से होते हुए घर जा रहा था। उसी समय कस्बा भुता निवासी पेट्रोल पंप मालिक का बेटा संजय पटेल कार को ठेली के आगे लगाकर बोले एक साइड में नहीं चलता, इससे नाराज होकर गाली देते हुए मेरा कॉलर पकड़ लिया, विरोध करने पर गाड़ी में से राइफल निकालकर मेरे ऊपर फायर कर दिया, जिससे मैं बाल बाल बच गया। थानाध्यक्ष सतीश कुमार का कहना है की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

ठेकेदार ने सड़क पर पत्थर डालकर छोड़े

संवाददाता, मानपुर

सड़क पर पड़ी गिट्टी से निकलने में हो रही परेशानी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : ठेकेदार ने रुस्तम नगर में 7 महीने पहले सड़क पर पत्थर डालकर छोड़ दिया, लेकिन आज तक सीसी रोड नहीं बना,अब गांव से जाने वाले कांवड़ियों के लिए यह सड़क परेशानी का सबब बनी हुई है।

कांवड़ियों का कहना है कि पत्थरों पर होकर वह कैसे निकलेंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कांवड़ यात्रा से पहले खराब सड़कों को सही करने का निर्देश दिया है, इसके बाद भी इस सड़क की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। प्रधान बबलू ने बताया कि सड़क पर कई महीने पहले पत्थर डालकर काम शुरू किया गया था। 7 महीने बाद भी सड़क नहीं डाली गई। ठेकेदार से बात करो तो वह एक-दो दिन बाद काम शुरू करने का बहाना बना देता है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बड़े अधिकारियों, ठेकेदार व जनप्रतिनिधियों से सड़क डालने के लिए कहा,लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उबड़-खाबड़ रोड से ग्रामीणों का चलना दुश्वार है ,कई ग्रामीण चोटिल भी हो चुके हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों को भी समस्या होती है। जिला पंचायत से यह सड़क स्वीकृत हुई है, जिसकी लंबाई लगभग 930 मीटर और लागत लगभग 25 से 26 लाख रुपए की है।ठेकेदार सुधीर मिश्रा ने बताया कि बरसात के कारण काम रुका हुआ है। दो दिन के अंदर सड़क का काम शुरू कर दिया जाएगा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान (बदायूँ)

पत्रांक : 5075/XXIII-टैक्स-2024-25 दि. 20.07.2024

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सैयद अहसन नकवी पुत्र श्री सैयद महबूब अली नि. मो. काजी, सहसवान द्वारा श्री जमीरूल हसन पुत्र श्री शमसुल हसन नि. मो. काजी सहसवान से एक प्लॉट जो मो. काजी निकट ढण्ड झील, वार्ड सं. 09 (पुरानी सं.) सहसवान में स्थित है को दि. 11.12.1990 में खरीदा गया था जिसको क्रेता द्वारा बैनामा न कराकर मात्र स्टाम्प पर ही लिखा लिया गया था इस प्लॉट पर श्री सैयद अहसन नकवी द्वारा अपने मकान का निर्माण करा लिया गया है और इसी मकान पर अपने नाम से पालिका द्वारा जलकर व गृहकर का निर्धारण कराने के उद्देश्य से एक प्रार्थना-पत्र मय स्टाम्प नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। श्रीमती लतीफन पत्नी श्री महमूद नि.मो. पठानटोला, सहसवान द्वारा अपने एक किता मकान जो मो. पठानटोला निकट मकान मुश्ताक व मो. मियां राईन वार्ड सं. 22 सहसवान में स्थित है की वसीयत अपने पौत्र श्री नासिर अली पुत्र श्री असद नि.मो. पठानटोला, सहसवान के नाम की गयी जिसका पंजीकरण दि. 29.05.2015 को हुआ था श्रीमती लतीफन की वर्ष 2017 में मृत्यु हो चुकी है। इसी मकान पर अपने नाम से पालिका द्वारा जलकर व गृहकर का निर्धारण कराने के उद्देश्य से श्री नासिर अली पता उपरोक्त के द्वारा एक प्रार्थना-पत्र मय पंजीकृत वसीयत नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भवनों पर पालिका द्वारा जलकर व गृहकर निर्धारण से संबंधित यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के अन्दर 30 दिन अपनी आपत्ति आवश्यक दस्तावेजों सहित लिखित रूप में कार्यालय नगर पालिका परिषद सहसवान में प्रस्तुत करें। उल्लेखित समय सीमा के अन्दर किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उपरोक्त भवनों पर जलकर-गृहकर की वसूली के उद्देश्य से करों का निर्धारण कर दिया जायेगा तथा बाद गुजरने मियाद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

नोट : उपरोक्त भवनों पर करों का निर्धारण केवल पालिका करों की वसूली के उद्देश्य से है जिसका स्वामित्व से कोई वास्ता/सरोकार नहीं है। अत: आप सूचित हों।

क्रमांक	वार्ड की पुरानी संख्या	भूमि/भवन विक्रेता का नाम व पता	भूमि/मकान क्रेता का नाम व पता	संलग्न दस्तावेज
1.	09	श्री जमीरूल हसन पुत्र श्री शमसुल हसन नि.मो. काजी सहसवान जिला बदायूँ।	श्री सैयद अहसन नकवी पुत्र श्री सैयद महबूब अली नि.मो. काजी सहसवान जिला बदायूँ।	स्टाम्प
2.	22	श्रीमती लतीफन पत्नी श्री महमूद नि.मो. पठानटोला सहसवान (बदायूँ।)	श्री नासिर अली पुत्र श्री असद नि.मो. पठानटोला सहसवान बदायूँ।	वसीयत नामा

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सहसवान (बदायूँ)

फर्जी दस्तावेज से जमानत कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो दबोचे

धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- छत्तीसगढ़, गाजियाबाद, बरेली कुशीनगर, पीलीभीत के रहने वाले हैं सभी आरोपी

अमृत विचार : न्यूरिया पुलिस ने ऐसे गिरोह का भंडोफाड़ किया है जो फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमानत करवाता था। पुलिस ने विभिन्न मामलों में जेल में बंद अभियुक्तों की जमानत कराने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि गिरोह 15 आरोपी अभी फरार चल रहे हैं।

पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश कर रही है। इस खुलासा तब हुआ जब न्यूरिया पुलिस को जमानत के प्रार्थना पत्र मिले। जांच में एक ही अभिलेख पर जमानतदारों ने कई -कई लोगों की जमानत ले रखी थी। जिनसे उनका कोई वास्ता भी नहीं था। दो आरोपियों के पकड़े जाने के बाद पुलिस इस पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी हुई है। पुलिस को शक है कि इस खेल में कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं। थाना न्यूरिया में दरोगा गोपाल सिंह की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया कि पुलिस को सूचना मिली कि न्यूरिया एवं अन्य थाना क्षेत्रान्तर्गत निवास करने वाले कुछ व्यक्तियों ने आर्थिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से लूट, महिलाओं से छेड़खानी, बलात्कार, हत्या का प्रयास, गौवध अधिनियम एवं आबकारी एक्ट जैसे गंभीर अपराधों के दर्ज मुकदमों में जेल में बंद अभियुक्तों की जमानत कराने वाले जमानतदारों की ओर से कई अभियुक्तों की जमानत एक ही जमानत के बंधक पत्रों पर स्वीकृत कराई हैं।

इन जमानतदारों की ओर से अन्य व्यक्तियों के सहयोग से सुनियोजित तरीके से स्वयं के आर्थिक लाभ के उद्देश्य से उक्त अभियुक्तों की जमानतें ली गईं। उक्त लोगों का एक संगठित गिरोह है। इस पर पुलिस ने सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इस मामले में आरोपी बाबूराम और अंगनलाल निवासी ग्राम जनकपुरी थाना न्यूरिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है। ये सभी आरोपी छत्तीसगढ़, गाजियाबाद, बरेली कुशीनगर, पीलीभीत के रहने वाले हैं।

चकबंदी अधिकारी ने किश्तों में ली थी रिश्वत, एफआईआर

लखनऊ, अमृत विचार : एटा के अलीगंज तहसील में तैनात चकबंदी अधिकारी गजेंद्र सिंह की ओर से किश्तों में रिश्वत लेने का मामला जांच में सिद्ध हो गया है। विजिलेंस की ओर से की गई खुली जांच में रिश्वतखोरी का एक-एक तथ्य सामने आया है। जांच का आदेश वीडियो वायरल होने के बाद शासन ने दिया था। प्रकरण के मुताबिक, पीड़ित गुरुवचन के स्व. पिता रामस्वरूप के नाम राजस्व अभिलेखों में कस्बा जैथरा की आबादी के अन्दर गाटा सं. 3282 में रकबा 0.0610 हेक्ट. दर्ज थी, जो वर्तमान में रामस्वरूप के चारों पुत्रों चित्र सिंह, गुरुवचन सिंह, गुरुदेव सिंह व जोहर वीर के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। इस भूमि की पैमाइश व कब्जा दिलाने के लिए पीड़ित गुरुवचन सिंह की ओर से चकबन्दी अधिकारी गजेन्द्र सिंह से सम्पर्क कर लगभग 2 लाख रुपये कई बार किस्तों में दिए गए।

अलग-अलग सड़क हादसों में कांवड़िया समेत दो की मौत

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर थाना फरधान क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ जा रहे कांवडिया को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लखनऊ ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। उधर, धौरहरा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार रोडवेज बस ने कुचलकर बाइक चालक की मौत हो गई। थाना खीरी क्षेत्र में बस्ती हाईवे पर ट्रक और पिकअप की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए।

थाना सिंगाही के गांव नौरंगाबाद के मजरा ऐली निवासी वीरपाल कांवड़ चढ़ाने गोला के लिए निकला था। रविवार की सुबह वह लघुशंका करने के लिए गए थे। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वहीं पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर धौरहरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने एक बाइक सवार को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर बहराइच की तरफ से जा रही पिकअप सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

चार सौ करोड़ की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज, अमृत विचार : पुलिस के लिए नासूर बना 400 करोड़ की ठगी करने वाला आरोपी और कंपनी का एमडी अभिषेक द्विवेदी रविवार कों हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की तीन टीमें अभिषेक की तलाश में कई जगहों पर छापेमारी की थी। अभिषेक को पनाह देने वाले एक शख्स को भी नोएडा से पकड़ा गया है। उसका नाम टीकम चंद जायसवाल है। पुलिस दोनों को लेकर प्रयागराज पहुंच गई है और उनसे पूछताछ की जा रही है। अभिषेक पानीपत में एक मकान में फरारी काट रहा था। सटीक सूचना के बाद पुलिस टीमों ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।

सार-संक्षेप

बाढ़ में बहे बरेली-पीलीभीत ट्रैक पर आज से दौडेंगी ट्रेनें

पीलीभीत, अमृत विचार : पिछले दिनों बारिश और बाढ़ में क्षतिग्रस्त पीलीभीत शाही के बीच जहानाबाद रेलवे क्रासिंग के पास रेलवे ट्रैक पर इंजन का सफल ट्रायल हो गया। रेल प्रशासन का दावा है कि अब ट्रेनों का संचालन सोमवार से शुरू हो जाएगा। डीआरएम रेखा यादव ने रेलवे ट्रैक को फिट और क्लीयरेंस देकर पूरी टीम की सराहते की। उन्होंने बताया कि0 आठ जुलाई की रात में बारिश के बाद अगले दिन शारदा नदी में उफान से हालाब बेकाबू हो गए थे। बारिश से पीलीभीत बरेली रेलवे ट्रैक जहानाबाद रेलवे क्रासिंग के पास अंडरपास के ऊपर बना ट्रैक काफी क्षतिग्रस्त हो गया था। इससे यहां रेल लाइन हवा में झूल गई थी।

पूर्व सपा सांसद सलीम शेरवानी का इस्तीफा नामंजूर

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद सलीम शेरवानी का इस्तीफा नामंजूर कर दिया है। उन्हें पार्टी में कार्य करते रहने की सलाह दी गई है। सलीम ने पार्टी में मुस्लिमों की अनदेखी होने का आरोप लगाया था और नाराजगी जताते हुए इस्तीफा दे दिया था। बताया जा रहा है कि मुस्लिम वर्ग में सलीम की पैठ मजबूत होने के कारण सपा उन्हें खोना नहीं चाह रही है, इसी कारण उनका इस्तीफा अस्वीकार कर दिया गया है। सलीम वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव और फिर राज्यसभा चुनाव में टिकट न मिलने से नाराज थे।

आज से होगा मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन

मुरादाबाद, अमृत विचार : सोमवार से सावन शुरू हो रहा है। जिसके लिए रेलवे ने पूरी तरह तैयारी कर ली है। रेलवे प्रशासन सोमवार से मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा। जिसके तहत हरिद्वार व योगनगरी से पांच ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। रेलवे द्वारा श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए हरिद्वार व योगनगरी ऋषिकेश में अतिरिक्त आरक्षण व जनरल बुकिंग काउंटर खोले हैं। इसके अलावा दोनों स्टेशनों पर अतिरिक्त रैक का इंतजाम किया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि सावन को देखते हुए कांवड़ मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने का शेड्यूल तैयार कर लिया गया है। पांच मेला स्पेशल ट्रेनों के अलावा दो मेमू ट्रेनों को विस्तार देते हुए हरिद्वार तक चलेगी।

पूर्व सांसद का दामाद गैंगस्टर मामले में फिर गिरफ्तार

तुलसीपुर (बलरामपुर), अमृत विचार : पूर्व सांसद रिजवान जहीर वह उनके परिवार की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उनके दामाद रमीज नेमत को अब पुलिस ने गैंगस्टर के मामले गिरफ्तार किया है। पुलिस उनसे मिली जानकारी के आधार पर अन्य बिंदुओं की जांच पड़ताल कर रही है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि रमीज नेमत पर उनके आपराधिक इतिहास को देखते हुए गिरोह बंद अधिनियम का मुकदमा दर्ज था। इस मामले में उनकी तलाश पुलिस कर रही थी। जानकारी के आधार पर पुलिस की एक टीम कौशाम्बी भेजी गई थी। वहां से रमीज नेमत को गिरफ्तार किया गया है।

उप्र में जल्द होगा रिहंद व ओबरा जलाशय का सर्वे

लखनऊ, अमृत विचार : टिहरी बांध की तर्ज पर प्रदेश में पंप स्टोरेज प्लांट लगाने की तैयारी तेज हो गई है। रिहंद व ओबरा जलाशय का सर्वे जल्द शुरू होगा। शासन के अधिकारियों ने बताया कि सोनभद्र जिले के पिपरी में स्थित रिहंद बांध के पानी के आकलन व चिन्हाकन की प्रक्रिया को पूरा करने के निर्देश दिये हैं। परियोजना के निर्माण व सर्वे कार्यों को पूरा करने के लिए जल्द किसी निजी एजेंसी को जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बांध के आकलन व चिन्हांकन की प्रक्रिया को रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल (आरएवी) व ड्रोन (अंडर वॉटर यूएवी) के जरिए पूरा किया जाएगा। 2डी व 3डी डाटा कैप्चरिंग तकनीक के जरिए आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया को एजेंसी निर्धारण व कार्यांवंटन के बाद तीन महीने की समयावधि में पूरा किया जाएगा।

हाथरस कांडः मृतकों के परिवार को सपा देगी एक-एक लाख रु.

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: हाथरस में सत्संग के बाद मची भगदड़ में जान गंवाने वालों के परिवार वालों को समाजवादी पार्टी की ओर से भी एक लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव के इस निर्णय के बाद जल्द ही उनका प्रतिनिधि मंडल पीलीभीत पहुंचेगा। स्थानीय पदाधिकारियों संग मृतकों के घर जाकर उनके परिवारजनों को मदद सौंपी जाएगी।

सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनपद हाथरस में हुए हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। जो भी लोग हाथरस कांड में मृत हुए। उनके आर्थिक सहयोग का ऐलान करते हुए इसके लिए प्रत्येक जनपद में एक प्रतिनिधि मंडल को अधिकृत किया गया है। ये प्रतिनिधि मंडल मृतकों के परिजनों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता सौंपेगा। जनपद पीलीभीत और लखीमपुर के लिए घोषित प्रतिनिधि मंडल मे जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी पीलीभीत जगदेव सिंह जग्गा सहित, आनन्द भदौरिया सांसद, उत्कर्ष वर्मा सांसद, शशांक यादव पूर्व एमएलसी आदि शामिल किए गए हैं।

बोगी में धुंआ देख कूदे यात्री, कई घायल

चन्दौसी, अमृत विचार : बरेली से दिल्ली जाने वाली पैसेंटर में फायर इंस्ट्रूमेंट खोलने से भगदड़ मच गई। यात्री चन्दौसी से आगे गुमथल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कूद गए। जिससे कई यात्री घायल हो गए। रेलवे स्टाफ ने पहुंचकर यात्रियों को शांत कराया। इसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। हादसे के बाद कुछ यात्रियों ने ट्रेन छोड़ दी और अपने घर के लिए रवाना हुए। रविवार की रात बरेली से चलकर चन्दौसी होकर दिल्ली जाने वाली पैसेंजर रात 8.10 बजे जैसे ही गुमथल स्टेशन पर पहुंची, तभी एक बोगी में किसी यात्री ने फायर इंस्ट्रूमेंट खोल दिया। जिससे बोगी में सफेद धुंआ होने से यात्रियों ने ट्रेन कूदना शुरू कर दिया।

अवैध रूप से रह रही बांग्लादेशी युवती गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कल्याणपुर/कानपुर

- घर में पहचान छिपाकर रखने वाली दो महिलाएं भी अरेस्ट

अमृत विचार : कल्याणपुर थानाक्षेत्र में बिना वीजा और पासपोर्ट के छह महीने से रह रही बांग्लादेशी युवती को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे घर में पहचान छिपाकर रखने वाली दो महिलाओं को भी गिरफ्तार किया है। बांग्लादेशी महिला के कब्जे से पुलिस ने एक पैन कार्ड, डिपेंडेट आईडी कार्ड, पीएनबी एटीएम कार्ड, दो अंगूठी, पांच मोबाइल, तीन विजिटिंग कार्ड और 849 रुपये बरामद किए हैं।

डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि इन दिनों ऑपरेशन प्रभात प्रहरी चलाया जा रहा है। जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इसी दौरान जानकारी मिली कि एक बांग्लादेशी महिला राधापुरम कश्यप नगर में दो महिला व उसके दोस्त के साथ रह रही है। ये भी जानकारी मिली कि वह महिला ठिकाना बदलने के उद्देश्य से बारासिरोही नहर पुल के आगे कहीं जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रही है। पुलिस मौके पर पहुंची तो तीन महिलाएं मिलीं। एक ने अपना नाम रीना और पति का नाम भोला प्रसाद कश्यप बताया। रीना ने बताया कि वह मूलरूप से कोलकाता के 24 परगना नहटी की रहने वाली है और वर्तमान में कल्याणपुर के कश्यप नगर राधापुरम में किराये के मकान में रह रही है। वहीं दूसरी महिला ने अपना नाम ज्योति निषाद और पति का नाम विनय निषाद बताया। ज्योति ने बताया कि वह नई दिल्ली के भोगल निजामुद्दीन की रहने वाली है। तीसरी युवती का नाम 20 वर्षीय नाजमा उर्फ पूजा है। वह सूविला फातियाबाद थाना देवीपार कुमिला बांग्लादेश की रहने वाली है। नाजमा ने बताया कि वह छह महीने पहले छिपते-छिपाते कानपुर आ गई थी।

पिकअप पलटने से तीन की मौत, 24 घायल

संवाददाता, फर्रुखाबाद

अस्पताल में भर्ती घायल।

- गंगा में अस्थि विसर्जन कर लौटते समय हुआ हादसा

अमृत विचार : गंगा में अस्थि विसर्जन कर लौट रहे इटावा जिले के लोगों से भरी पिकअप रविवार सुबह थाना जहानगंज के होरिकपुर मार्ग पर बिजली पोल से टकराकर पलट गई। पिकअप सवार तीन महिलाओं की उपचार के दौरान मौत हो गई वहीं 24 घायल हैं।

इटावा जिले के थाना सैफई के ग्राम भाला शैय्या निवासी दिलीप चन्द्र के पिता विनोद कुमार (58) की मृत्यु 30 जून को हो गई थी। उनकी अस्थियों को विसर्जित करने के लिए दिलीप चालक मुकुट के साथ अपने दो दर्जन से अधिक रिश्तेदारों और परिजनों के साथ शनिवार रात पिकअप से पांचाल घाट आए। रविवार तड़के पूजा-अर्चना, अस्थि विसर्जन करने के बाद सभी वापस जा रहे थे। जब थाना जहानगंज के होरिकपुर मार्ग पर पहुंचे, तभी चालक को झपकी आ गई और हादसा हो गया। उपचार के दौरान रामकली (73), रामादेवी (70), निवासी नहरौली थाना सैफई, थाना सैफई के भाला शैय्या निवासी सुशीला देवी (45) की मौत हो गई। घटना के बाद जिलाधिकारी डॉ. बीके सिंह और एसपी आलोक प्रियदर्शी जिला अस्पताल लोहिया पहुंचे और घायलों का हाल-चाल जाना।

12 वर्षीय बालक ने आठ वर्षीया चचेरी बहन से किया दुष्कर्म

निगोही, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव में 12 वर्षीय बालक ने आठ वर्षीया चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि शनिवार सुबह वह परिवार के साथ खेत पर धान की रोपाई करने गए थे। घर में आठ वर्षीया बेटी अपने 12 वर्षीया तहेरे भाई के साथ खेल रही थी। आरोप है कि इसी दौरान बालक ने चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। खेत पर धान की रोपाई कर रहे परिवार को गांव के एक व्यक्ति ने उन्हें सूचना दी कि उनकी बेटी को चोट लग गई है। जानकारी करने पर बेटी ने घटना के बारे में बताया। इसके बाद परिजन उसे निजी डॉक्टर के पास ले गए, जहां उसे सरकारी अस्पताल ले जाने की सलाह दी। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया और रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

गुरु पूर्णिमा पर अस्था का सैलाब...

मिर्जापुर (शाहजहांपुर)। रविवार को गुरु पूर्णिमा पर्व पर ढाई घाट पर गंगा स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने हर हर गंगे के उद्घोष के साथ गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य कमाया। इसके बाद धार्मिक अनुष्ठान कराए।

उत्तराखंड

कोसी में नहाने के दौरान बहे 4 लोग बचाए

हल्द्वानी, अमृत विचार : धनियाकोट के अंतर्गत कोसी नदी में नहाने गए चार लोग बह गए। इनमें एक बच्चा भी शामिल था। सूचना पर एसडीआरएफ, राजस्व विभाग और पुलिस की टीम ने चारों लोगों को नदी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। रविवार दोपहर करीब दो बजे ग्राम नौण पट्टी धनियाकोट के अन्तर्गत कोसी नदी में शिवम जायसवाल (20 वर्ष) पुत्र राम चरण निवासी दिल्ली, दीपांशु रावत (20 वर्ष) पुत्र गोपाल सिंह रावत निवासी दिल्ली, विवेक बिष्ट (12 वर्ष) पुत्र कैलाश बिष्ट निवासी धारी बेतालघाट और रोहित सिंह बिष्ट (18 वर्ष) पुत्र प्रेम सिंह निवासी नौगांव काकड़ीघाट नहाने गये थे। बारिश से कोसी नदी में अचानक जलस्तर बढ़ गया। जिस वजह से चारों नदी के किनारे पहाड़ी की ओर फंस गए। मौके पर चीख पुकार मच गई।

दून और पंतनगर हवाई सेवा का शेड्यूल बदला

संवाददाता, पंतनगर

- उड़ान योजना में फ्लाई बिग कंपनी की छह दिन की हवाई सेवा किराया 1999 रुपये से शुरू

अमृत विचार : उड्डयन मंत्रालय की क्षेत्रीय संपर्क योजना 'उड़ान' के तहत राजधानी देहरादून और सीमांत (पिथौरागढ़) के बीच संचालित हवाई सेवा से लगभग 12-15 घंटे की दूरी मात्र एक-डेढ़ घंटे में सिमट गई है। पर्यटन और व्यावसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस हवाई सेवा का अब शेड्यूल बदल गया है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) से संचालन की अनुमति मिलने के बाद फ्लाई बिग ने दो फरवरी से इस हवाई सेवा को शुरू किया था। जिसे अब तीन साल का और विस्तार मिल गया है। कंपनी इस हवाई मार्ग पर अपने नए 19 सीटर एयरक्राफ्ट से हवाई सेवा मुहैया करवा रही है। उड़ान योजना के तहत पंतनगर-पिथौरागढ़ के बीच किराया 1999 रुपये से शुरू होकर लगभग पांच हजार रुपये के बीच निर्धारित किया गया है। जून में इस हवाई सेवा की अवधि समाप्त होने पर इसके बंद होने के कयास लगने शुरू हो गए। साथ ही यह हवाई सेवा कुछ दिनों के लिए बंद भी हो गई थी। तीन साल का सेवा विस्तार मिलने के बाद कंपनी ने अब इस हवाई सेवा को सप्ताह में छह दिन पुनः संचालित करना शुरू कर दिया है।

बारिश से पूर्णागिरि मार्ग हुआ बंद

टनकपुर, अमृत विचार : रविवार सुबह चम्पावत जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में हुई भारी बारिश से कई जगह जलभराव हो गया। पूर्णागिरि मार्ग के बाटनागाड़ में आए मलबे से ककरालीगेट-पूर्णागिरि मार्ग रविवार को दिनभर बंद रहा। राहत की बात यह रही कि रविवार को भी टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग खुला रहा। मलबा गिरने से जिले की 12 ग्रामीण सड़कों पर भी आवागमन नहीं हो पाया। बनबसा शारदा बैराज में शारदा नदी का जल स्तर बढ़ने से अलर्ट के चलते भारत-नेपाल के बीच आवाजाही भी बंद रही। स्वांला, धौन, चल्थी, सूखीढांग सहित कई जगह आंशिक मलबा गिरा लेकिन इससे आवाजाही ज्यादा देर तक प्रभावित नहीं हुई। जिले की 12 सड़कें दिनभर बंद रहीं।

दो महिलाओं ने चोरी किए लाखों के जेवर

संवाददाता, रुद्रपुर

रुद्रपुर में सीसीटीवी में कैद संदिग्ध महिलाएं।

- ग्राहक बनकर आईं महिलाओं ने भारतीय मूल की अमेरिकी महिला के पर्स पर मारी सेंध

अमृत विचार : मुख्य बाजार स्थित एक होजरी की दुकान पर ग्राहक बनकर आईं दो महिलाओं ने भारतीय मूल की अमेरिकी महिला के पर्स से लाखों के जेवरात चोरी कर लिए। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। अमेरिका में विवाहित पीड़िता अपनी मां के साथ बाजार में खरीदारी करने आई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर संदिग्ध महिलाओं की तलाश शुरू कर दी है।

तराई मॉडल एजेंसी किच्छा निवासी ऊषा सिंह ने बताया कि उसकी बेटी अमेरिकी से घर आई थी और 18 जुलाई की दोपहर को मां-बेटी रुद्रपुर की मनिहारी गली स्थित वर्मा होजरी पर खरीदारी करने गई थीं। तभी अचानक दो महिलाएं आयी जिसमें से एक महिला गर्भवती दिख रही थी। दोनों महिलाएं जब चिपक कर खड़ी होने लगीं तो उन्होंने दूर रहने को कहा। इस बीच एक महिला ने उनकी बेटी पूजा सिंह के पर्स से एक लाख डॉलर कीमत के सफेद हीरा जड़ित हेयरिंग सेट, सोने का सुई धागा और सोने-हीरे की बाली चोरी कर ली। जब दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया तो दोनों संदिग्ध महिलाएं चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो चुकी थीं। शिकायतकर्ता ऊषा रानी ने बताया कि कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना था कि सोने का सुई धागा बेटी को उसके भाई ने तोहफे के रूप में दिया था, जिसके चोरी होने के बाद बेटी को गहरा सदमा लगा है। बताया कि चोरी जेवरात की कीमत दस लाख रुपये के करीब है। उन्होंने पुलिस से मामले का पर्दाफाश किए जाने की मांग की। उधर, कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी में कैद संदिग्ध महिलाओं की तलाश की जा रही है।

शादी के बाद गहने लेकर भागी विवाहिता

रुद्रपुरः थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक विवाहिता घर से जेवरात लेकर फरार हो गई। नवविवाहिता शादी के दूसरे ही दिन मायके आ गयी थी। इसके बाद वह परिजनों की जिद पर मात्र तीन बार ही युवती अपने ससुराल गई थी। थाना ट्रांजिट कैंप एवं आवास विकास चौकी की रहने वाली एक युवती की 14 जुलाई को बहेड़ी के एक गांव के युवक से शादी हुई थी। शुक्रवार की सुबह जब घरवालों ने देखा कि विवाहिता घर पर नहीं है तो उन्हें संदेह हुआ। जब अलमारी देखी तो सिंगल व ट्रिपल पैडल युक्त सोने के मंगलसूत्र, दो जोड़ी चांदी की पायल, सोने की अंगूठी और सोने के झुमके के अलावा विवाहिता के कुछ कपड़े भी गायब थे। पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

कांवड़ यात्रा के दौरान चप्पे-चप्पे पर रहेगी चौकसी

हरिद्वार, अमृत विचार : पुलिस-प्रशासन ने सोमवार से शुरू हो रहे कांवड़ मेले-2024 को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमन ने मेले में तैनात पुलिस फोर्स की ब्रीफिंग की। मेला क्षेत्र में 22 ड्रोन व सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों से चप्पे-चप्पे की निगेहबानी की जाएगी।

फोर्स के उत्साहवर्धन को ड्यूटी में समर्पित एक पुलिस कर्मी को प्रतिदिन सम्मानित किया जाएगा। जिले में अलग-अलग स्थानों पर 21 सहायता केंद्र बनाए गए हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर राज्य की पुलिस भी मुस्तैद हो गई है। पूरे उत्तर प्रदेश में भी कांवड़ यात्रा की निगरानी ड्रोन से की जाएगी। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एडीजी अंशुमन ने रविवार को रोशनाबाद स्थित पुलिस लाइन के बहुद्देश्यीय भवन में कांवड़ मेला-2024 में नियुक्त पुलिस फोर्स की ब्रीफिंग की। इसमें कुमाऊं व गढ़वाल परिक्षेत्र से पहुंची फोर्स समेत अर्द्धसैनिक बल की आठ कंपनियां भी शामिल हुईं। एसपी सिटी को मेले का नोडलऔर एसपी ट्रैफिक को यातायात प्रबंधन का जिम्मा दिया गया है।

सस्ता सोना दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी

टनकपुर, अमृत विचार : नेपाल में सस्ता सोना दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गैंग के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 15 जुलाई को कैद सिंह निवासी ग्राम गांधी गिधौर गौझरिया पटिया खटीमा ने पुलिस को तहरीर सौंपी थी। जिसमें आरोपित हरकेश मीना, सन्नी, छिन्दर कौर तथा परमजीत सिंह पर सस्ता सोना दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर 3.20 लाख रुपये हड़पने और सन्नी पर सोना दिखाकर उसे अपने साथ ले जाकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था।

सरकारी नौकरियों में अग्निवीरों को मिलेगा आरक्षण

ब्यूरो, देहरादून

पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

- मुख्यमंत्री ने अनौपचारिक बातचीत में की घोषणा

अमृत विचार : हरियाणा के बाद उत्तराखंड में भी अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसकी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यदि जरूरी हुआ तो इसका कानून भी बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी ने रविवार को कैनाल रोड पर हुए कार्यक्रम के बाद मीडिया से हुई अनौपचारिक बातचीत में कहा कि राज्य सरकार ने पहले ही निर्णय लिया था कि प्रदेश के अग्निवीरों को सरकारी विभागों में नौकरियों में नियुक्तियां दी जाएंगी। उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आरक्षण देंगे। यदि जरूरत पड़ी तो होगा तो इसके लिए एक्ट भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेना में चार वर्ष की नौकरी के बाद वापस आने वाले अग्निवीर अपने सुरक्षित भविष्य को लेकर आशंकित न रहें इसके लिए अधिकारियों को ठोस योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उत्तराखंड सैनिक बाहुल्य प्रदेश है।

यहां के युवा बड़े पैमाने पर भारतीय सेना में भर्ती होते हैं लिहाजा, सेना में चार साल की सेवा पूरी करने के बाद रिटायर्ड जवानों को नियुक्ति देने में राज्य सरकार कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। सैनिक कल्याण विभाग इस सम्बंध में प्रस्ताव तैयार करने में जुट गया है। राज्य सरकार इस दिशा में गंभीरता से काम कर रही है।

मैनेजर ने कंपनी को लगाया चूना लाखों का लोन रिश्तेदारों में बांटा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गाड़ियों के शोरूम को लोन देने वाली फाइनेंस कंपनी को उसी के मैनेजर ने लाखों रुपये का चूना लगा दिया। लोन शोरूम मालिकों तक नहीं पहुंचा तो मामले की पड़ताल शुरू हुई और मामला खुल गया। पता लगा कि मैनेजर ने पास हुआ 21 लाख रुपये का लोन दोस्तों और रिश्तेदारों में बांट दिया।

कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर अंतरिक्ष मेहता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि एसकेएस फाइनेंस लिमिटेड न्यू मार्केट खासाकोठी जयपुर राजस्थान में स्थित है। हल्द्वानी स्थित दुर्गासिटी सेंटर के गुरुनानक टॉवर में भी उनका कार्यालय है, जहां बिजनेस डवलपमेंट मैनेजर ईशान वर्मा काम करते हैं। ईशान का काम गाड़ी शोरूम डीलर्स को कंपनी की ऋण संबंधी योजना बताकर लोन पास कराना था। एक साल में ईशान ने 10 से भी ज्यादा शोरूम डीलर्स के लोन पास कराए, लेकिन लोन की रकम डीलर तक नहीं पहुंची। कंपनी ने पूछताछ की तो मामला खुल गया। पता चला कि ईशान ने लोन की रकम को अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया।

एक नजर

28 जुलाई को कोल्हापुर आएंगी राष्ट्रपति मुर्मु

कोल्हापुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 28 जुलाई (रविवार) को महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में पन्हाला तहसील के वर्णनगर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए यहां आएंगी। मुर्मु के दौरे के मद्देनजर कलेक्टर कार्यालय में रविवार को जिला कलेक्टर अमोल येडगे और पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) महेंद्र पंडित की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। राष्ट्रपति 28 जुलाई की सुबह यहां पहुंचेंगी और सीधे करवीर निवासिनी देवी श्री महालक्ष्मी मंदिर जाकर देवी की पूजा-अर्चना करेंगी।

मीणा के काफिले में शामिल कार क्षतिग्रस्त

भरतपुर। राजस्थान के सवाईमाधोपुर में मलारना डूंगर थाना क्षेत्र के लालसोट-कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर भाडौती पुलिस चौकी के सामने तेज रफ्तार डंपर से बचने के प्रयास में कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के काफिले में शामिल तीन लग्जरी कार रविवार को आपस मे टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए रविवार दोपहर सवाई माधोपुर पहुंचे मंत्री डॉ. मीणा का काफिला हादसे के समय सवाई माधोपुर से लालसोट की तरफ जा रहा था। दुर्घटना में किसी प्रकार की कोई जन हानि नहीं हुई।

जालसाजी के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के विधायकपुरी थाना क्षेत्र में जालसाजी से प्रॉपर्टी बेचने के आरोपियों की गिरफ्तारी मांग को लेकर पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित एवं सूरजपोल निवासी अकील अहमद ने रविवार को यहां मीडिया को बताया कि विधायकपुरी थाने में दो साल पहले उनकी पत्नी फरजाना (52) ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था कि चमेली मार्केट में उन्होंने प्रॉपर्टी खरीदी और उसका पट्टा एवं अन्य दस्तावेज भी उनके नाम पर है लेकिन आरोपियों ने जालसाजी कर उनकी प्रॉपर्टी का कुछ हिस्सा बेचान कर दिया।

गुजरात की जेल से शराब मोबाइल फोन बरामद

कच्छ। गुजरात की एक जेल में पुलिस द्वारा अचानक की गई छापेमारी में शराब, मोबाइल फोन और नकदी सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुएं बरामद की गईं, जबकि छह कैदी नशे में पाए गए। इसके बाद जेलर और चार अन्य जेल कर्मियों को निलंबित कर दिया गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि गांधीधाम की गलपादर जिला जेल में छापेमारी के बाद हत्या के मामलों में गिरफ्तार कुछ खूंखार अपराधियों समेत नौ कैदियों पर मद्य निषेध अधिनियम और कैदी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने एक बयान में बताया कि जिला पुलिस की टीमों को शराब से भरी एक बोतल, चार मोबाइल फोन और 50,000 रुपये नकद मिले हैं।

सीने में दर्द के बाद सेंथिल को ले गए अस्पताल

चेन्नई। प्रवर्तन निदेशालय के एक मामले में जेल में बंद तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को सीने में दर्द के बाद रविवार को जेल अधिकारियों द्वारा अस्पताल ले जाया गया। सूत्रों ने बताया कि बालाजी ने बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें पुझल केंद्रीय कारागार के अधिकारियों द्वारा सरकारी स्टेनली अस्पताल ले जाया गया।

राइफल से गोली लगने से पुलिसकर्मी की मौत

जम्मू। ड्यूटी पर तैनात 43 वर्षीय एक पुलिसकर्मी को कथित तौर पर सर्विस राइफल गलती से चलने से गोली लग गई, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं यह आत्महत्या का मामला तो नहीं है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिसकर्मी नगरोटा के रहने वाले थे और उनका नाम जय राज था। वह चन्नी इलाके में ड्यूटी पर थे, तभी आज शाम उनकी राइफल से गोली चल गई। अधिकारियों बताया कि उनके सहकर्मियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

मणिपुर में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

इंफाल। मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को लामलेन पुलिस थाना क्षेत्र के टेकचाम में हुई और मृत व्यक्ति की पहचान आर के पृथ्वी सिंह के रूप में की गई है। पुलिस के मुताबिक, व्यक्ति की आंखों पर पट्टी बंधी थी, उसके हाथ उसकी पीठ के पीछे बांधे गए थे और उसे बहुत नजदीक से गोली मारी गई थी।

विरासत सिर्फ इतिहास नहीं, बल्कि मानवता की साझा चेतना है : मोदी

भारत मंडपम में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र के समारोह में बोले प्रधानमंत्री

- भारत पहली बार यूनेस्को के प्रमुख कार्यक्रम की कर रहा मेजबानी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को लोगों को विश्व की भलाई और दिलों को जोड़ने के लिए विरासत की क्षमता का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विरासत सिर्फ इतिहास नहीं, बल्कि मानवता की साझा चेतना है। यहां भारत मंडपम में विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) के 46वें सत्र के उद्घाटन समारोह में मोदी ने अपने संबोधन में विरासत की सार्वभौमिकता को भी रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि जब भी कोई ऐतिहासिक स्थलों को देखता है, तो हमारा मन वर्तमान भू-राजनीतिक कारकों से ऊपर उठ जाता है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि भारत यूनेस्को विश्व धरोहर केंद्र को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का योगदान देगा, जिसका उपयोग क्षमता निर्माण, तकनीकी सहायता और विश्व धरोहर स्थलों के संरक्षण के लिए किया जाएगा। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि यह धन ग्लोबल साउथ के देशों के लिए उपयोगी होगा। ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है। भारत पहली बार 21 जुलाई से 31 जुलाई तक यूनेस्को के प्रमुख कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा है। मोदी के साथ मंच पर यूनेस्को की महानिदेशक ऑड्रे अज़ोले, विदेश मंत्री एस जयशंकर और केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित अन्य लोग मौजूद थे।

नई दिल्ली में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में प्रदर्शनी का दौरा किया, जिसमें देश में वापस लाई गईं कुछ कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि अब तक 350 से अधिक कलाकृतियां देश में लाई जा चुकी हैं। प्रदर्शनी देखने के दौरान मोदी के साथ यूनेस्को की महानिदेशक भी मौजूद थीं जिन्होंने साड़ी पहन रखी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राचीन कलाकृतियों की वापसी वैश्विक उदारवाद एवं इतिहास के प्रति सम्मान की भावना को दर्शाती है। 46वां डब्ल्यूएचसी सत्र विश्व की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यताओं में से एक में हो रहा है। मोदी ने उन अभियांत्रिकी उपलब्धियों की भी सराहना की जो प्राचीन विरासत स्थलों में दिखाई देती हैं।

बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए दो करोड़ देंगे हेमंत सोरेन

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्वोत्तर राज्य के बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए दो करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने इस कदम के लिए हेमंत सोरेन और झारखंड के लोगों का आभार जताया।

हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए असम के मुख्यमंत्री राहत कोष में दो करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। इधर, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा- आपदा की घड़ी में झारखंड देश के राज्यों के साथ हमेशा संवेदनशीलता के साथ खड़ा रहा है। मां कामाख्या से मैं विनती करता हूं कि असम वासी बाढ़ की इस विभीषिका से उबर कर जल्द सामान्य जीवन यावन शुरू करेंगे। उल्लेखनीय है कि असम में अब तक बाढ़ से 113 लोगों की मौत हो चुकी है और असम के 10 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं।

अभियान में लापरवाही या देरी नहीं हुई : सिद्धरमैया

अंकोला (कर्नाटक), एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने रविवार को शिरूर के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 66 पर बचाव कार्यों का निरीक्षण किया, जहां पिछले सप्ताह भारी भूस्खलन हुआ था। उन्होंने अधिकारियों और बचाव दलों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए, क्योंकि क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है। उन्होंने कहा कि बचाव कार्य में उनकी सरकार की ओर से कोई लापरवाही या देरी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि भूस्खलन में मारे गए लोगों के परिवारों को पांच लाख रुपए का मुआवजा दिया जाना चाहिए।

सिद्धरमैया ने कहा, 16 जुलाई को राष्ट्रीय राजमार्ग 66 पर भूस्खलन के कारण लगभग 10 लोग लापता हो गए थे। उनमें से सात के शव बरामद कर लिए गए हैं। एसडीआरएफ के 44 और एनडीआरएफ के 24 कर्मी बचाव अभियान का हिस्सा हैं। भारी बारिश के बीच भूस्खलन स्थल का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सेना के 44 जवान भी आज वहां पहुंच गए हैं, जबकि नौसेना पहले दिन से ही अभियान में सहायता कर रही है। उन्होंने कहा, भूस्खलन की चपेट में एक खाली गैस टैंकर और एक भरा हुआ टैंकर (गैस का नियंत्रित रिसाव अब किया जा चुका है) समेत कई वाहन आए थे। घटनास्थल पर एक चाय की दुकान थी और इस घटना में इसे (चाय दुकान) चलाने वाले एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई थी...मैंने जिला प्रशासन और जिला प्रभारी मंत्री से बचाव अभियान तेजी से पूरा करने को कहा है, क्योंकि भारी बारिश हो रही है।

- बोले- भूस्खलन में मारे गए लोगों के परिवारों को पांच लाख रुपए का मुआवजा दिया जाना चाहिए

दिल्ली विवि के कॉलेजों के लिए 100 करोड़ रुपये जारी

नयी दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली सरकार की शिक्षा मंत्री आतिशी ने वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के 12 कॉलेजों के लिए 100 करोड़ रुपये का कोष जारी किया। दिल्ली सरकार की वित्तीय प्रतिबद्धता की दूसरी किस्त के तहत इन कॉलेजों को यह राशि दी गई है। रविवार को जारी किए एक बयान के अनुसार, दिल्ली सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 12 कॉलेजों के लिए 400 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है।

आचार्य नरेंद्र देव कॉलेज, अदिति महाविद्यालय, भगिनी निवेदिता कॉलेज, भास्कराचार्य कॉलेज, दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज, डॉ. भीम राव अंबेडकर कॉलेज, इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज, केशव महाविद्यालय, महाराजा अग्रसेन कॉलेज, महर्षि वाल्मिकी कॉलेज, शहीद राजगुरु कॉलेज और शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज को कोष दिया गया है। दिल्ली सरकार ने कहा कि अरविंद केजरीवाल नीत सरकार के सत्ता में आने के बाद से इन संस्थानों का बजट तीन गुना से भी अधिक बढ़ गया है। आतिशी ने कहा कि शिक्षा हमेशा से केजरीवाल सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रही है।

- दिल्ली सरकार की वित्तीय प्रतिबद्धता की दूसरी किस्त के तहत कॉलेजों को राशि दी गई

अमरनाथ यात्रा की छड़ी मुबारक को पहलगाम ले जाया गया

श्रीनगर। अमरनाथ यात्रा की छड़ी मुबारक को अनुष्ठान के बीच रविवार को दशनामी अखाड़ा भवन से पहलगाम ले जाया गया। छड़ी मुबारक के संरक्षक महंत दीपेंद्र गिरि ने कहा कि आषाढ़ पूर्णिमा के पावन अवसर पर पहलगाम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन, नवग्रह पूजन, छड़ी पूजन और ध्वजारोहण समारोह आयोजित किए गए। इन्हें पारंपरिक और धार्मिक रूप से स्वामी अमरनाथ जी की वार्षिक तीर्थयात्रा के आरंभ का प्रतीक माना जाता है।

गिरि ने बताया कि स्वामी अमरनाथ जी की वार्षिक तीर्थयात्रा के मुख्य कार्यक्रम से पहले छड़ी मुबारक एक महत्वपूर्ण परंपरा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साधु, तीर्थयात्री और मार्तंड से आए कई कश्मीरी पंडित परिवार मौजूद थे और वे अनुष्ठान में भी शामिल हुए।

स्कूल भर्ती घोटाले में पार्थ की गिरफ्तारी हो सकती है तो नीट में प्रधान की क्यों नहीं

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने रविवार को कहा कि अगर पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को स्कूल भर्ती घोटाले में गिरफ्तार किया जा सकता है तो राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में गड़बड़ी को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा सकता। बनर्जी ने कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की शहीद दिवस रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राज्य में लोकसभा चुनाव में इसलिए खराब प्रदर्शन रहा कि वह जीत के लिए केंद्रीय एजेंसियों और धन बल के भरोसे थी।

बनर्जी ने यह भी कहा कि पार्टी उन नेताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू करेगी जो लोकसभा चुनावों के दौरान परिणाम देने में विफल रहे। टीएमसी नेता ने कहा कि वह लोकसभा चुनाव परिणाम के विश्लेषण में व्यस्त थे, इसलिए लोगों के बीच नहीं आ रहे थे। उन्होंने कहा, 21 जुलाई 2022 के एक दिन बाद प्रवर्तन निदेशालय ने पार्थ चटर्जी के घर पर छापा मारा था और उन्हें गिरफ्तार किया था। हम गलती करने वाले व्यक्ति का बचाव नहीं करते। बनर्जी ने कहा, हम अन्याय बर्दाश्त नहीं करते। लेकिन, अगर केंद्रीय एजेंसियां एसएससी-टीईटी घोटाले के लिए पार्थ चटर्जी के घर पर छापा मार सकती हैं और उन्हें गिरफ्तार कर सकती हैं, तो धर्मेंद्र प्रधान को नीट घोटाले के लिए क्यों नहीं गिरफ्तार किया जाना चाहिए? उन्होंने नीट पेपर लीक मामले को देश की आजादी के बाद भारत में सबसे बड़ा घोटाला करार दिया।

उन्होंने दावा किया कि राज्य के लोगों ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाया क्योंकि केंद्र में उसकी सरकार ने पश्चिम बंगाल के लिए निधि रोक दी थी। बनर्जी ने कहा, टीएमसी से लड़ने में असमर्थ भाजपा नेताओं ने गरीबों को उनके अधिकारों से वंचित करने के लिए हमला किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल के हक की मनरेगा और आवास योजना के कोष को रोक दिया। उन्होंने सड़कों के निर्माण, पानी और मध्याह्न भोजन के लिए निधि रोक दी।

- शहीद दिवस रैली को संबोधित करते हुए बोले तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी

व्यक्ति की मौत के बाद सदमे से गई पत्नी और बेटे की जान

जयपुर। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में अपने खेत में काम करते समय एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह खबर सुनकर उसकी पत्नी और बेटे की भी सदमे से जान चली गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

बडलियास थाना प्रभारी सिद्धार्थ प्रजापत ने बताया कि सत्यनारायण सोनी (53) की खेत में काम करने के दौरान तबीयत खराब होने से शनिवार को मौत हो गई। उसकी मौत की खबर मिलने पर उसकी पत्नी ममता (50) और बेटे आशुतोष सोनी (19) की तबियत खराब हो गई। दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान रविवार सुबह दोनों की मौत हो गई। एसएचओ ने बताया कि ममता और आशुतोष की मौत सदमे से हुई है। रविवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

जिंदल समूह के अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज

कोलकाता, एजेंसी

- एक महिला यात्री के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के मामले में की गई कार्रवाई

जिंदल समूह की एक कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ कोलकाता-अबू धाबी उड़ान में एक महिला यात्री के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। बिधाननगर सिटी पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला के माता-पिता द्वारा शनिवार को कोलकाता के उत्तरी बाहरी क्षेत्र स्थित हवाई अड्डा थाने में दी गई शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि पीड़िता ने अपनी शिकायत ईमेल भी की है जिसे वे औपचारिक मान रहे हैं।

अधिकारी ने कहा कि पीड़िता का बयान दर्ज करने के लिए उसके साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की योजना बनाई जा रही है। महिला यात्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में आरोप लगाया था कि कंपनी के कार्यकारी अधिकारी ने उसे मूवी क्लिप बताकर कुछ अश्लील वीडियो दिखाए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भारत न्याय संहिता की धारा 74 (किसी महिला की गरिमा को नुकसान पहुंचाने के इरादे से हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) और 75 (किसी महिला की गरिमा को नुकसान पहुंचाने के लिए कोई शब्द बोलना या इशारे करना या किसी भी रूप में कोई वस्तु प्रदर्शित करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। शुक्रवार को जिंदल स्टील एंड पावर के प्रमुख नवीन जिंदल ने कार्यकारी अधिकारी के खिलाफ छेड़छाड़ के आरोपों की जांच का वादा करते हुए कहा था कि उनके समूह की ऐसे मामलों में कतई बर्दाश्त नहीं की नीति है।

पर्वतारोही

अंतर्राष्ट्रीय खेल परिषद (सीआईएसएम) ओर से आयोजित क्लाइंबिंग फॉर पीस कार्यक्रम में 13 देशों की टीमों ने भाग लिया, जिसमें एकमात्र महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर सृष्टि ठाकुर शामिल हुई जो एक कुशल पर्वतारोही हैं। ● एजेंसी

पन्नू की हत्या पर भारत से बातचीत सम्मानजनक

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन ने कहा कि सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के आरोपों के संबंध में भारत के साथ बातचीत सम्मानजनक और प्रभावी रही है, क्योंकि यह बंद दरवाजों के पीछे हो रही है। इस साजिश में एक भारतीय सरकारी अधिकारी की कथित रूप से संलिप्तता का दावा किया गया है।

पिछले साल नवंबर में अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर न्यूयॉर्क में पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारत सरकार के कर्मचारी के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया था। गुप्ता को पिछले साल जून में चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था और 14 जून को उन्हें अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया था।

- साजिश में एक भारतीय अधिकारी की कथित संलिप्तता का किया गया दावा: सुलिवन

सुलिवन ने कहा, इस मुद्दे पर भारत के साथ हमारी रचनात्मक बातचीत हुई है। हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि हम इस पर क्या रुख रखते हैं और हम क्या देखना चाहते हैं। मेरे विचार से यह (बातचीत) सम्मानजनक और प्रभावी रही है, क्योंकि यह बंद दरवाजों के पीछे हो रही है। सुलिवन ने पन्नू की हत्या के प्रयास से संबंधित आरोपों को लेकर एक सवाल पर शुक्रवार को कोलोराडो में एस्पेन सिक्योरिटी फोरम में यह बात कही।

गुजरात में चांदीपुरा वायरस से पांच मौतें

अहमदाबाद। गुजरात में रविवार को चांदीपुरा वायरस के 13 नए संदिग्ध मामले सामने आए और पांच लोगों की मौत हो गई। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने यह जानकारी दी। नवीनतम मामलों के साथ राज्य में अब तक पुष्ट और संदिग्ध मामलों की कुल संख्या 84 हो गई है, जबकि मृतकों की संख्या 32 हो गई है।

अहमदाबाद (दो संक्रमण), अरावली (दो), बनासकांठा (दो), सुरेंद्रनगर (एक), गांधीनगर (एक), खेड़ा (एक), मेहसाणा (एक), नर्मदा (एक), वडोदरा (एक) और राजकोट से (एक) नए संदिग्ध मामले सामने आए हैं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने एक बयान में कहा कि संदिग्ध तौर पर चांदीपुरा वायरस के कारण हुई पांच मौतों में एक-एक महिसागर, खेड़ा और वडोदरा और दो बनासकांठा में हुईं।

यूक्रेन के हमले में डोनेत्स्क क्षेत्र में दो लोगों की मौत

कीव, एजेंसी

- रूस और यूक्रेन ने एक-दूसरे के खिलाफ रविवार को ड्रोन मिसाइल और गोलाबारी की

रूस और यूक्रेन ने एक-दूसरे के खिलाफ रविवार को ड्रोन, मिसाइल और गोलाबारी की। रूसी सरकारी मीडिया ने बताया कि रूस के आंशिक रूप से कब्जे वाले डोनेत्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि रूसी हमलों में कम से कम पांच लोग घायल हो गए। रूस ने कहा कि उसने पूर्व दिशा में अग्रिम पंक्ति में दो गांवों पर नियंत्रण कर लिया है, एक खारकीव क्षेत्र में और दूसरा लुहांस्क क्षेत्र में।

रूसी सरकारी समाचार एजेंसी रिया नोवोस्ती ने बताया कि डोनेत्स्क क्षेत्र के रूस के कब्जे वाले इलाकों में यूक्रेन की गोलाबारी में होर्लिव्का गांव में दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार सुबह बताया कि दक्षिणी यूक्रेन के आंशिक रूप से कब्जे वाले खेरसॉन क्षेत्र में रूसी ड्रोन हमलों में तीन लोग घायल हो गए। देश के उत्तर-पूर्व में, खारकीव क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि रूसी गोले की चपेट में आने से एक गांव में दो लोग घायल हो गए।

वायुसेना कमांडर मायकोला ओलेशुक के अनुसार, रविवार रात में यूक्रेन की वायु रक्षा ने रूस द्वारा प्रक्षेपित 39 ड्रोन में से 35 को रोक दिया। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, रूस ने तीन बैलिस्टिक मिसाइल और दो गाइडेड एयर मिसाइल प्रक्षेपित कीं, जो अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाईं।

आर्मस्ट्रांग की हत्या के मामले में एक और गिरफ्तारी

चेन्नई। बसपा की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के. आर्मस्ट्रांग की हत्या के आरोप में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

ग्रेटर चेन्नई पुलिस ने बताया कि जांच के तहत इस मामले में 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और पूछताछ के दौरान आरोपी अरुल ने खुलासा किया कि उसने आरोपियों के मोबाइल फोन नष्ट करने के लिए 37 वर्षीय के. हरिधरन को सौंपे थे। पेशे से वकील हरिधरन पड़ोसी तिरुवल्लूर जिले के कदंबत्तूर में अन्नाद्रमुक यूनियन कमेटी का सदस्य है। पुलिस की ओर से रविवार को जारी बयान के अनुसार, अरुल ने पुलिस कर्मियों को बताया कि हरिधरन ने छह मोबाइल फोन इकट्ठा करने के बाद उन्हें वेंगाथुर में कोसस्थलाई नदी में फेंक दिया था।

आरएसएस की गतिविधियों में सरकारी कर्मियों के भाग लेने पर लगा प्रतिबंध हटा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेताओं के एक्स पर किए पोस्ट का आधिकारिक आदेश की सत्यता का फिलहाल पता नहीं

कांग्रेस ने पिछले सप्ताह जारी कथित आधिकारिक आदेश का हवाला देते हुए रविवार को दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने पर लगा प्रतिबंध हटा लिया गया है। कांग्रेस नेताओं द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए कथित आधिकारिक आदेश की सत्यता का फिलहाल पता नहीं चल सका है, लेकिन भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने भी आदेश का स्क्रीनशॉट साझा किया और कहा कि 58 साल पहले जारी एक असंवैधानिक निर्देश को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने वापस ले लिया है।

कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय की ओर से नौ जुलाई को जारी ज्ञापन साझा किया, जो आरएसएस की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों की भागीदारी से संबंधित है। उक्त आदेश में कहा गया है कि उपर्युक्त निर्देशों की समीक्षा की गई और यह निर्णय लिया गया कि 30 नवंबर 1966, 25 जुलाई 1970 और 28 अक्टूबर 1980 के संबंधित ज्ञापनों से संघ का उल्लेख हटा दिया जाए। आदेश की तस्वीर के साथ पोस्ट में रमेश ने कहा कि फरवरी 1948 में गांधी जी की हत्या के बाद सरदार पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था। इसके बाद अच्छे आचरण के आश्वासन पर प्रतिबंध हटाया गया। इसके बाद भी आरएसएस ने नागपुर में कभी तिरंगा नहीं फहराया। उन्होंने पोस्ट में कहा कि 1966 में आरएसएस की गतिविधियों में भाग लेने वाले सरकारी कर्मचारियों पर प्रतिबंध लगा था और यह सही निर्णय था। यह 1966 में जारी किया गया आधिकारिक आदेश है। 4 जून 2024 के बाद स्वयंभू नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री और आरएसएस के बीच संबंधों में कड़वाहट आई है। नौ जुलाई 2024 को 58 साल का प्रतिबंध हटाया गया जो अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल के दौरान भी लागू था। रमेश ने कहा कि नौकरशाही अब निक्कर में भी आ सकती है। कांग्रेस नेता ने यह बात आरएसएस की खाकी निक्कर वाली पोशाक की ओर इशारा करते हुए कही, जिसे 2016 में भूरे रंग की पतलून से बदल दिया गया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

षडेव तु गुणा : पुंसा न हातव्या : कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृति : ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।

संपादकीय

बुजुर्गों की आबादी

दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत में पिछले 50 वर्षों में लगातार जनसांख्यिकीय परिवर्तन के कारण 60 वर्ष से अधिक आयु की आबादी में लगातार वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या (यूएनएफपीए) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में बुजुर्गों की आबादी 2050 तक दोगुनी होने की संभावना है। चिंता की बात है बुजुर्गों की आबादी में वृद्धि के साथ ही देश भर में रुग्णता और मृत्यु दर का अभूतपूर्व बोझ भी आएगा। ऐसे में उनके लिए गरीबी बड़ी समस्या रहेगी। वास्तव में देश में तेजी से बढ़ रही बुजुर्गों की आबादी सरकार के लिए चिंता की बात है। ऐसे में बुजुर्गों को खास ध्यान में रखकर अभी से नीतियां बनाने की जरूरत है ताकि उन्हें स्वास्थ्य सेवा आवास और पेंशन मिल सके। इसकी जरूरत खासकर बुजुर्ग महिलाओं को रहेगी, जो बुढ़ापे में अकेली पड़ सकती हैं। यूएनएफपीए- इंडिया की प्रमुख एंड्रिया वोजनार ने कहा है कि देश में खासकर बुजुर्ग महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवा, आवास और पेंशन में अधिक निवेश किए जाने की जरूरत है। भारत में बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य तक पहुंच की मुख्य चुनौतियों में शारीरिक बाधाओं में कम गतिशीलता, सामाजिक जुड़ाव में कमी और स्वास्थ्य प्रणाली की सीमित पहुंच शामिल हैं। साथ ही भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली में स्वास्थ्य व्यय के लिए दी जाने वाली वित्तीय सुरक्षा की सीमाएं शामिल हैं।

बुजुर्गों के सामने आने वाली स्वास्थ्य और सामाजिक स्थितियां, स्वास्थ्य तक पहुंच में एक और सामाजिक बाधा है, जो भारतीय मामले में अनोखे तरीकों से प्रकट होती है बुढ़ापे में स्वस्थ और कार्यरत दोनों रहने की विरोधाभासी चुनौतियों का सामना करते हैं। बुजुर्गों का गिरता स्वास्थ्य और ऊर्जा नियोक्ताओं को उन्हें नियमित कार्यबल में काम पर रखने से हतोत्साहित करती है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां रोजगार के अवसर आम तौर पर अवसर कम होते हैं। वोजनार ने कहा कि भारत में 2050 तक 50 प्रतिशत शहरी आबादी होने का अनुमान है। ऐसे में वायु प्रदूषण समेत दूसरी पर्यावरणीय समस्याएं भी गंभीर हो सकती हैं। इनसे निपटने के लिए भी स्मार्ट शहरों, मजबूत बुनियादी ढांचे और किफायती आवास का निर्माण महत्वपूर्ण है। भारत में सामाजिक सुरक्षा का कोई जनसंख्या-व्यापी तंत्र नहीं है। भारत की दृष्टि से जलवायु परिवर्तन के अनुसार बदलाव को विकास योजनाओं में शामिल करना महत्वपूर्ण है। शहरी योजनाओं में महिलाओं की सुरक्षा संबंधी जरूरतों, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा एवं नौकरियों तक पहुंच को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए ताकि लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जा सके और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार हो सके।

बाढ़ और सुखाड़ का संबंध जल प्रबंधन से

गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

वैसे देखा जाए तो जीवन की उत्पत्ति पानी से ही हुई है, और अगर पृथ्वी पर जीवन की महत्ता के बारे में, प्रकृति के नियम जो बाढ़-सुखाड़ से संबंधित है, उनका वर्णन ब्रह्मवैवर्त पुराण में दिया गया है। जिसको एक प्राचीनतम पुराण माना गया है। इस पुराण का आध्यात्मिक महत्व और वैज्ञानिक महत्व है।

बाढ़ और सुखाड़ ये प्रकृति की देन है, इनको वश में करना भी प्रकृति के विरुद्ध कार्य है। यही कारण है कि पहली बारिश को हम उत्सव के रूप में मनाते थे। आज से पचास साल पहले ज्यादा बारिश होने से अगर नदी के पानी का स्तर बढ़ता था, तो लोगों के अनुसार घर पर जानवरों को बांधने के लिए जो खूंटा उपयोग में लाया जाता है, नदी का बढ़ता हुआ पानी उसको देखकर लौट जाता था। अगर यही पानी घर के दरवाजे तक आ जाता था तब घर की महिलाएं उसका स्वागत या प्रार्थना फूल व चावल डालकर करती थी, और नदी मैया से ये प्रार्थना करती थी, कि अब अपना रूख समुद्र तरफ कीजिए।

किसी भी देश में बाढ़ और सूखे जैसी समस्याओं से हर वर्ष आम आदमी का परेशान होना, ये जाहिर करता है कि पानी का प्रबंधन राज और समाज के द्वारा बेहतर तरीके से नहीं किया जा रहा है। तभी हर वर्ष हज़ारों करोड़ रूपये की संपदा का नुकसान होना, सैकड़ों लोगों का मौत के मुंह में जाना, इस बात की पुष्टि करता है कि, आज़ादी के 70 साल बाद भी हम इन बारिश की बूंदों से उत्पन्न आपदाओं से मुक्ति न पा सके। इतना ही नहीं भूमिगत जल को निचोड़ कर धरती का पेट खाली कर देना, अब नई तरह की समस्याओं को जन्म दे रहा है। गर्मियों के मौसम में देश की नदिया पानी की कमी व प्रदूषण के कारण से सिकुड़ती जा रही है एवं बारिश के समय बांधों के बाबजूद नदियों में बाढ़ का आना प्राकृतिक असंतुलन की तरफ इशारा करता है।

वैसे देखा जाए तो जीवन की उत्पत्ति पानी से ही हुई है, और अगर पृथ्वी पर जीवन की महत्ता के बारे में, प्रकृति के नियम जो बाढ़-सुखाड़ से संबंधित है, उनका वर्णन ब्रह्मवैवर्त पुराण में दिया गया है। जिसको एक प्राचीनतम पुराण माना गया है। इस पुराण का आध्यात्मिक महत्व और वैज्ञानिक महत्व है। ब्रह्मवैवर्त पुराण में समस्त भू-मंडल, जल-मंडल और वायु-मंडल के सभी जीवों के जन्म-मरण और पालन पोषण का वर्णन किया गया है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार सृष्टि में असंख्य ब्रह्मांड है। वैज्ञानिक भी इस बात का समर्थन करता है। इस पुराण के अनुसार प्रकृति ईश्वर की कृति है, इसलिए जब भी हम धरती पर कोई भी योजना या परियोजना का निर्णय लेते है तब नीति निर्माताओं को डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाते समय यह ध्यान में रखना चाहिए कि प्रकृति वास्तव में ईश्वर की कृति है। और जब हम प्रकृति को नुकसान पहुंचते है या खनिजों का दोहन करते है तब ये बात ध्यान में रखनी चाहिए कि हमारा मुकाबला किसके साथ है। अक्सर यह देखा गया कि वैज्ञानिको व इंजीनियर्स ने प्रकृति से सबक लेने के बजाय लालच के चलते उसके नियमों के खिलाफ हम और ज्यादा दुर्दांत व्यवहार करने लगते है। वेदों, पुराणों में जो कुछ भी प्रकृति के किस तरह का बर्ताव होना चाहिए या उसके नियम कानून क्या कहते है। उसको आज का समझदार व्यक्ति पोंगापंथी मानता है। यही कारण है कि प्रकृति द्वारा निर्धारित मर्यादा का उल्लंघन करते है। तब उसके परिणामों को झेलने के लिए हमको तैयार रहना चाहिए। आने वाली पीढ़ी जिसे आधुनिक विज्ञान का मास्टर बनाया जा रहा है। उनको ये भी बताया जाय कि हमारे बुजुर्गों द्वारा जो ज्ञान हमको दिया गया है। वो वर्षों के सहेजे गए अनुभवों पर आधारित है। किसी कल्पना व परिकल्पना पर आधारित नहीं है। अब समय आ गया है कि जिन नदियों ने हमको सभ्यता व संस्कृति दी, वह अब मौन हो चुकी है। उनका मुखर होना बहुत जरूरी है। क्योंकि नदियों में अब रस नहीं बचा, कारण नदियां अब सूखती जा रही है। इसलिए अगर हमें बोलती हुई नदियां, झीलें, तालाब चाहिए तो पुराने ज्ञान को पोंगापंथी न मानते हुए उनको अपने व्यवहार में लाना चाहिए। आज जिस तरह हम बाढ़ और सुखाड़ के नुकसान उठा रहे है उससे स्पष्ट है कि हमने पहले की घटनाओं से कुछ नहीं सीखा। उदाहरण के लिए अब ये आम सी बात हो गई है कि गहरा बोर वेल होने के कारण एक खेत में हरी भरी फसल लहलहा रही है और बगल के खेत में घास भी नहीं है। क्योंकि बगल वाले खेत के किसान के पास आर्थिक साधन उपलब्ध न होने के कारण वह गहरा बोर वेल नहीं करा पाया। इससे अब बगल के खेत वाला किसान रोज़ी रोटी कि खातिर, जिसके पास गहरा बोर वेल है यानी पानी है वो उसका मजदूर हो जाएगा। फिर एक दिन ऐसा आएगा की बोर का पानी भी ख़त्म हो जाएगा। तब दोनों खेत के किसान मजदूरी के लिए किसी तीसरे के पास जाएंगे या फिर शहर की ओर पलायन करेंगे। दिनेश मिश्रा, जिन्होंने पानी खासतौर पर बाढ़ के प्रबंधन पर काफी काम करके अनुभव प्राप्त किया है। उनका कहना है कि, आदमी की रीढ़ की हड्डी में 33 हड्डियां होती हैं और नौकरी करते-करते यानी एक अच्छे पद पहुंचने के बाद ही उसकी रीढ़ की सारी हड्डिया कमजोर होने लगती है। जब व्यक्ति की क्षमता क्षीण होने लगती है, तब वह तृष्णा के चलते खुशहाल बुढ़ापे के लिए अपना हित, स्वार्थ देखते हैं। यहीं से भ्रष्टाचार की शुरुआत हो जाती है। आज का वैज्ञानिक व पढ़ा लिखा व्यक्ति नक्षत्रों के बारे में कुछ नहीं जानता। उसको सिर्फ अंग्रेजी महीनों के नाम याद है। उसको नहीं मालूम कि रबी और खरीफ की फसल के लिए बीज किस नक्षत्र में बोना है। यानी वह विज्ञान जिस पर धरती पर जीवन आधारित है, जो असली विज्ञान है, जिसमें प्रकृति का प्रत्येक चक्र शामिल है, उसकी समस्या को आधुनिक तकनीकी के माध्यम से हल करना चाहते है। जबकि तकनीकी हर प्राकृतिक नियम के विरूद्ध कार्य करती है। इसके अलावा कभी किसी नीति निर्माता ने किसी भी योजना-परियोजना के लिए स्थानीय बुजर्ग लोगों से सलाह नहीं ली। यही कारण है कि, किसी भी योजना के परिणाम व लाभ पूरी तरह आम आदमी को नहीं मिल पाते हैं।

बाढ़ और सुखाड़ ये प्रकृति की देन है, इनको वश में करना भी प्रकृति के विरूद्ध कार्य है। यही कारण है कि पहली बारिश को हम उत्सव के रूप में मनाते थे। आज से पचास साल पहले ज्यादा बारिश होने से अगर नदी के पानी का स्तर बढ़ता था, तो लोगों के अनुसार घर पर जानवरों को बांधने के लिए जो खूंटा उपयोग में लाया जाता है, नदी का बढ़ता हुआ पानी उसको देखकर लौट जाता था।

अगर यही पानी घर के दरवाजे तक आ जाता था तब घर की महिलाएं उसका स्वागत या प्रार्थना फूल व चावल डालकर करती थी, और नदी मैया से ये प्रार्थना करती थी, कि अब अपना रूख समुद्र तरफ कीजिए। इसी तरह नदी के पानी के स्तर को देखते हुए उसका नाम व उसके प्रबंधन का तरीका बदल जाया करता था। जैसे अगर नदी का जल किसी मकान की खिड़की तक आ गया तो उसको "बोह", अगर छत तक तो कब उसको "हुमा", और अगर छप्पर यानी छत तक आ जाए तो "साह" कहा जाता था। "साह" के लिए तो बाकायदा यहां तक कहा गया है कोई व्यक्ति अपने जीवन में एक बार ही साह देख पाटा है। यानी "साह" 100 वर्ष में सिर्फ एक बार होती थी। इसी तरह भिन्न भिन्न स्तर तक पानी के आने को अलग-अलग नाम से बुलाया जाता था या है। मतलब भारत में बारिश के पानी को भी एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त था। इसी तरह सुखाड़ के लिए भी पानी प्रबंधन की व्यवस्था की जाती थी। जिसका उदाहरण भारत में प्रत्येक गांव व शहर में कुंए, बाबड़ी, तालाब के रूप में देखने को मिल जाएगा। पूरे भारत में खासतौर से दक्षिण, मध्य प्रदेश, बुंदेलखंड और राजस्थान में आज भी सैंकड़ों वर्ष पुराने ये जल प्रबंधन के तरीके सूखे से निपटने के लिए जीवंत है। यही कारण है कि भारत सरकार द्वारा तालाबों की महत्ता को देखते हुए अमृत सरोवर जैसी योजनाओं को लागू किया। नहीं तो ललितपुर जैसे जिले में एशिया में सबसे ज्यादा बांध है, वहां भी बाढ़ और सुखाड़ जैसी समस्याएं मुंह बाए प्रत्येक वर्ष खड़ी हो जाती हैं। इस परिस्थिति में आकर हमको बांध, नहर, नदियों का गठजोड़ नहीं बल्कि गांधी के बताए रास्ते व उनके विचार याद आते हैं।

प्रसंगवश

तलवार से ज्यादा ताकतवर कलम

सच्चाई के खुलासे और जनता को सूचित करने के लिए सद्भावनापूर्वक किया गया 'स्टिंग ऑपरेशन' अपराध की श्रेणी में यद्यपि नहीं आता है। लेकिन उन्हें सामान्य रूप से वैध नहीं कहा जा सकता और उनका मूल्यांकन प्रत्येक प्रकरण में अलग -अलग किया जाना चाहिए। केरल उच्च न्यायालय के एक निर्णय में मीडियाकर्मियों को अभियोजन से छूट दी गई है। न्यायमूर्ति पीवी कुन्हीकृष्णन ने जेल के अंदर स्टिंग ऑपरेशन करने का प्रयास करने वाले दो पत्रकारों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद करते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय दिया। इस निर्णय में लोकतंत्र में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका पर गंभीर चिंतन है। उच्च न्यायालय का सुविचारित मत रहा कि 'एक लोकतांत्रिक देश में, अगर प्रेस की स्वतंत्रता नहीं है, तो यह लोकतंत्र का अंत होगा।' निर्णय में अंग्रेजी लेखक और राजनीतिज्ञ एडवर्ड बुल्वर-लिटन के प्रसिद्ध वाक्यांश 'कलम तलवार से ज्यादा शक्तिशाली है' को उद्धरित किया गया है। कलम की ताकत बताते समय कोर्ट ने कहा कि इसका प्रयोग करते समय मीडिया को अति सचेत रहने की भी जरूरत है। रिपोर्टिंग की छोटी सी गलती व्यक्ति की निजता या संविधान प्रदत्त अधिकार को प्रभावित कर सकती है।

डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

न्यायालय ने यह भी उल्लिखित है किया है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रभावी रूप से भाग लेने के लिए नागरिकों को सत्य और असत्य के बारे में जानकारी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय के आरके आनंद व अन्य बनाम रजिस्ट्रार, दिल्ली हाईकोर्ट (2009 के एच सी 863) और रजत प्रसाद बनाम सीबीआई (2014 के एचसी 4299) मामले में दिए दृष्टांत को संदर्भित किया गया है। न्यायमूर्ति कुन्हीकृष्णन ने कहा कि जनहित में किए गए स्टिंग ऑपरेशन को न्यायिक स्वीकृति तो मिली है, लेकिन उन्हें समान रूप से वैध नहीं बनाया जा सकता और उनका मूल्यांकन प्रत्येक प्रकरण में अलग-अलग किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय ने स्टिंग ऑपरेशन की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए कहा कि 'यदि प्रेस द्वारा किसी दुर्भावनापूर्ण उद्देश्य से या किसी व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से निशाना बनाने और उसे अपमानित करने के लिए स्टिंग ऑपरेशन किया जाता है, तो ऐसे स्टिंग ऑपरेशन और ऐसे 'स्टिंग ऑपरेशन' पर आधारित रिपोर्टिंग के लिए मीडियाकर्मी को कानून का कोई समर्थन नहीं मिलेगा।' याचिकाकर्ता एक टीवी चैनल के पत्रकार प्रदीप और प्रशांत 16 जुलाई, 2013 को "सोलर स्कैम" मामले में पथनमथिट्टा जिला जेल में निरुद्ध विचाराधीन कैदी जोप्पन से प्रशासन की अनुमति से मिले थे। अभियोजन के अनुसार उन्होंने कथित तौर पर जेल-नियमों का उल्लंघन करते हुए मोबाइल फोन से उसका बयान रिकॉर्ड करने का प्रयास किया। जेल अधीक्षक की सूचना पर पत्रकारों के विरुद्ध केरल कारागार और सुधार सेवा (प्रबंधन) अधिनियम-2010 की धारा-86 और 87 के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ। याची गणों ने इस अपराध के संबंध में उनके विरुद्ध न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोर्ट-I, पठानमथिट्टा के समक्ष लंबित एसटी.सं. 2065 /2014 की कार्यवाही को रद करने की मांग करते हुए केरल उच्च न्यायालय में याचिका योजित की थी। इस याचिका में उच्च न्यायालय ने दो महत्वपूर्ण प्रश्नों की जांच की। क्या कोई अपराध बनता है और क्या मीडियाकर्मियों द्वारा किया गया स्टिंग ऑपरेशन अपराध के बराबर है। न्यायमूर्ति कुन्हीकृष्णन ने कहा कि प्रथम दृष्टया अधिनियम की धारा-86 के तत्व इस मामले में दिखते हैं, लेकिन याचिकाकर्ताओं की मीडियाकर्मी के रूप में स्थिति को देखते हुए मामले को अलग तरीके से देखा जाना चाहिए।

उच्च न्यायालय ने कहा कि 'सोलर स्कैम' के चर्चित मामले की जानकारी को लेकर लोगों में जिज्ञासा थी और पत्रकारों ने अपने इसी दायित्व के तहत जेल के अंदर बयान रिकॉर्ड करने का प्रयास किया। याची पत्रकारों का इरादा केवल समाचार प्राप्त करना था न कि कानून का उल्लंघन करना। इस मामले में 'फोर्थ एस्टेट' का भी जिक्र हुआ है। कहा गया है कि लोकतांत्रिक समाज में फोर्थ एस्टेट की भूमिका एक वॉच डॉग की है। ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स की प्रेस रिपोर्टिंग के उदघाटन के समय हुई बहस में एमपी एडमंड बर्क ने 1771 में फोर्थ एस्टेट का प्रयोग पहली बार किया था। हालांकि, इस मामले में, न्यायालय ने पाया कि याचिकाकर्ताओं का कृत्य कानून का उल्लंघन करने के किसी जानबूझकर प्रयास के बिना समाचार एकत्र करने के इरादे से प्रेरित था। न्यायमूर्ति कुन्हीकृष्णन ने निष्कर्ष निकाला कि ऐसी परिस्थितियों में, न्यायालय का विचार है कि याचिकाकर्ताओं, जो निस्संदेह मीडियाकर्मी हैं, के खिलाफ अभियोजन जारी रखना आवश्यक नहीं है।

कांवड़ यात्रा में कई सच

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

अब कांवड़ यात्रा सेक्युलर पब्लिक डोमेन में हिंदू धर्म का लोक प्रयोजन है। वर्षों पहले ऐसा नहीं दिखाई देता था।

भारत में अनुमान के अनुसार जनसंख्या 145 करोड़ हो रही। आबादी में चीन को पछाड़ कर हम इस सिलसिले में विश्व गुरु हैं। सरकारी आंकड़ों के (भी) मुताबिक हिंदू 80 प्रतिशत के आसपास हैं। कानूनों के तहत बौद्धों, जैनियों और सिक्खों को सिविल अधिकारों के लिए हिंदू धर्म के खांचे में रखा गया है। यानी सौ करोड़ के आसपास मांसाहारी नागरिक हैं। मुसलमान, ईसाई, पारसी वगैरह को मिलकर बीस करोड़ होंगे तो ज्यादातर हिंदू मांसाहारी ही हुए। हमने बचपन में पहली बार कांवड़ को देखा, सना, समझा इतिहास तथा संस्कृति में। जब आदर्श गरीब बेटा श्रवण कुमार माता पिता को कांवर पर बिठाए तीर्थाटन कराता रहा।

अब कांवड़ यात्रा सेक्युलर पब्लिक डोमेन में हिंदू धर्म का लोक प्रयोजन है। वर्षों पहले ऐसा नहीं दिखाई देता था। महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी, इलाज और शिक्षा की जरूरी सुविधाओं की कमी और तरह तरह के सामाजिक आर्थिक कारणों से बेरोजगार युवा कथित धार्मिक आयोजनों और नेताओं के पिछलग्गू बन रहे हैं। मस्जिद के सामने उनसे बजरंगबली की जय के नारे लगाने को उत्तेजित किया जाता है। सिखाया जाता है ऐसा नारा लगाओगे। तब इतिहास का शोध करने वाले छात्रों से कहीं ज्यादा समझोगे कि हिंदुओं पर कितना जुल्म अब तक होता रहता है। अतीत के अन्याय का बदला तुम्हें आज लेना है।

जुलूस तो पहले निकलते रहे हैं। प्रभात फेरियां होती रहीं। होली का समागम तो बहुत अनोखा है। ईद की मुबारकबाद तो सार्वजनिक होती है। बड़े दिन में ईसा मसीह की कुर्बानी देख सबकी आंखें नम होती हैं। उदार हिंदू हर मजहब के पूजा पाठ से आत्मीय होते हैं। बौद्ध विहारों में नमन करते हैं। पारसी की अग्नि को पूजते हैं। गर्ज यह कि धर्म और संस्कृति के इलाके में सच्चा हिंदू इंसानी संगीत की सिम्फनी में अपनी अभिव्यक्ति ही नहीं, अहसास ही नहीं, अपना अस्तित्व ढूंढ़ता रहा है। मैं कांवड़ यात्रा को इसलिए पवित्र भाव से देखता हूं। मीलों, कोसों दूर नंगे पैर चलते नौजवान औघड़ शिव की आराधना में धरती का सांस्कृतिक सच नापते हैं। उनके चेहरे का ओज देखकर मन में भुरभुरी होती है। यही तो पुरखों की नसीहत ने प्यार से हमें मनुष्य होना सिखाया है। हम मनुष्य होते रहे हैं। अब भी हैं! अचानक तुर्रा कि कांवड़ यात्रा के रास्ते की दुकानों के मालिक अपने और कर्मचारियों के नाम लिखें। भौगोलिक बनावट के कारण कांवड़ यात्रा कई मुस्लिम बहुल इलाकों से गुजरती है। प्रदेश सरकार ने सीधे नहीं कहा कि मुसलमान दुकानदार बैनर लगाकर अपने नाम उजागर करने का सरकारी फरमान मानें। आशय लेकिन यही है। फरमान संविधान के प्रावधानों और निजता के अधिकार का उल्लंघन है। मुसलमानों ने दुकानों के हिंदू नाम या हिंदुओं ने मुसलमान नाम पर दुकानें चलाते रहे हैं। कांवड़ यात्रा में हिंदू मांसाहारी भी होंगे। क्या मुसलमान होटलों में ही मांस ही परोसे जाने की संभावना होगी? हिंदू होटलों में भी तो मांस पकता है। मुसलमान फकत मांसाहारी नहीं होते। शीरा, खीर, सेवइयां और तमाम मिठाइयां और नमकीन मुसलमान होटलों में खूब मिलती हैं। हिंदू होटलों में मुसलमान कर्मचारी, रसोइये और मुसलमान होटलों में हिंदू कर्मचारी होते हैं। देश क्या पूरी दुनिया में मुसलमान रसोइए सबसे बेहतर होते हैं। ऐसी होटलें नामचीन होती हैं। विवेकानंद आश्रम रायपुर में सर्वधर्म सम्मेलन के दौरान बिहार के साधु विरागी जी महाराज ने कभी कहा था 'चौका हो हिंदू का, बनाए मुसलमान और खाए ईसाई।' उन्होंने हिंदू धर्म की पवित्रता, इस्लाम की सभ्यता और ईसाइयत के लोक व्यवहार की त्रिवणी में नहला दिया था।

मुसलमानों के बारे में धारणाओं के कारण केवल भाजपा और नरेंद्र मोदी को दोषी ठहराना मुनासिब नहीं है। कांग्रेसी सदस्य लोकनाथ मिश्र ने 3 तथा 6 दिसंबर 1948 को संविधान सभा में अपना भाषण दिया। कहा इस्लाम ने हिंदू विचारधारा के प्रति दुश्मनी घोषित कर रखी है। उसे आज की सुप्रीम कोर्ट के नसीहत के दौर में समझो तो एक तरह की 'हेट स्पीच' थी। सेठ गोविंददास ने तो उर्दू भाषियों को कहा जो उर्दू का समर्थन करते हैं, वे सांप्रदायिक हैं। कांवड़ यात्रा में मुसलमानों के व्यवसाय पर तिरछा प्रहार सरकारी फरमान कर रहा है। कपड़ों से पहचाने जाने का फतवा प्रधानमंत्री ने दिया ही है। तो फिर नाम लिखने की क्या जरूरत? मजहब रहितता या मजहब सहिष्णुता के शांत जल में प्रदेश सरकार ने फरमानों का पत्थर फेंककर सियासी कुछ हासिल किया है। उसे तो प्रधानमंत्री और गृह मंत्री समझेंगे।

सोशल फोरम

वेद व्यास का दिन

वे व्यास थे जिन्होंने सदियों से श्रुति परंपरा से चली आ रही वैदिक ऋचाओं का संकलन और लिपिबद्ध कर चार वेदों का रूप दिया। यह कार्य कितना श्रमसाध्य रहा होगा इसकी कल्पना की जा सकती है।

गुरु पूर्णिमा या व्यास पूर्णिमा भारत के महानतम कवि, अन्वेषक, संकलनकर्ता, इतिहासकार और अध्यात्म गुरु महर्षि वेद व्यास का जन्मदिन है। वे व्यास थे जिन्होंने सदियों से श्रुति परंपरा से चली आ रही वैदिक ऋचाओं का संकलन और लिपिबद्ध कर चार वेदों का रूप दिया। यह कार्य कितना श्रमसाध्य रहा होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। ये चारों वेद सनातन धर्म और भारतीय अध्यात्म की बुनियाद हैं। विश्व के सबसे बड़े महाकाव्यों में एक 'महाभारत' के रचयिता व्यास थे जिसके बारे में कहा जाता है कि इस संसार में जो कुछ है वह 'महाभारत' में है और जो 'महाभारत' में नहीं है वह कहीं नहीं है। माना जाता है कि हिंदुओं का पवित्रतम ग्रंथ, भारतीय अध्यात्म का सार 'गीता' इसी 'महाभारत' का अंश है। कुछ लोग पुराणों को भी वेद व्यास की रचना मानते हैं, मगर यह भ्रामक है। पुराण बहुत बाद लगभग गुप्त काल और उसके बहुत बाद की रचनाएं हैं जिन्हें संभवतः व्यास पीठ के उनके परवर्ती शिष्यों ने लिखा। व्यास पीठ के' प्रमुख भी अपने को व्यास ही कहते थे। ठीक वैसे जैसे आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित पीठों के प्रमुख अपने को शंकराचार्य ही कहते हैं।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

महर्षि व्यास के जन्मदिन आषाढ़ पूर्णिमा को 'महाभारत' की रचना पूरी हुई थी।' आभारस्वरूप देश भर में फैले उनके सभी शिष्यों ने उस दिन एकत्र होकर उनकी पूजा-अर्चना की थी। यह गुरुपूर्णिमा की परंपरा का सूत्रपात था। तब से लोग अपने आध्यात्मिक गुरु में व्यास का अंश मानकर उनके प्रति श्रद्धा निवेदन करते आ रहे हैं। गुरु पूर्णिमा के दिन महर्षि व्यास को नमन और जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाले सभी गुरुओं का आभार।

– फेसबुक वॉल से

माइक्रोसॉफ्ट गड़बड़ी: साइबर हमला या तकनीकी खामी



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

तेज़ गति वाले डिजिटल युग में, दुनिया संचार, उत्पादकता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट जैसे प्रौद्योगिकी दिग्गजों पर बहुत अधिक निर्भर करती है। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट में एक महत्वपूर्ण गड़बड़ी से जुड़ी एक हालिया घटना ने दुनिया को स्तब्ध कर दिया है। व्यवधान का दायरा अभूतपूर्व था। व्यवधान की वैश्विक प्रकृति ने साइबर हमले के पीछे संभावित उद्देश्यों, जैसे वित्तीय लाभ, डेटा चोरी, या राजनीतिक उद्देश्यों के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। दूसरी ओर, जटिल आईटी अवसंरचना में तकनीकी गड़बड़ियां असामान्य नहीं हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने घटना का मूल कारण निर्धारित करने के लिए एक व्यापक जांच शुरू की। इस जांच में शामिल हैं:

सिस्टम लॉग की विस्तृत जांच से व्यवधान उत्पन्न करने वाली घटनाओं के अनुक्रम का पता लगाने और विफलता के सटीक बिंदु की पहचान करने में मदद मिली। साइबर हमले की संभावना को खारिज करने या पुष्टि करने के लिए संपूर्ण सुरक्षा ऑडिट करना महत्वपूर्ण था। इसमें अनधिकृत पहुंच या दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों के किसी भी संकेत की जांच करना शामिल था। संपूर्ण और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट ने साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों और बाहरी सलाहकारों के साथ सहयोग किया।

आधुनिक आईटी अवसंरचना अविश्वसनीय रूप से जटिल है, जिसमें कई परस्पर जुड़े घटक शामिल हैं। यह जटिलता तकनीकी समस्याओं की संभावना को बढ़ाती है और संभावित कमजोरियों की पहचान करना और उनका समाधान करना चुनौतीपूर्ण बनाती है। साइबर खतरा परिदृश्य लगातार विकसित हो रहा है, हमलावर तेजी से परिष्कृत तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। संगठनों को उन्नत सुरक्षा उपायों में निवेश करके और अपनी सुरक्षा को लगातार अद्यतन करके इन खतरों से आगे रहना चाहिए।

स्वचालन में प्रगति के बावजूद, मानवीय त्रुटि एक महत्वपूर्ण जोखिम कारक बनी हुई है। उचित प्रशिक्षण, निरीक्षण और प्रोटोकॉल सुनिश्चित करने से इस जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है लेकिन इसे पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सकता है। डिजिटल बुनियादी ढांचे की वैश्विक प्रकृति का मतलब है कि व्यवधानों के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। सिस्टम के एक हिस्से में विफलता तेजी से फैल सकती है, जिससे दुनिया भर में सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। भविष्य में व्यवधानों के प्रभाव को कम करने के लिए, संगठनों को बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए:

विस्तृत जांच के बाद, माइक्रोसॉफ्ट ने निष्कर्ष निकाला कि यह घटना साइबर हमले के बजाय मुख्य रूप से एक तकनीकी गड़बड़ी थी। मूल कारण उनके डेटा केंद्रों में उपयोग किए जाने वाले नेटवर्किंग उपकरण में गलत कॉन्फ़िगरेशन से पता लगाया गया था। इस ग़लत कॉन्फ़िगरेशन के कारण व्यापक विफलता हुई, जिससे एक साथ कई सेवाएं बाधित हुईं। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमारे डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निवेश, सहयोग और सतर्कता की आवश्यकता होगी। हालाँकि हम कभी भी व्यवधानों के जोखिम को पूरी तरह से समाप्त नहीं कर सकते हैं, हम उनके प्रभाव को कम करने और अधिक लचीला डिजिटल भविष्य सुनिश्चित करने का प्रयास कर सकते हैं। माइक्रोसॉफ्ट सर्वर की गड़बड़ी जिसने दुनिया को रोक दिया, वह डिजिटल सेवाओं पर हमारी निर्भरता की स्पष्ट याद दिलाती थी। जबकि साइबर हमले के बारे में प्रारंभिक चिंताएं वैध थीं, इस घटना ने अंततः आधुनिक आईटी बुनियादी ढांचे की जटिलताओं और कमजोरियों को उजागर किया। इस घटना से सीखकर और मजबूत निवारक उपायों को लागू करके, तकनीकी समुदाय भविष्य के व्यवधानों के प्रभाव को बेहतर ढंग से तैयार और कम कर सकता है।

निजीकरण का विरोध क्यों

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अभी हाल ही में बैंकों का राष्ट्रीयकरण दिवस मनाया गया। राष्ट्रीयकरण का उजाला पक्ष बताता है कि देश में तमाम सार्वजनिक उपक्रमों ने उत्साह जनक परिणाम दिए हैं वित्त वर्ष 2024में 5 लाख करोड़ के लगभग लाभ कमाकर इतिहास रचा है इनमें स्टेट बैंक, एलआईसी, इंडियन ऑयल, ओएनजीसी, कोल इंडिया, एनटीपीसी, बीपीसीएल, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, यूनियन बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, यूको बैंक, हिंडालको, भेल, आईआरटीसी के नाम प्रमुख हैं।

निजीकरण के पक्षधर कितने भी तर्क रख लें लेकिन देश के असली नवरत्न तो यह सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ही हैं जिस तरह से लाभ कमाने वाले सार्वजनिक उपक्रम देश की रीढ़ को मजबूती प्रदान कर रहे हैं और नई बुनियाद तैयार कर रहे हैं, यह जरूरी है कि इनको और अधिक स्वायत्तता मिले।

हमे बैंकों के राष्ट्रीयकरण के इतिहास से भी कुछ सीखना होगा। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने निजी बैंकों को पूंजीपतियों के चंगुल से छुड़ा कर जनता का भरोसा जीता था, आशातीत लाभ कमा कर सार्वजनिक उपक्रमों ने एक बार फिर से उत्साह दिखाया है। लाभ कमाने वाले सार्वजनिक उपक्रम वास्तव में देश की धरोहर हैं। इन्होंने जनता का विश्वास भी जीता हैं और निजीकरण की पैरवी करने वालो को तगड़ा जवाब भी दिया है। आने वाले बजट सत्र में सरकार को सार्वजनिक उपक्रमों के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए सभी निजी उद्योगों के राष्ट्रीयकरण के विषय में सोचना चाहिए, जिसकी मांग भी उठ रही है, क्या सरकार देशहित में ऐसा करेगी।

एफडीआई को आकर्षित करने के लिए बनाई तीन कंट्री डेस्क

कंट्री डेस्क में अमेरिका, यूरोपीय देश और जापान शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने के लिए तीन कंट्री डेस्क बनाई गई है। कंट्री डेस्क में अमेरिका, यूरोप व जापान को शामिल किया गया है। हेल्प डेस्क विभिन्न देशों की कंपनियों को निवेश प्रक्रिया के बारे में समझाने व निवेश सुगम कराने का कार्य करेंगी।

अधिकारियों ने बताया कि ये डेस्क परियोजना स्थलों की पहचान करने व भूमि अधिग्रहण में कंपनियों की सहायता करेंगी। सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) को प्रोत्साहित करने के साथ ही, निवेशकों को समयबद्ध तरीके से स्वीकृतिया व अनुमोदन प्राप्त करने में सहायता करेंगी। सरकारी अधिकारियों के साथ कंपनियों के संवाद को सुविधाजनक बनाने का कार्य करेंगी। अधिकारियों ने बताया कि एफडीआई को आकर्षित करने व फॉर्च्यून 500 कंपनियों के निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने एक समर्पित एफडीआई, फॉर्च्यून ग्लोबल 500 व फॉर्च्यून इंडिया 500 कंपनियों के निवेश के लिए प्रोत्साहन नीति-2023 की घोषणा की है। इसका लक्ष्य वैश्विक कंपनियों के लिए प्रदेश को निवेश के पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। 'इन्वेस्ट यूपी' के जरिये इस नीति का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

तीनों कंट्री डेस्क्स के कार्य में सहयोग करने के लिए उद्यमी मित्रों, समन्वय अधिकारियों व सलाहकारों को भी नियुक्त किया गया है। प्रत्येक कंट्री डेस्क की जिम्मेदारी निवेश प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी देना व निवेश प्रक्रिया को आसान बनाना होगा।

डेस्क में शामिल हैं ये अधिकारी

अमेरिका प्लस डेस्क (संयुक्त राज्य अमेरिका-यूएसए और कनाडा) में कंट्री लीड प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग अनिल कुमार सागर हैं। यूरोप प्लस डेस्क (यूके, नीदरलैंड्स, जर्मनी, फ्रांस, स्पेन व स्विटज़रलैंड) के कंट्री लीड सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग व मुख्य कार्यपालक अधिकारी-इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश हैं, जबकि जापान प्लस (जापान व दक्षिण कोरिया) के कंट्री लीड अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी इन्वेस्ट यूपी हैं।

फलीस्तीन का झंडा लहराने के आरोप में चार गिरफ्तार

आगरा, एजेंसी। आगरा में ताजिया के जुलूस के दौरान थाना मलपुरा क्षेत्र के धनौली में फलस्तीन का झंडा लहराने के आरोप में चार युवकों को गिरफ्तार किया गया है। धनौली में पिछले बुधवार को ताजिया जुलूस के दौरान कुछ युवकों ने कथित रूप से फलस्तीन का झंडा लहराया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया । इसके बाद पुलिस ने शुक्रवार को अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मुस्लिम समुदाय ने 'आशूरा' के मौके पर पिछले बुधवार को पूरे देश में ताजिया जुलूस निकाले। 680 ईस्वी में इराक के कर्बला में पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन को मुहर्रम (इस्लामी महीने) की 10 तारीख को शहीद कर दिया गया था। थाना मलपुरा प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार सैनी ने बताया कि वीडियो के आधार पर शनिवार शाम में चार आरोपियों--फैजान, अशरफ, अलीम और अरमान को गिरफ्तार कर लिया गया।

पाप का कोई सहभागी नहीं, व्यक्ति होता है खुद जिम्मेदार : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गुरु पूर्णिमा पर गोरखपुर में हुए कार्यक्रम में शामिल हुए योगी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पाप का कोई सहभागी नहीं होता, बल्कि स्वयं व्यक्ति जिम्मेदार होता है। इसलिए हमें हमेशा सद्मार्ग पर चलना चाहिए। माता-पिता पहले गुरु हैं। इसके बाद स्कूली शिक्षक, पुरोहित-कुलगुरु, बड़ा भाई और ऋषि-संतों की परंपरा, गोत्रों की परंपरा भी गुरु परंपरा में शामिल होती है। गुरु परंपरा का उद्देश्य मनुष्य को अच्छे मार्ग पर अग्रसर करना है। मुख्यमंत्री रविवार को गुरु पूर्णिमा पर गोरखनाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि के संत बनने से पूर्व के जीवन की कथा सुनाई और संदेश दिया कि कोई भी गलत काम में हासिल होने वाले पाप में भागीदार नहीं बनना चाहता है। राम ने जीवन में मर्यादा को महत्व दिया। हर कार्य की लक्ष्मण रेखा तय की, संबंधों को मर्यादित तरीके से जीना सिखाया। इसी तरह कृष्ण ने कर्म की प्रेरणा दी। आज अधिकतर लोग कम कर्म के बदले अधिक हाइलाइट होने के प्रयास में रहते हैं, जबकि कृष्ण ने निष्काम कर्म की प्रेरणा दी है। विशेष अनुष्ठान पूरा किए जाने के साथ गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, देवीपाटन शक्तिपीठ के महंत योगी मिथिलेशनाथ समेत सभी नाथ योगियों ने भी गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ को नाथपंथ की परंपरा के अनुसार, उन्हें तिलक लगाया।

गुरु गोरखनाथ की पूजा-अर्चना की

मुख्यमंत्री ने गोरक्षनाथ का नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशिष्ट पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने गुरु महंत अवेद्यनाथ, दादा गुरु महंत दिग्विजयनाथ समेत नाथपंथ के सभी गुरुजन का भी पूजन-अर्चन किया।

सार-संक्षेप

हाईटेंशन तार की चपेट में जाने से दो मजदूरों की मौत

कौशांबी, एजेंसी। कौशांबी जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में पानी की टंकी के निर्माण के दौरान हाई टेंशन तार से करंट लगने से दो मजदूरों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गए। सराय अकिल थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विनीत सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के घोसिया गांव में पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा था और इस दौरान रविवार सुबह मजदूरों द्वारा उठाया गया सरिया ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन तार से छू गया, जिसके कारण करंट की चपेट में आने से पंकज (26), गिरधारी (29), ओमवीर तथा दो अन्य मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। सिंह ने बताया कि इलाज के लिए ले जाते समय पंकज व गिरधारी की रास्ते में ही मौत हो गई, जबकि ओमवीर का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है तथा घटना में झुलसे दो अन्य मजदूरों का इलाज मंझनपुर स्थित तेजमती अस्पताल में किया जा रहा है। एसएचओ ने बताया कि मृतकों व घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

बहराइचः नहाने गए दो लड़कों की डूबने से मौत

बहराइच, एजेंसी। बौंडी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी रिश्ते में चाचा-भतीजा लगने वाले दो बालकों की तालाब में स्नान करते समय डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढकेरवा के मजरा नत्थूपुर निवासी आयुष वर्मा (14) और प्रतीक वर्मा (13) गर्मी अधिक होने के चलते शनिवार शाम करीब पांच बजे रमकुंडा तालाब में स्नान करने गए थे। पुलिस ने बताया कि स्नान करते समय दोनों किशोर डूब गए। शोर होने पर गांव के गोताखोरों ने दोनों को तालाब से बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि परिवार के लोग दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल में भेज दिया गया । उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों किशोरों को मृत घोषित कर दिया।

नेपाली तस्कर गिरफ्तार, 63 लाख की स्मैक बरामद

बहराइच, एजेंसी। नेपाल की सीमा से लगते रूपईडीहा क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक मादक पदार्थ तस्कर के पास से 63 लाख रुपये मूल्य की 125 ग्राम स्मैक बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार को बहराइच जिले के रूपईडीहा थाना क्षेत्र में चौरी कुटिया मोड़ के पास नेपाल के नागरिक अनवर अली को शक के आधार पर रोककर उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान उसके कब्जे से 125 ग्राम स्मैक बरामद की गई। उन्होंने बताया कि बरामद मादक पदार्थ की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 63 लाख रुपये बतायी जाती है। त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उसके खिलाफ रूपईडीहा थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

मसुरियादीन पासी की पुण्यतिथि मनाई गई

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को पूर्व सांसद मसुरियादीन पासी की पुण्यतिथि मनाई गई। कांग्रेस नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि दो अक्टूबर 1911 को प्रयागराज के जोंधवल में जन्मे मसूरियादीन पासी एक महान समाज सुधारक थे। वह देश की आजादी के लिए कई बार जेल गये। प्रदेश के लोकसभा क्षेत्र फूलपुर व चायल से चार बार सांसद रहे। सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार सामाजिक न्याय को खत्म कर देश को धार्मिक व जातीय विभेद की तरफ ले जाना चाहती है। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में प्रदेश मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय, पूर्व विधायक इन्दल रावत, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत, सदस्य एआईसीसी ललन कुमार, प्रदेश सचिव अर्चना राठौर, अनामिका यादव, सुनीता रावत, मुन्ना लाल भारती, डॉ रिचा शर्मा आदि शामिल रहे।

ऊर्जा निगमों में भी लागू की जाए पुरानी पेंशन योजना

संवाददाता , लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन समेत सभी ऊर्जा निगमों में पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग शुरू हो गई है। बिजली अभियंताओं ने मुख्यमंत्री से इसका लाभ दिए जाने की मांग की है।

इस सिलसिले में रविवार को हाइडिल फील्ड हॉस्टल में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ की बैठक हुई, जिसमें 28 मार्च 2005 से पूर्व विज्ञापित की गईं रिक्तियों के अंतर्गत नियुक्त अभियंताओं को भी पुरानी पेंशन योजना में शामिल किए जाने की मांग की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि 28 जून 2024 को शासनादेश के जरिये उन सभी कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल किए जाने का विकल्प उपलब्ध कराया गया है जिनकी रिक्तियां 28 मार्च 2005 से पूर्व विज्ञापित की गई थीं। इस शासनादेश के तहत परिषदीय विद्यालयों, शासन से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं व प्रदेश सरकार की ओर से अनुदानित स्वायत्तशासी संस्थाओं के कार्मिकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा निगम प्रदेश की आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत हैं, इसलिए शासनादेश के अनुरूप ऊर्जा निगमों के अभियंताओं को भी इसका लाभ दिया जाए।

बिजली दरों के निर्धारण के लिए जनसुनवाई पूरी

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण के लिए राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से चल रही जनसुनवाई पूरी हो गई है। दरों को अंतिम रूप देने के लिए आयोग ने 24 जुलाई को आयोग की संवैधानिक कमेटी की बैठक बुलाई है। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने दरों में बढ़ोतरी की संभावना को लेकर कड़ा विरोध किया है।

भाट समाज को एससी वर्ग में शामिल करने के मामले में जवाब-तलब

प्रयागराज, अमृत विचारः इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भाट समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यूओआई (केंद्र सरकार) और यूपी सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में बताया गया है कि आजादी के 75 साल के बाद भी भाट समुदाय को विमुक्त जनजाति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हालांकि वे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थायी जीवन जी रहे हैं और राज्य की सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन उन्हें सार्वजनिक रोजगार और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण नहीं दिया गया है।

भाट समुदाय को मई 1961 के शासनादेश द्वारा विशेष दर्जा दिया गया था, जिसमें भाट समुदाय को विभिन्न राज्यों में सार्वजनिक रोजगार में आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जनजातियों के रूप में सूचीबद्ध करने का प्रावधान किया गया था।

गोंडा ट्रेन हादसाः 50 कर्मियों के बयान दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ के पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय दिल्ली से पहुंची सीआरएस की टीम

अमृत विचार : गोरखपुर-गोंडा रेलखंड पर हुई ट्रेन दुर्घटना की रविवार को शुरू हो गई। जांच के लिए 21 जुलाई की सुबह टीम दिल्ली से सीधे लखनऊ पहुंची। पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम कार्यालय में रेलवे संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना ने पहले रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक निर्देश जारी किये। इसके बाद जांच के लिए तकरीबन 50 अधिकारियों और कर्मचारियों को बुलाया गया है। बारी-बारी सभी के बयान दर्ज किये गए। इस दौरान अन्य अधिकारी और कर्मचारी रेल हादसे में मामले पर अपनी रिपोर्ट लेकर वहां पहुंचे।

रेल संरक्षा आयुक्त हादसे में अपनी रिपोर्ट ग्राउंड रिपोर्ट और अधिकारियों के बयान के बाद प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद रेल दुर्घटना के मामले में जिम्मेदारों की जवाबदेही तय की जाएगी और उन पर एक्शन लिया जायेगा। बताते चले कि संरक्षा

आयुक्त ने शनिवार को दुर्घटना स्थल का भी निरीक्षण किया था। आज डीआरएम मुख्यालय में जांच को लेकर अफरातफरी का माहौल रहा। रेलवे संरक्षा आयुक्त ने यहां पर सुबह 11 बजे से जांच शुरू कर दी। जांच के पहले दिन कैरेज एंड वैगन (सीएनडब्ल्यू), इंजीनियरिंग, सिग्नल, आरपीएफ, पर्सनल, हेल्थ और सेफ्टी डिपार्टमेंट के कर्मचारी पहुंचे। संरक्षा आयुक्त और टीम ने सभी काफी पूछताछ की। संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर बढ़ रही जांच बैठक में लोको पायलट त्रिभुवन नारायण, सहायक लोको पायलट राज, ट्रेन मैनेजर विश्वजीत सरकार और की मैन से भी रिपोर्ट भी ली जा रही है। इसके साथ रनिंग स्टॉफ, ट्रैक मेंटेनर और ट्रैक मशीन का काम देख रहे अधिकारी और कर्मचारी से भी बयान लिए गए। इस दौरान छह अधिकारियों ट्रैफिक इंस्पेक्टर गोंडा जेसी श्रीवास्तव, चीफ लोको इंस्पेक्टर दिलीप कुमार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर गोंडा वेद प्रकाश मीना, सीनियर सेक्शन इंजीनियर मनकापुर पीके सिंह, जेई शिवम पांडेय, सोमराज आईपीएफ की संयुक्त रिपोर्ट पर चर्चा कर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा।

चार वर्ष पहले गांव से निकला जीशान बना करोड़ों का मालिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ में दो फ्लैट, सलोन में पांच मकान और वाणिज्यिक संपत्तियों की चर्चा

अमृत विचार : चार वर्ष पहले रायबरेली के गढ़ी इस्लाम नगर से रोजगार करने के लिए सलोन कस्बे पहुंचा जीशान देखते ही देखते करोड़ों का मालिक बन गया। बताया जा रहा है कि उसने अवैध निवास प्रमाण पत्र के जरिए करोड़ों रुपये कमाए और खूब संपत्तियां खरीदीं। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया कि ग्राम पंचायत अधिकारी विजय सिंह भी जीशान के समानांतर रुपये कमाता रहा और संपत्तियां खरीदता रहा। पुलिस सभी आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की तैयारी कर रही है।

बताते चलें कि सलोन के एक गांव में 19,700 अवैध निवास प्रमाण पत्र बनाने का मामला सामने आया है। विधायक अशोक कुमार ने दावा किया कि इसमें से ज्यादातर प्रमाण पत्र बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए बनाए गए थे। असम की जेल में बंद एक बांग्लादेशी कैदी के आईडी कार्ड में सलोन का पता दर्ज था, जिसके बाद असम की सुरक्षा एजेंसियां रायबरेली पहुंची थीं और शिनाख्त की थी। बाद में पता चला कि ग्राम पंचायत अधिकारी विजय सिंह, जीशान व रियाज ने मिलकर 19,700 अवैध निवास प्रमाणपत्र बनाए। जिला प्रशासन भी इतने बड़े पैमाने पर बने निवास प्रमाण पत्र को लेकर कोई संज्ञान नहीं ले सका। विधायक के प्रयास से एटीएस की टीम मौके पर पहुंची, बाद में एनआईए ने भी जांच शुरू करने का दावा विधायक अशोक कुमार की ओर से किया गया। रविवार को आरोपियों की संपत्तियों पर चर्चा शुरू हुई। एटीएस सूत्रों के मुताबिक जीशान ने प्रमाण पत्र बनाकर करीब 40 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां अर्जित की हैं। दो फ्लैट लखनऊ स्थित गोमती नगर विस्तार में खरीदे हैं, जबकि पांच मकान सलोन कस्बे में खरीदे हैं। बताया जा रहा है कि सुरक्षा एजेंसियों ने घर से भी काफी धनराशि जब्त की है। इतनी ही संपत्तियां ग्राम पंचायत अधिकारी विजय सिंह के पास भी पाई गई हैं। अब सुरक्षा एजेंसियों ने जांच तेज करते हुए आरोपियों को रिमांड पर लेने की तैयारी की है।

आईएसआई की संलिप्तता की आशंका जताते हुए गृहमंत्री को लिखा पत्र

अमृत विचार, रायबरेली : सलोन में फर्जी प्रमाण पत्र मामले में तार आईएसआई से जुड़े होने की आशंका है। यह दावा करते हुए पूर्व लोकसभा प्रत्याशी भाजपा नेता व सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि सिलसिले में विगत 17 जुलाई को आपके समक्ष पत्र भेजा जा चुका है। पुन: लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा कि पूरे घटनाक्रम में आईएसआई की संलिप्तता की संभावना अधिक है। जनसुविधा केंद्र संचालक जीशान खान व उसके पिता रियाज खान मास्टर माइंड हैं। साथ ही ग्राम विकास अधिकारी विजय सिंह यादव की भी संलिप्तता प्रतीत होती है। कहा कि इन्होंने करोड़ों की संपत्ति फर्जी प्रमाण पत्रों को बनाने से अर्जित की है। यह सारा पैसा विदेशों से आया है, इसकी संभावना प्रतीत हो रही है।

मुहर्रम के जुलूस में तलवार लहराने का आरोपी गिरफ्तार

बहराइच, एजेंसी। फखरपुर क्षेत्र में मुहर्रम के जुलूस में तलवार लहराने के आरोपी एक व्यक्ति को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानन्द प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि 17 जुलाई को गजाधरपुर में मुहर्रम के जुलूस में तलवार लहराते हुए कुछ अज्ञात व्यक्तियों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इसका संज्ञान लेकर फखरपुर थाने में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पुलिस ने एक अभियुक्त अबू तालिब को गिरफ्तार किया था तथा विवेचना के दौरान दूसरे अभियुक्त गजाधरपुर निवासी सिरताज को रविवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया।

वर्ग पहेली-138

बाएं से दाएं

4. आधुनिक बिहार राज्य के एक क्षेत्र में स्थित एक प्राचीन जनपद।
5. 1. लोककाल्पनिक कथानक, लोकरुढ़ि, अनुश्रुति 2. पौराणिक कथा, परंपरागत कथा 3. मान्यता 4. आख्यान।
7. 1. कारण, सबब, हेतु 2. माध्यम, ज़रिया।
8. उत्तर दिशा।

ऊपर से नीचे

1. किसी दूसरे के हाथ से कोई वस्तु मंगाना, मंगाने का काम कराना।
2. हंसमुख, ख़ुश रहने वाला, प्रसन्नचित।
3. 1. भार ढोने वाला, बोझ ढोने वाला 2. भारी।
6. 1. हिजड़ा, जनखा 2. मुसलमान बादशाहों के हरमों में रहने वाले सेवक या रक्षक
7. 1. चेहरा, मुखड़ा 2. किसी वस्तु का अग्रभाग 3. शक्ल 4. कथन, भाषण।



वर्ग पहेली -137 का हल

			1 नै	2 च	की
3 दा	ह	ना		तु	
				रा	
	4 म	ज	5 मू	ई	
6 चू	क		ल		7 त
	बू		तः		ड़ा
8 बा	ज़ा	री			ना

सुडोकू -51

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1					9		2	
	3		4				8	
9			5			4		
7		4		6	2		5	
2		6				3		7
	5		9			1		2
		2			3			6
	6				7		1	
	8		6					4

सुडोकू -50 का हल

2	6	1	4	8	7	5	9	3
3	9	5	6	1	2	4	7	8
8	7	4	9	3	5	1	2	6
1	2	6	3	5	8	9	4	7
9	4	3	1	7	6	8	5	2
7	5	8	2	4	9	3	6	1
4	1	7	5	6	3	2	8	9
5	8	2	7	9	1	6	3	4
6	3	9	8	2	4	7	1	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 01.11 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 10.21 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

मेष — आज अपने कार्यक्षेत्र को लेकर लापरवाही न करें। कारोबार की स्थिति में सुधार आने की संभावना है। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। पुराने झगड़ों में दोबारा उलझने से बचें। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे।

वृष — आज रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। अध्यात्मिक विषयों पर गूढ़ अध्ययन कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। परिवार के सदस्य आपके ऊपर गर्व करेंगे। व्यवसाय में सावधानी रखने की आवश्यकता है।

मिथुन — आज का दिन संघर्षों से युक्त हो सकता है। जीवनसाथी के साथ विश्वास में कमी आयेगी। प्रियजनों की सलाह पर गम्भीरता से विचार करें। मौसम परिवर्तन के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। कुछ महत्वपूर्ण काम अटक सकते हैं।

कर्क — आज आपकी दैनिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्च पद मिल सकता है। अहंकार का प्रदर्शन न करें। थोड़े ही प्रयासों से आपके काम सफल हो जायेंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार आने की संभावना है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी।

सिंह — आज जीवनसाथी के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा। माता-पिता के प्रति व्यवहार अच्छा रखें। प्रेम संबंधों को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा।

कन्या — आज नया कार्य शुरू कर सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताना पसन्द करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। परिवार के लोग आपके निर्णयों से काफी प्रसन्न रहेंगे। आपका काम समय पर पूर्ण हो जायेगा।

तुला — आज आपके घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। पति-पत्नी के बीच नोंकझोंक हो सकती है। आपकी सामाजिक छवि सुधर सकती है। अकारण यात्रा होने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में शांति रहेगी। धार्मिक कार्यक्रमों में आप भाग ले सकते हैं।

वृश्चिक — आज प्रभावशाली लोगों के बीच आपका सम्पर्क मजबूत होगा। शान्तिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। समय का सदुपयोग अवश्य करें। मनोरञ्जन के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं।

धनु — आज अपने काम की गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास करें। विरोधी आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। कार्यक्षेत्र में तनाव रहेगा। नई सम्पत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं। वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार अपनी रणनीति में बदलाव करें।

मकर — आज आपकी कोई मनोकामना आज पूर्ण हो सकती है। यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं तो आपको उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर काम पूर्ण करें। संतान को उचित मार्गदर्शन देने का प्रयास करें। पूरा ध्यान अपने काम पर लगायें।

कुंभ — आज बहुमूल्य वस्तुओं को संभाल कर रखें। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद उपजने की आशंका है। स्वभाव में गुस्सा और चिड़चिड़ापन अधिक हो सकता है। आपकी राय लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण हो सकती है। किसी को बिना माँगी सलाह न दें।

मीन — आज वैवाहिक संबंधों में प्रसन्नता का भाव रहेगा। मन में नए कार्यों को लेकर उमंग-उत्साह की भावना में वृद्धि होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च कर सकते हैं। एक साथ कई काम करने की कोशिश न करें। अधिकारियों के साथ आपका तालमेल अच्छा रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- स्वीकार किया मैंने — सुबह : 08.08
- शादी में जरूर आना — रात : 09.51

&pictures
- भोला — सुबह : 10.53
- विवाह — रात : 08.00

SONY PIX
- द कॉन्ज्यूरिंग — सुबह : 10.07
- चार्लीज एंजल्स — शाम : 05.51

ZEE CINEMA
- गंगूबाई काठियावाड़ी — सुबह : 11.43
- नाग भूमि — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- बेटिंग राजा — सुबह : 10.54
- भगवंत केसरी — रात : 07.58

आज की सुपरहिट फिल्म

बीफोरयू पर रात : 09.51 बजे

जोक्स ऑफ द डे

शादी के अगले दिन ही अचानक पति अपनी बीवी को पीटने लगा।।।
लोगों ने पूछा क्यों मार रहे हो बेचारी को?
पति ने बोला।। इसने मेरी चाय में ताबीज डाला है, मुझे वश में करने के लिए।
मुझे मेरी मां से दूर करना चाहती है।
बीवी रोते हुए गुस्से में बोली, वो ताबीज नहीं टी बैग है।

पति : कल मेरे ख्वाब में एक लड़की आई थी,
वाह क्या लड़की थी।
पत्नी : अकेले आई होगी।
पति : तुम्हे कैसे पता?
पत्नी : उसका पति मेरें ख्वाब में आया था।

एक नजर

पांच लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में रविवार को पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली हरेंद्र उर्फ हुरा कुंजाम ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली हरेंद्र कुंजाम पर सरकार ने पांच लाख का इनाम घोषित किया था। हरेंद्र प्लाटून पार्टी कमेटी मेंम्बर पीपीसीएम रैंक का उत्तर सब जोनल ब्यूरो राजनैतिक टीम का कमांडर था। वह 2015 से नक्सल संगठन में कार्यरत आत्मसमर्पित माओवादी गंगालूर एरिया कमेटी में पार्टी सदस्य के रूप में और उत्तर सब जोनल ब्यूरो पीपीसीएम/राजनैतिक टीम कमांडर के पद में कार्य कर चुका है।

अलवर में मालगाड़ी के तीन डिब्बे हुए बेपटरी

नयी दिल्ली/जयपुर। राजस्थान के अलवर यार्ड में मालगाड़ी के तीन डिब्बे शनिवार देर रात पटरी से उतर गए। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यह घटना यार्ड में हुई, लेकिन इससे दिल्ली-अलवर मार्ग पर ट्रेन परिचालन अप्रभावित रहा। अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना देर रात ढाई बजे हुई। उन्होंने कहा कि अलवर-मथुरा मार्ग प्रभावित हुआ लेकिन उस दौरान कोई यात्री ट्रेन या मालगाड़ी नहीं होने से रेल परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा।

पूर्व विधायक की कार से महिला की मौत

हैदराबाद। तेलंगाना के हनुमाकोंडा जिले में पूर्व बीआरएस विधायक टी राजैया की कार से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यह घटना शनिवार रात उस समय हुई जब महिला जिले के मदिकोंडा में सड़क को पार कर रही थी। घटना के समय कार को राजैया का चालक चला रहा था। उस समय राजैया कार में थे। पुलिस के अनुसार, पूर्व विधायक ने दुर्घटना में शामिल कार को नजदीकी थाने भिजवा दिया तथा दूसरी कार से वहां से रवाना हो गए। महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है।

राजौरी में कैब खाई में गिरी, तीन की मौत

राजौरी/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में रविवार सुबह एक कैब के खाई में गिर जाने से उसमें सवार पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। कैब सवार थांदिकास्सी से लाम की ओर जा रहे थे, तभी चलान गांव के पास हादसा हुआ। कैब चालक अरुण की मौके पर मौत हो गई, जबकि बगलाव के मोहम्मद दीन और उसके बेटे मोहम्मद असलम ने नौशेरा के उपजिला अस्पताल और राजकीय चिकित्सा कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया।

मानसून सत्र : 23 निजी विधेयक सूचीबद्ध

राज्यसभा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डीपफेक तथा नागरिकता कानून पर भी हो सकती है चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

आगामी मानसून सत्र के लिए राज्यसभा में सूचीबद्ध निजी विधेयकों में, न्यायाधीश जैसे संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों की सेवानिवृत्ति के बाद किसी राजनीतिक पार्टी में उनके शामिल होने पर रोक लगाने से संबंधित विधेयक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डीपफेक पर विधेयक, तथा नागरिकता कानून में संशोधन से संबंधित एक विधेयक शामिल है। आगामी सत्र में, संसद के उच्च सदन में पेश करने के लिए कुल 23 निजी विधेयक सूचीबद्ध किए गए हैं।

सूत्र ने कहा कि राजद सांसद

● पति की ओर से पत्नी से दुष्कर्म को अपराध के रूप में शामिल करने की मांग

एडी सिंह द्वारा सूचीबद्ध संविधान (संशोधन) विधेयक, 2024 का उद्देश्य (अनुच्छेद 124, 148, 319 और 324 का संशोधन और नए अनुच्छेद 220ए और 309ए को सम्मिलित करना), न्यायाधीश जैसे संवैधानिक पदों से सेवानिवृत्त होने वालों और निर्वाचन आयुक्तों को सेवानिवृत्ति के बाद राजनीतिक दलों में शामिल होने से रोकना है। ये विधेयक हालिया विवादों की पृष्ठभूमि में लाये गए हैं।

ऐसा ही एक विवाद कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय से जुड़ा है, जिन्होंने पांच मार्च को अपने न्यायिक पद से इस्तीफा दे दिया था और दो दिन में भाजपा में शामिल हो गये थे। जुलाई में, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रोहित आर्य अपनी सेवानिवृत्ति के तीन महीने बाद भाजपा में शामिल हो गये थे। सिंह द्वारा सूचीबद्ध एक अन्य विधेयक में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में संशोधन कर पति द्वारा पत्नी से दुष्कर्म को अपराध के रूप में शामिल करने की मांग की गई है।

डीपफेक को अपराध की श्रेणी में शामिल करने की मांग

माकपा सांसद वी. शिवदासन ने दो विधेयक सूचीबद्ध किए हैं। तृणमूल कांग्रेस की सांसद मौसम नूर ने भी दो विधेयक सूचीबद्ध किए हैं। इनमें से एक का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता से कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करना है जबकि दूसरा डीपफेक को अपराध की श्रेणी में शामिल करने की मांग से संबंधित है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पी. संदोष कुमार ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी नियामक प्राधिकरण बनाने के लिए एक विधेयक सूचीबद्ध किया है। निजी विधेयक ऐसा विधेयक होता है जिसे वह सांसद पेश करता है जो सरकार का हिस्सा नहीं होता। वर्ष 1952 से अब तक दोनों सदनों द्वारा केवल 14 ऐसे विधेयक पारित किए गए हैं।

शरद पवार भ्रष्टाचार के सरगना हैं, उद्धव औरंगजेब फैन क्लब के प्रमुख : शाह

पुणे, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को विपक्षी नेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार पर तीखा हमला किया और उन्हें भ्रष्टाचार का सरगना करार दिया। पुणे में भाजपा के राज्य सम्मेलन में शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर लोकसभा चुनाव में हार के बावजूद अहंकार प्रदर्शित करने का आरोप लगाया।

उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को औरंगजेब फैन क्लब का प्रमुख करार दिया और कहा कि वह 1993 के मुंबई बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगने वाले लोगों के साथ बैठे हैं। भाजपा नीत महायुति

● राहुल गांधी पर चुनाव में हार के बावजूद अहंकार प्रदर्शित करने का लगाया आरोप

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 2014 और 2019 के चुनावों से बेहतर प्रदर्शन करेगी।

भाजपा नेता ने कहा कि शरद पवार ने भ्रष्टाचार को संस्थागत बनाया। महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में आगामी विधानसभा चुनाव में हमारी जीत के बाद राहुल गांधी का अहंकार चूर-चूर हो जाएगा। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि उद्धव ठाकरे उन लोगों के साथ बैठे हैं, जिन्होंने 1993 के मुंबई धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगा था। औरंगजेब फैन क्लब क्या है? जो (26/11 आतंकी हमले के दोषी) कसाब को बिरयानी खिलाते हैं, जो याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगते हैं, जो (विवादित इस्लामी उपदेशक) जाकिर नाइक को शांति दूत पुरस्कार देते हैं और जो (प्रतिबंधित इस्लामी संगठन) पीएफआई का समर्थन करते हैं। उद्धव को इन लोगों के साथ बैठने में शर्म आनी चाहिए। महाराष्ट्र में भाजपा ने 2019 में लोकसभा की 23 सीट जीती थी, जो 2024 में नौ रह गई।

चुनावी बॉण्ड संबंधी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट चुनावी बॉण्ड योजना की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ दो गैर सरकारी संगठनों कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन की जनहित याचिका पर आज को सुनवाई कर सकती है। दोनों संगठनों की याचिका में राजनीतिक दलों और कंपनियों के बीच स्पष्ट लेन-देन का आरोप लगाया गया है।

नीटः 11,000 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य या माइनस मार्क्स मिले

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा इस साल विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के केंद्रवार घोषित परिणामों के अनुसार 11,000 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य या नकारात्मक अंक मिले हैं। इस महत्वपूर्ण परीक्षा में किसी भी उम्मीदवार द्वारा प्राप्त न्यूनतम अंक बिहार के एक केंद्र पर 'माइनस 180' हैं।

शहर और केंद्रवार परिणामों के अनुसार, 2,250 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य अंक मिले हैं, जबकि 9,400 से अधिक अभ्यर्थियों को नकारात्मक अंक मिले हैं। झारखंड के हजारीबाग में जांच के दायरे में आए केंद्र पर

● परीक्षा में किसी उम्मीदवार की ओर से प्राप्त किए न्यूनतम अंक माइनस 180 हैं

कई अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने शून्य से भी कम अंक प्राप्त किए हैं। कुछ अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने शून्य अंक प्राप्त किए हैं, लेकिन कोई बड़ा समूह नहीं देखा गया है, क्योंकि प्रत्येक केंद्र पर ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या अधिक नहीं है। नीट परीक्षा पेपर लीक सहित कथित अनियमितताओं को लेकर जांच के दायरे में है। पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं से लाभान्वित होने वाले अभ्यर्थियों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, लेकिन कुछ केंद्रों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों की संख्या अधिक है।

असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार, 1.30 लाख लोग अब भी प्रभावित

गुवाहाटी। असम में बाढ़ की स्थिति में रविवार को सुधार हुआ और 10 जिलों में बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या घटकर 1.30 लाख रह गई। प्रदेश में ब्रह्मपुत्र समेत दो प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। विभिन्न मंत्रालयों के शीर्ष अधिकारियों वाली केंद्रीय टीम ने इस साल दो बार आई बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए राज्य का दौरा किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव मिहिर की अगुवाई में एक दल ने कई बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

दुकान के सामने से एसयूवी हटवाने के लिए फैलाई बम की अफवाह

पठानकोट, एजेंसी

● वाहन के पास फेकी गई पर्ची में पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा मिला: एसएसपी पठानकोट

पंजाब के पठानकोट में दुकान के सामने खड़ी एसयूवी कार से परेशान व्यक्ति ने हटवाने के लिए बम की अफवाह फैला दी। पंजाब पुलिस ने इस मामले में रविवार को नितिन महाजन को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को सूचना मिली कि पठानकोट के बालाजी नगर में डाकी रोड पर खड़ी एसयूवी में तोड़फोड़ हुई है। पुलिस के मुताबिक वाहन के पास कुछ पर्चे मिले, जिन पर पांच दिनों में पठानकोट में सरकारी कार्यालयों और स्कूलों में बम की धमकी दी गई थी। संदेश में लिखा था, 100 लोग भारत में घुसे हैं, जिनमें से 30 पठानकोट में हैं। पठानकोट एसएसपी सुहैल कासिम मीर ने कहा कि पर्चे पर पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा था। एसएसपी ने कहा कि नितिन ने दो महीनों से किराने की दुकान के सामने खड़ी एसयूवी की खिड़कियों के शीशे तोड़े थे और धमकी भरे संदेश लिखे थे। कार सुरेश की थी। नितिन ने एसयूवी हटवाने के लिए यह कहानी गढ़ी थी।

यूजीसी-नेट की पुनः परीक्षा पर रोक के लिए याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी

यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने के केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर हुई है। मंत्रालय ने 19 जून को यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने का आदेश दिया था और मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी।

याचिका पर प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ सुनवाई करने वाली है। अधिवक्ता उज्ज्वल गौर की याचिका में यूजीसी-नेट की पुनः परीक्षा पर उस वक्त तक रोक लगाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, जब

तीन अभियुक्त सीबीआई रिमांड पर

पटना। एनटीए की आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार में पटना की विशेष अदालत ने गिरफ्तार तीन अभियुक्तों को पूछताछ के लिए 10 दिनों की रिमांड पर सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया। सीबीआई ने पटना से गिरफ्तार राजस्थान के भरतपुर मेडिकल कॉलेज के छात्र कुमार मंगलम विश्नोई और दीपेंद्र शर्मा तथा एक सेंटर शशिकांत पासवान को रविवार को विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी धनंजय पांडे के समक्ष उनके आवासीय कार्यालय पर पेश किया, जहां तीनों को न्यायिक हिरासत में लिया गया।

● मंत्रालय ने 19 जून को रद करने का दिया था आदेश

तक कि सीबीआई प्रश्नपत्र लीक के आरोपों की जांच नहीं कर लेती। याचिका में कहा गया है कि सीबीआई के हालिया निष्कर्षों को ध्यान में रखते हुए पुनःपरीक्षा का निर्णय न केवल मनमाना है, बल्कि अन्यायपूर्ण भी है। सीबीआई की जांच से यह तथ्य सामने आया है कि प्रश्नपत्र लीक का दावा करने वाले सबूतों से छेड़छाड़ की गई है। याचिकाकर्ता ने दलील दी है कि परीक्षा को अनावश्यक रद्द करने से उन अभ्यर्थियों को काफी परेशानी हुई, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत की थी।

दुष्कर्म पीड़िता से शादी करने वाले के खिलाफ पॉक्सो मामला खारिज

बेंगलुरु। कर्नाटक हाईकोर्ट ने मैसूर के उस व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद कर दिया है, जिसने 18 वर्षीय लड़की का उस समय यौन उत्पीड़न किया जब वह नाबालिग थी। कोर्ट ने के विवाह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के बाद 23 वर्षीय आरोपी के खिलाफ मामला रद कर दिया। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने इस बात पर जोर दिया कि यदि आरोपी मामले के बंद होने के बाद लड़की और उसके बच्चे को छोड़ता है तो पॉक्सो मामले के तहत फिर कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

देश में वायु प्रदूषण का संकट सरकार की नीतिगत विफलता का परिणाम

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर वायु प्रदूषण से निपटने में खराब नीति-निर्माण का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने रविवार को मांग की कि केंद्रीय बजट में इस गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट से निपटने के लिए देश के निकायों, राज्य सरकारों और केंद्र को संसाधन संपन्न बनाने का मार्ग प्रशस्त किया जाना चाहिए।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने महीने की शुरुआत में कहा था कि देश में होने वाली मौतों में से 7.2%

● कांग्रेस ने केंद्र सरकार प र खराब नीति-निर्माण का लगाया आरोप

वायु प्रदूषण से जुड़ी हैं और हर साल सिर्फ 10 शहरों में 34,000 लोगों की मौत इससे होती है। दिल्ली में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवॉयरमेंट द्वारा किए अध्ययन में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) का मूल्यांकन किया गया है और इस सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट को पैदा करने वाली नीतिगत अव्यवस्था को उजागर किया है। रमेश ने कहा कि एनसीएपी का वर्तमान बजट 10,500 करोड़ है जो 131 शहरों में फैला है। इसमें 15वें वित्त आयोग का अनुदान भी है।

केजरीवाल की सेहत से खिलवाड़ कर रही भाजपा : संजय सिंह

नई दिल्ली। आप नेता संजय सिंह ने भाजपा पर तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का रविवार को आरोप लगाया। केजरीवाल की जांच रिपोर्ट से पता चलता है कि उन्हें कभी भी कुछ भी हो सकता है। सिंह ने कहा कि पहले वे कह रहे थे कि केजरीवाल मिठाई खा रहे हैं और शर्करा का स्तर बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब भाजपा का कहना है कि केजरीवाल खाना कम कर दिया है। कोई ऐसा क्यों करेगा और जान जोखिम में क्यों डालेगा।

कारोबार/कृषि

एक नजर

बिजली क्षेत्र के लिए कोयले की कोई कमी नहीं: रेड्डी

कोलकाता। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा है कि बिजली क्षेत्र के लिए कोयले की कोई कमी नहीं है और केंद्र मांग को पूरा करने के लिए शुष्क ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया और वाणिज्यिक खदानों की उत्पादकता बढ़ाकर दीर्घकालिक मांग को पूरा किया जाएगा। कोयला एवं खान मंत्री रेड्डी ने कहा कि हम सभी ताप विद्युत संयंत्रों को कोयला उपलब्ध करा रहे हैं। हमने आयातित कोयले पर आधारित संयंत्रों से अनुरोध किया है कि वे अपनी तकनीक बदलकर घरेलू ईंधन का उपयोग करें। देश में कोयले की कोई कमी नहीं है। कोयला उत्पादन में आमतौर पर मानसून के मौसम में बाधा आती है।

खाद्य सुरक्षा के लिए 300 से अधिक अधिसूचनाएं

नई दिल्ली। भारत ने खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने, पशुओं और पौधों के स्वास्थ्य की रक्षा करने और उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जनवरी, 2020 से अबतक 300 से अधिक अधिसूचनाएं जारी की हैं। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। ये अधिसूचनाएं स्वच्छता और वनस्पति स्वास्थ्य उपायों (एसपीएस) तथा व्यापार में तकनीकी बाधाओं (टीबीटी) के तहत जारी की जाती हैं।

सेब के आयात पर 100% शुल्क लगाने की मांग

श्रीनगर। भारतीय सेब किसान संघ (एएफएफआई) ने रविवार को किसानों को बचाने के लिए सेब के आयात पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की मांग की। कुलगाम जिले में सेब किसानों के राष्ट्रीय सम्मेलन के बाद माकपा नेता एमवाई तारिगामी ने कहा कि सरकार को सेब उद्योग का निगमीकरण रोकना चाहिए और किसानों को बचाने के लिए 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाना चाहिए। मांग की कि खुदरा मूल्य 50% न्यूनतम खरीद मूल्य के रूप में भुगतान किया जाए।

आम बजट में एनपीएस, आयुष्मान भारत पर हो सकती हैं कुछ घोषणाएं

सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने की संभावना, आयकर में राहत की उम्मीद कम

नई दिल्ली, एजेंसी

अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इस सप्ताह पेश होने वाले आम बजट में नई पेंशन प्रणाली और आयुष्मान भारत जैसी सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को लेकर कुछ घोषणाएं हो सकती है। हालांकि, आयकर के मामले में राहत की उम्मीद कम है। उनका यह भी कहना है कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बुनियादी ढांचे पर जोर, ग्रामीण और कृषि संबंधी आवंटन बढ़ने और सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाये जाने की संभावना है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024-25 के लिए लगातार सातवीं बार और नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे

● पेंशन योजनाओं को लेकर राज्यों के स्तर पर हुई है काफी चर्चा: अर्थशास्त्री

कार्यकाल का पहला बजट मंगलवार यानी 23 जुलाई को लोकसभा में पेश करेंगीं। अर्थशास्त्री और राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) में प्रोफेसर एन आर भानुमूर्ति ने कहा कि बजट में एनपीएस और आयुष्मान भारत पर कुछ घोषणाओं की उम्मीद है। पेंशन योजनाओं को लेकर राज्यों के स्तर पर काफी चर्चा हुई है। केंद्र सरकार ने एनपीएस (नई पेंशन प्रणाली) को लेकर समिति भी गठित की थी।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र अच्छे बजट का हकदार : चिराग

नई दिल्ली। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान का मानना है कि उनका मंत्रालय अच्छे बजट का हकदार है। उन्होंने कहा कि देशभर में प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर देने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्री से अपने मंत्रालय के अनुरोध के बारे में बताए बिना पासवान ने कहा कि उनके मंत्रालय ने बजट की इच्छा सूची वित्त मंत्रालय को भेज दी है। पासवान ने कहा कि सरकार की सीमाओं को देखते हुए वह नहीं बता सकते कि इनमें से कितने अनुरोध स्वीकार किए जाएंगे। उनकी शीर्ष तीन प्राथमिकताओं में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करना, भारतीय ब्रांड को वैश्विक बाजारों में ले जाना और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के बारे में विभिन्न गलतफहमियों को दूर करना शामिल है।

आयात पर अंकुश से प्रभावित हो रहा कपड़ा क्षेत्र : जीटीआरआई

नई दिल्ली। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) और सीमा शुल्क की जटिल प्रक्रियाएं, आयात अंकुश और घरेलू निहित स्वार्थ जैसे मुद्दे भारतीय परिधान क्षेत्र की निर्यात वृद्धि को रोक रहे हैं। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) का कहना है कि निर्यातकों की समस्या की जड़ में कच्चे कपड़े, विशेष रूप से सिंथेटिक कपड़े हासिल करने में कठिनाई है। जीटीआरआई के अजय श्रीवास्तव ने कहा कि बांग्लादेश और वियतनाम के विपरीत, जहां निर्यातकों को गुणवत्ता वाले आयातित कपड़े मिलते हैं, भारतीय निर्यातकों को कपड़ों पर उच्च आयात शुल्क, डीजीएफटी और सीमा शुल्क की जटिल प्रक्रियाओं से हर इंच आयातित कपड़े के लिए हिसाब लगाना पड़ता है और संघर्ष करना पड़ता है।

शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी 2.10 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

● सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारतीय जीवन बीमा निगम

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में आठ के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह 2,10,330.26 करोड़ का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) रहीं।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 85.31 अंक या 0.10 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स शुक्रवार को 81,587.76 के अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 42,639.16 करोड़ बढ़कर 15,56,772.61 करोड़ रुपये पहुंच गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 36,748.23 करोड़ बढ़कर 7,01,695.24 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस 33,569.16 करोड़ के उछाल के साथ 7,44,396.43 करोड़ पहुंच गई। वहीं एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 26,372.23 करोड़ बढ़कर 7,93,576.49 करोड़, हिंदुस्तान यूनिलीवर 6,40,651.30 करोड़ और आईटीसी का 5,92,679.30 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

एफपीआई ने शेयरों में किए 30,772 करोड़ निवेश

नई दिल्ली। नीतिगत सुधार की उम्मीद, आर्थिक वृद्धि और कंपनियों के तिमाही नतीजे बेहतर रहने से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार में 30,772 करोड़ का निवेश किया है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक (शोध) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि इसके अलावा बजट के सुधारोन्मुख रहने की उम्मीद से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है।

माइक्रोसॉफ्ट ने तैनात किए हजारों इंजीनियर, विशेषज्ञ

नई दिल्ली, एजेंसी

● क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से 85 लाख उपकरण हुए थे प्रभावित

सॉफ्टवेयर क्षेत्र की दिग्गज अमेरिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने साइबर सुरक्षा भागीदार क्राउडस्ट्राइक से पैदा हुई गड़बड़ी के बाद सेवाओं को बहाल करने के लिए हजारों इंजीनियर और विशेषज्ञ तैनात किए हैं। माइक्रोसॉफ्ट के अनुसार, 18 जुलाई को क्राउडस्ट्राइक के 'अपडेट' से पैदा हुई दिक्कतों से दुनियाभर में 85 लाख उपकरण प्रभावित हुए थे।

माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि सेवाओं को बहाल करने के लिए ग्राहकों के साथ सीधे काम करने के लिए इंजीनियरों और विशेषज्ञों को तैनात किया जा रहा है। वैश्विक स्तर पर पैदा हुई इस गड़बड़ी से कई बिक्री केंद्र प्रभावित हुए और यहां तक कि भारत में कई एयरलाइन कंपनियों की उड़ानें बंद हो गईं। इस रुकावट ने दुनियाभर में कंपनियों और प्रणालियों के परिचालन को रोक दिया था। इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा के नेटवर्क पर ऑनलाइन चेक-इन और बोर्डिंग प्रक्रियाओं में व्यवधान आया, जिससे उन्हें मैनुअल तरीके से चेक-इन का काम करना पड़ा।

सूरजमुखी का तेल, सोया रिफाइंड व पाम ऑयल हुआ महंगा

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख से दिल्ली थोक जिंस बाजार में सूरजमुखी का तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल महंगा हो गया है। वहीं, अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा सप्ताहांत पर 27 रिंगिट बढ़कर4007 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.68 सेंट की गिरावट के साथ 44.52 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा।

बाढ़ और बारिश से फसलें प्रभावित, घटा रकबा

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में कहीं अधिक तो कहीं कम बारिश, कहीं बाढ़ से खरीफ फसलों का लक्ष्य के अनुसार आच्छादन यानी बोआई नहीं हो पाई है। लक्ष्य 10205 हजार हेक्टेयर में 5449.909 हजार हेक्टेयर (53%) में धान, मक्का, ज्वार, अन्य मोटा अनाज, उड़द, मूंग, मूंगलफली, अरहर, सोयाबीन, तिल आदि का आच्छादन हुआ है। जबकि धान की पौध ज्यादातर किसान तैयार नहीं कर पाए हैं न ही उनके पास समय है। जहां रोपाई हुई वहां बाढ़-बारिश से निचली सतहों को नुकसान पहुंचा है।

बारिश की बात करें तो जून में 95

● फसलों के अनुसार कहीं कम तो कहीं औसत से ज्यादा हुई बारिश

● जून-जुलाई में 242.2 मिमी (90.7 फीसद) बारिश, धान प्रभावित

मिमी जरूरत थी जबकि 61.8 मिमी हुई है। 1 से 19 जुलाई तक सामान्य 172.2 मिमी में 180.04 मिमी (104%) हुई। दोनों माह में 1 जून से 19 जुलाई तक सामान्य 267.2 मिमी में 242.2 मिमी (90%) बारिश हुई है। 26 जिले ऐसे हैं जहां 120% से ज्यादा बारिश हुई है। जबकि नौ जिलों में 40% से कम बारिश हुई है। बाढ़ प्रभावित जिलों में फसलों की गुंजाइश नहीं है।

पिछले वर्ष हुई थी 94 फीसदी बारिश : खरीफ के लिए जून से जुलाई बारिश का समय होता है। 1 जून से 19 जुलाई तक 267.2 मिमी (सामान्य) बारिश होनी चाहिए। जो इस वर्ष 242.2 मिमी हुई। 2023-24 में 253.5 मिमी (94.9%) और 2022-23 में 81.8 मिमी (30.6%) बारिश हुई थी, जिससे क्षेत्रफल घटा था।

इन फसलों का आच्छादन : धान 58 प्रतिशत, मक्का 63, ज्वार 43, बाजरा 24, अन्य मोटा अनाज 22, उड़द 49, मूंग 49, अरहर 37, मूंगफली 144, सोयाबीन 97, तिल 36।

तोरिया से करें भरपाई : डॉ. अखिलेश

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश दुबे ने बताया कि कम ज्यादा बारिश से किसान धान की पौध तैयार नहीं कर पाए हैं। जहां बारिश व बाढ़ का असर है वहां के किसान जल निकासी होने के बाद तोरिया की फसल करें। इससे भरपाई होगी और आगे गेहूं कर सकेंगे। अगेती मटर, आलू व सब्जियां भी किसान कर सकते हैं। धान क्षेत्र में जहां जलभराव है वहां मत्स्य पालन भी कर सकते हैं। 11 से 15 दिन की धान की नर्सरी भी तैयार कर सकते हैं।

ख्वाहिश है मां मुझे ओलंपिक में पदार्पण करते देखें : जरमनप्रीत

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय हॉकी टीम के डिफेंडर सिंह बोले- अतीत में मिले जख्मों पर लगाना है मरहम

जिंदगी सभी को दूसरा मौका नहीं देती लेकिन जरमनप्रीत सिंह को मिला और भारतीय हॉकी टीम के इस डिफेंडर की ख्वाहिश है कि तमाम उतार चढावों में उनका संबल बनी उनकी मां कुलविंदर कौर पेरिस में उन्हें ओलंपिक में पदार्पण करते देखे। विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, एशियाई खेल जैसे बड़े टूर्नामेंटों का हिस्सा रहे 28 वर्ष जरमनप्रीत का यह पहला ओलंपिक है और इसमें अच्छा प्रदर्शन करके वह अतीत में मिले जख्मों पर मरहम भी लगाना चाहते हैं ।

पंजाब के अमृतसर के रहने वाले जरमनप्रीत ने रवानगी से पहले कहा मैं कोशिश कर रहा हूं कि अपनी मां को पेरिस ओलंपिक दिखा सकूं। उन्हें गर्व हो कि उनका बेटा सबसे बड़ा टूर्नामेंट खेल रहा है। मैं हर मैच से पहले मम्मी से बात करता हूं। उनको हॉकी के बारे में कुछ नहीं पता लेकिन मुझे कहती हैं कि ऐसे खेलना, वैसे खेलना। वह मेरी पहली कोच होती हैं। मैने चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी देखने उनको बुलाया था। जरमनप्रीत को 2016 से 2018 के बीच डोपिंग मामले में दो साल का प्रतिबंध झेलना पड़ा था लेकिन उससे उबरकर उन्होंने वापसी की और जूनियर विश्व कप खेलने का मौका चूकने के आठ साल बाद अब ओलंपिक खेलने जा रहे हैं। नीदरलैंड के ब्रेडा में 2018 चैंपियंस ट्रॉफी में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम में पदार्पण करने के बाद से वह 106 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। वह हांग्झोऊ एशियाई खेल 2023 में स्वर्ण और राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। उन्होंने कहा यूं तो मैने वर्ल्ड कप, चैंपियंस ट्रॉफी, एशियाई खेलों में भाग लिया है लेकिन ओलंपिक पहला है। ओलंपिक का दबाव अलग ही होता है जिसमें पूरी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमें आती है।

जरमनप्रीत तोक्यो ओलंपिक की टीम में जगह बनाने से चूक गए थे जब भारत ने 41 साल बाद कांस्य पदक जीता, लेकिन क्रेग फुल्टन के आने के बाद से वह रक्षण के साथ आक्रमण के कौशल पर भी काफी मेहनत कर रहे हैं और भारतीय टीम के नियमित सदस्य बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह सकारात्मक सोच के साथ पेरिस जा रहे हैं और उन्हें अपने अनुभव और मानसिक दृढता पर पूरा भरोसा है। दबाव की वैसे कोई बात नहीं है क्योंकि इन टीमों के साथ काफी मैच खेल चुके हैं। हम सकारात्मक सोच के साथ ही जा रहे हैं। सभी खिलाड़ियों का सपना होता है कि ओलंपिक खेलें। मेरे लिए और मेरे परिवार के लिए यह गर्व का पल होगा। देश के लिए पदक जीतने से बड़ी कोई प्रेरणा नहीं होती।

इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को दिया 385 का लक्ष्य, रूट और ब्रूक के शतक

नॉटिंघम, एजेंसी

दूसरा टेस्ट

122 रनों की पारी खेलने के बाद पवेलियन लौटते जो रूट।

जो रूट (122) और हैरी ब्रूक (109) के शतकों की मदद से अपनी दूसरी पारी में 425 रन बनाने वाले इंग्लैंड ने रविवार को यहां वेस्टइंडीज के सामने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जीत के लिए 385 रन का लक्ष्य रखा। इंग्लैंड ने सुबह तीन विकेट पर 248 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। तब रूट 37 और ब्रूक 71 रन पर खेल रहे थे। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 189 रन की साझेदारी की जिससे इंग्लैंड निचले मध्य क्रम के बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के बावजूद मजबूत स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। रूट ने अपने करियर का 32वां जबकि ब्रूक ने पांचवा शतक लगाया।

वेस्टइंडीज के सबसे सफल गेंदबाज जॉडेन सील्स (97 देकर 4 विकेट) ने ब्रूक को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। इसके बाद रूट ने एक छोर संभाले रखा लेकिन दूसरी तरफ से उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं मिला। ब्रूक ने अपनी पारी में 132 गेंद का सामना करते हुए 13 चौके लगाए। जेसन होल्डर ने रूट की पारी का अंत किया। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज ने आठवें नंबर के विकेट के रूप में आउट होने से पहले 178 गेंद खेली और 10 चौके लगाए। निचले क्रम में गस एटकिंसन ने नाबाद 21 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 457 रन बनाकर 41 रन की बढ़त हासिल की थी। इंग्लैंड पहला टेस्ट मैच पारी और 114 रन से जीतकर तीन मैच की शृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है।

युकी ने जीता स्विस ओपन में पुरुष युगल का खिताब

गस्टाड (स्विटजरलैंड)। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेट ने तीन सेट तक चले फाइनल में उगो हम्बर्ट और फैब्रिस मार्टिन को हराकर स्विस ओपन एटीपी टूर टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता।

भांबरी और ओलिवेट की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस एटीपी 250 क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वियों को 3-6, 6-3, 10-6 से पराजित किया। फाइनल मैच एक घंटे छह मिनट तक चला जिसमें दोनों जोड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी लेकिन आखिर में भांबरी और ओलिवेट की जोड़ी विजेता बनी। 32 वर्षीय भांबरी का यह तीसरा एटीपी युगल खिताब है। इस भारतीय खिलाड़ी ने ओलिवेट के साथ मिलकर दूसरा खिताब जीता। उन्होंने लॉयड हैरिस के साथ 2023 मैलोर्का चैंपियनशिप में अपना पहला एटीपी खिताब जीता था। भांबरी ने ओलिवेट के साथ मिलकर इस साल अप्रैल में बीएमडब्ल्यू ओपन का खिताब जीता था।

टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए पेस और अमृतराज

टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए लिएंडर पेस और विजय अमृतराज।

न्यूपोर्ट (अमेरिका), एजेंसी

भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और विजय अमृतराज को टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। यह दोनों इस सूची में जगह पाने वाले एशिया के पहले दो खिलाड़ी बन गए हैं। पेस की करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि 1996 अटलांटा ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल कांस्य पदक जीतना रहा है। यह 51 साल का पूर्व खिलाड़ी आठ पुरुष युगल और 10 मिश्रित युगल ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने के साथ भारत की डेविस कप की कई यादगार जीत का हिस्सा रहा है। उन्हें हॉल ऑफ फेम के प्लेयर कैटेगरी में जगह दी गई है। अमृतराज विंबलडन और अमेरिका ओपन में दो-दो बार पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। इस 70 साल के खिलाड़ी ने भारत को दो बार 1974 और 1987 में डेविस कप फाइनल में पहुंचाया है। वह अपने खेल के चरम पर एकल रैंकिंग में 18वें और युगल रैंकिंग में 23वें पायदान पर रहे हैं। उन्हें रिचर्ड इवांस के साथ कंट्रिब्यूटर्स श्रेणी में हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था।

खेल डायरी

बीजू पुरस्कार का नाम नहीं बदला जाएगा: माझी

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को घोषणा की कि राज्य सरकार के 'बीजू पटनायक खेल पुरस्कार' का नाम नहीं बदला जाएगा। खेल और युवा सेवा विभाग ने इस वर्ष के पुरस्कार के लिए दिशानिर्देश जारी कर इसका नाम बदलकर 'राज्य क्रीड़ा सम्मान' कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुरस्कार का नाम बदलने के बारे में उन्हें प्रेस से ही पता चला। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पुरस्कार से बीजू पटनायक का नाम हटाने का कोई औपचारिक निर्णय नहीं लिया है। मेरी सरकार धरती के सपूतों का सम्मान करती है और बीजू पटनायक के नाम पर रखे गए खेल पुरस्कार के शीर्षक में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा बीजू पटनायक खेल पुरस्कार इसी तरह जारी रहेगा।

भारत विश्व जूनियर स्क्वैश के क्वार्टरफाइनल में

ह्यूस्टन। भारतीय लड़के और लड़कियों ने विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा के मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में पहुंच गए। अमेरिका के ह्यूस्टन में खेले गए मुकाबले में लड़कों ने प्री-क्वार्टर फाइनल में कनाडा को 2-0 से हराया। इसी के साथ वे क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। अंतिम आठ चरण में भारतीय लड़के चौथी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से भिड़ेंगे। वहीं लड़कियां ने अपने अंतिम लीग मैच में हांगकांग से 1-2 से हारने के बाद ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर रहीं। लड़कियां तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया से मुकाबला करेंगी। व्यक्तिगत कांस्य जीतने वाले शौर्य बावा ने पांच गेम के मुकाबले में यूसुफ सरहान को हराया, जबकि अरिहंत केएस ने शानदार जीत के साथ इवान हैरिस से व्यक्तिगत स्पर्धा में मिली हार का बदला लिया।



नडाल को हराकर नूनो ने जीता नॉर्डिया ओपन

बस्ताड (स्वीडन)। दिग्गज राफेल नडाल का क्ले-कोर्ट पर खेले गए नॉर्डिया ओपन में विजयी अभियान फाइनल में नूनो बोर्गेस से 6-3, 6-2 से हारकर खत्म हो गया। सातवीं वरीयता प्राप्त पुर्तगाल खिलाड़ी ने स्पेन के अनुभवी खिलाड़ी की सर्विस को पांच बार तोड़कर एटीपी टूर पर अपनी पहली जीत दर्ज की। नडाल 2022 फ्रेंच ओपन के बाद पहली बार एटीपी टूर पर किसी प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे।

वाणी, त्वेसा और रिद्धिमा चूकीं, भारतीय चुनौती समाप्त

हिलवर्सम (नीदरलैंड)। वाणी कपूर, त्वेसा मलिक और रिद्धिमा दिलावड़ी पेरिस ओलंपिक से पहले अंतिम लेडीज यूरोपीय टूर टूर्नामेंट में 36 होल में कट बनाने से चूक गयीं जिससे डच लेडीज ओपन में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। पहले दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर अच्छी शुरूआत करने वाली वाणी ने दूसरे दौर में चार ओवर 76 का कार्ड बनाया जिससे वह एक शॉट से कट से चूक गयीं। उनका कुल स्कोर दो ओवर रहा जबकि कट एक ओवर का था। त्वेसा (73-80) और रिद्धिमा (73-75) भी कट में जगह बनाने से चूक गईं।

नीरज की एडक्टर फिट, ट्रेनिंग जारी : क्लॉस

जर्मन कोच बार्टोनिट्ज ने चोपड़ा की फिटनेस पर चल रही चिंताओं को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

● बोले- सब कुछ योजना के अनुसार, जांघ की चोट में कोई समस्या नहीं

भारतीय स्टार नीरज चोपड़ा के जर्मन कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज ने उनकी फिटनेस को लेकर सभी चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि पिछले कुछ महीने से इस भाला फेंक एथलीट को परेशान करने वाली जांघ (एडक्टर) की चोट अब है और यह ओलंपिक चैम्पियन पेरिस के लिए कड़ी तैयारियों में जुटा है। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीतकर इतिहास रचने वाले 26 वर्षीय चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में शीर्ष पोडियम स्थान के लिए एक बार फिर देश की सर्वश्रेष्ठ दावेदार हैं। लेकिन फिटनेस देखी जाये तो उनका सत्र बिल्कुल सही नहीं रहा है।

बार्टोनिट्ज ने कहा कि अब चीजें पटरी पर आ गई हैं। सब कुछ योजना के अनुसार है। फिलहाल जांघ की चोट की कोई समस्या नहीं है, यह ठीक है। उम्मीद है कि ओलंपिक तक ऐसा ही रहेगा। बार्टोनिट्ज करीब पांच साल से चोपड़ा से जुड़े हैं। उन्होंने तुर्किये के अंताल्या से बताया ओलंपिक में अभी दो हफ्ते से अधिक समय बचा है इसलिए ट्रेनिंग का स्तर बढ़ा दिया गया है। वह पूरा थ्रोइंग सत्र कर रहे हैं। चोपड़ा ने 28 मई को एहतियातन ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से हटने का फैसला किया था क्योंकि उन्हें जांघ में कुछ दर्द महसूस हुआ था। उन्होंने 18 जून को फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों में 85.97 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतकर जोरदार वापसी की। फिर चोपड़ा ने सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भी नहीं खेलने का फैसला किया और कहा कि यह प्रतियोगिता उनके कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी।

पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा छह अगस्त को क्वालीफिकेशन दौर से शुरू होगी जिससे अभी इसे शुरू होने में दो हफ्ते हैं। बार्टोनिट्ज ने चोपड़ा के ट्रेनिंग कार्यक्रम को लेकर कहा हम सुबह में स्प्रिंटिंग, जंपिंग या थ्रोइंग या वेटलिफ्टिंग के सत्र रखते हैं। सुबह और शाम दो सत्र होते हैं जिसमें प्रत्येक दो से ढाई घंटे तक का होता है। चोपड़ा का तरीका तोक्यो ओलंपिक से पहले अपनाए गए तरीके जैसा ही है जिसमें वह टूर्नामेंट के बजाए ट्रेनिंग पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं और वह अपने ग्रोइन पर दबाव कम करने के लिए अपनी ब्लॉकिंग करने वाले पैर को मजबूती देने पर भी काम कर रहे हैं। सामान्यतः भाला फेंकना ब्लॉकिंग (तेजी से भागते हुए अच्छी तरह रूककर भाला फेंकना) पर निर्भर करता है। भागते हुए आप जितनी अधिक ऊर्जा से आएंगे, उतना ही बेहतर होगा।

तीरंदाजी में तीन पदक तो पक्के की समझें : संजीवा सिंह

नई दिल्ली। भारतीय तीरंदाजी टीम के कोरियाई कोच बेक वूंग की को पेरिस खेलों के लिए 'एक्रिडिटेशन' देने से इनकार किए जाने के विवाद के बीच पूर्व ओलंपियन और खेल के लिए साई के हाई परफोरमेंस निदेशक संजीवा सिंह ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि छह सदस्यीय दल ओलंपिक से तीन पदक लेकर लौटेगा। भारतीय तीरंदाज सभी पांच वर्गों पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व, महिला व्यक्तिगत रिकर्व, पुरुष और महिला टीम और मिश्रित टीम में प्रतिस्पर्धा करेंगे। छह भारतीय धीरज बोम्मादेवरा, प्रवीण जाधव, तरुणदीप राय, दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त ने पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। तीरंदाजी दल फ्रांस में ट्रेनिंग के बाद ओलंपिक खेल गांव में पहुंचने वाला पहला दल रहा। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सोनीपत में तीरंदाजी के लिए राष्टीय उत्कृष्टता केंद्र में हाई परफोरमेंस निदेशक सिंह ने कहा 2021 तोक्यो की तुलना में काफी वैज्ञानिक ट्रेनिंग से बेहतरीन ढंग से तैयारी की गई है जिसमें मानसिक अनुकूलन का ध्यान रखा है। सबसे महत्वपूर्ण बात ओलंपिक प्रारूप के अनुरूप घरेलू टूर्नामेंट में बदलाव किया है।

आईओए को 8.5 करोड़ देगा बीसीसीआई : शाह

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को रविवार को वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को 8.5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की।

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से शुरू होंगे। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि बीसीसीआई 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे अविश्वसनीय एथलीटों का समर्थन करेगा। हम इस अभियान के लिए आईओए को 8.5 करोड़ रुपये प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा हम पूरे दल को शुभकामनाएं देते हैं। भारत को गौरवान्वित करें। जय हिंद। पेरिस ओलंपिक में 117 खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के साथ भारतीय दल में सहयोगी स्टाफ भी है।

सहयोगी स्टाफ में नींद और पोषण चिकित्सक भी

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के दौरान खिलाड़ियों की भलाई को प्राथमिकता देते हुए काफी अधिक सहयोगी स्टाफ उनके साथ भेजा जा रहा है जिससे 117 खिलाड़ियों के लिए कुल 140 सहयोगी स्टाफ सदस्यों में से 67 खेल गांव में एथलीटों के साथ रहेंगे। एथलीट केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाते हुए सहायक स्टाफ के चयन के लिए एक व्यापक और विधिपूर्ण तंत्र अपनाया गया है। अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ सदस्य एथलीटों से चर्चा और उनकी जरूरतों के आधार पर चुने गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलाड़ियों को अच्छी नींद लेने की सलाह दी थी जिससे इस बार सहयोगी स्टाफ में पोषण विशेषज्ञ के साथ नींद चिकित्सक भी शामिल है। जानकारी के अनुसार 140 सहयोगी स्टाफ सदस्यों में से 67 खेल गांव में खिलाड़ियों के साथ रहेंगे जिसमें कोच, टीम डॉक्टर, रिकवरी विशेषज्ञ, खेल वैज्ञानिक और फिजियो शामिल हैं। कोचों, डॉक्टरों, फिजियोथेरेपिस्टों आदि के अलावा, इस बार भारत की और से पोषण विशेषज्ञ, नींद चिकित्सक और यहां तक कि स्पारिंग पार्टनर भी भेजे जा रहे हैं। इसके मुताबिक अन्य सदस्य खेल गांव के बाहर ठहराए जाएंगे और इनमें अतिरिक्त कोच, स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग विशेषज्ञ, ट्रेनर, स्पारिंग जोड़ीदार और मानसिक कंडीशनिंग कोच शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए भारत 43 कोच और व्यक्तिगत कोच, 25 विदेशी कोच, 26 फिजियोथेरेपिस्ट और सात मालिश विशेषज्ञ भेज रहा है।

बॉलीवुड हलचल

वेदा का पोस्टर रिलीज

मुंबई। जॉन अब्राहम और शरवरी बाघ अभिनीत फिल्म वेदा का नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। फिल्म वेदा के निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया है, जिसमें शरवरी और जॉन नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर में शरवरी घायल नजर आ रही हैं। शरवरी के पैरों पर चोट लगी हुई है और जॉन उन्हें कुछ पीने के लिए देते नजर आ रहे हैं। शरवरी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म ''वेदा'' का एक नया पोस्टर साझा किया है, जिसमें वह जॉन अब्राहम के साथ नजर आ रही हैं। फिल्म के इस पोस्टर के साथ शरवरी ने एक खास नोट भी लिखा है। शरवरी ने लिखा, अभिमन्यु सर, हमारी दुनिया में आप एक अकेले ऐसे इंसान हो, जिसने कभी-कोई फर्क नहीं किया। गुरु हो आप मेरे जिसने म्हारा साथ दिया, लड़ना सिखाया, दुनिया की रीति-नीति, सही-गलत सिखाके एक फाइटर बनाया। अन्याय सहना नहीं बल्कि अन्याय के खिलाफ जंग करने का रास्ता आपने सिखाया।

प्रभास को उनके प्रशंसक बहुत मानते हैं : अमिताभ

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि प्रभास को उनके प्रशंसक भगवान की तरह मानते हैं। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। कल्कि 2898 एडी वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ रूपये से ज्यादा की कमाई कर चुकी है।''कल्कि 2898 एडी'' के मेकर्स वैजयंती मूवीज ने सोशल मीडिया पर एक नया वीडियो शेयर किया,जिसमें अमिताभ बच्चन, नाग अश्विन से खास बातचीत करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ बच्चन ने कहा कि प्रभास जैसे किसी व्यक्ति को, जिसे उनके प्रशंसक भगवान मानते हैं ।उन्होंने फिल्म में अपने प्रदर्शन के लिए मिलने वाली प्रशंसा को भी टाल दिया और कहा कि यह सब नाग अश्विन की दृष्टि का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को फिल्म के पहले भाग के बारे में शिकायत थी, वे शायद इसे समझ नहीं पाए। आप दर्शकों को ध्यान में रखकर फिल्म बना रहे हैं और ऐसे कई हिस्से हैं, जिनके लिए, फिल्म उद्योग में रहने वाले व्यक्ति के रूप में, मैं समझ सकता हूं। प्रभास बहुत बड़े हैं। वह भगवान की तरह हैं कई तत्व, जो लोगों ने फिल्म के पहले भाग में महसूस किए, इसकी लंबाई के कारण, वे समझ नहीं पाए और वे कह रहे थे, 'चलो कहानी पर आते हैं'। लेकिन सच तो यह है कि पहला भाग फिल्म के नायक के लिए एक परिचय की तरह है।

भारतीय महिला टीम ने यूएई को 78 रन से हराया

दांबुला, एजेंसी

● महिला एशिया कप के अपने दूसरे मैच में हरमनप्रीत और ऋचा ने जड़े अर्धशतक

कप्तान हरमनप्रीत कौर (66) और ऋचा घोष नाबाद (64) रनों की आतिशी पारियों उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम ने महिला एशिया कप के पांचवें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 78 रनों से हराते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की है।

202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की टीम सात विकेटपर 123 रन ही बना सकी और 78 रन से मुकाबला हार गई। यूएई की ओर से कविशा एगोडेगे ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए दो विकेट लिए और 40 रनों की नाबाद पारी भी खेली। कप्तान ईशा ओझा ने 38 रन बनाए। खुशी 10 रन बनाकर आउट हुई। पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

इससे पहले भारत की शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की जोड़ी तेज शुरुआत की। तीसरे ओर में कविशा एगोडगे ने स्मृति मंधाना नौ गेंदों में 13 रन को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। पांचवें ओवर में शेफाली वर्मा 18 गेंदों में 37 रनों की तूफानी पारी खेलने के बाद पवेलियन लौट गई। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मोर्चा संभाला। दयालन हेमलता (2) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (14) रन बनाकर आउट हुई। हरमनप्रीत कौर और ऋचा ने 75 रनों की साझेदारी कर टीम के स्कोर को दो रन के करीब पहुंचा दिया। उन्होंने 47 गेंदों में 66 रन बनाए। यह हरमनप्रीत के टी-20 करियर का 12वां अर्धशतक है। उन्होंने यूएई महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ पहला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला खेला और उस मैच में ही अर्धशतक बनाया। इसी के साथ वह टी-20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन (3,415) बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं।

पाकिस्तान ने नेपाल को हराया

दाम्बुला। सलामी बल्लेबाज गुल फिरोजा के शानदार अर्धशतक और मुनीबा अली के साथ उनकी शतकीय साझेदारी की मदद से पाकिस्तान ने रविवार को यहां नेपाल को 49 गेंद शेष रहते हुए 9 विकेट से हराकर महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। नेपाल की टीम पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 108 रन ही बना पाई। पाकिस्तान ने 11.5 ओवर में एक विकेट पर 110 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने इस मैच में बड़ी जीत से अपने नेट रन रेट में सुधार किया। उसके और नेपाल दोनों के समान दो-दो अंक हैं। पाकिस्तान को ग्रुप ए का अपना अंतिम मैच संयुक्त अरब अमीरात जबकि नेपाल को भारत से खेलना है।

पारी के दौरान हरमनप्रीत और ऋचा घोष।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

एक नजर

दक्षिण पश्चिम चीन में बाढ़ के बाद 8 शव बरामद

चेंगदू। दक्षिण पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत में बचावकर्मियों ने शनिवार को रात आठ बजे तक आठ शव बरामद कर लिए हैं और चार को सुरक्षित निकाल लिया है। यहां भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ के बाद 30 से अधिक लोग लापता हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि यह आपदा शनिवार सुबह करीब 2:30 बजे हुई, जिससे 40 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए और याआन शहर के अंतर्गत हनयुआन काउंटी के सिन्हुआ गांव में 1,254 निवासी प्रभावित हुए। कुल 443 बचावकर्मियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया है।

जापान में भूकंप के मध्यम स्तरीय झटके

हांगकांग। जापान में रविवार को भूकंप के मध्यम स्तरीय झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, जापान में अक्केशी के 66 किमी पूर्व दक्षिण पूर्व में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 04:27 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.3 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 42.71 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 145.54 डिग्री पूर्वी देशांतर पर पृथ्वी की सतह से 23.9 किलोमीटर की गहराई पर था।

बोलीविया में सड़क दुर्घटना में 16 लोगों की मौत

ला पाज़। बोलीविया को चिली से जोड़ने वाले अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में सोलह लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। ला पाज़ यातायात परिचालन संगठन के दुर्घटना प्रभाग के निदेशक निलो टोरिको ने कहा कि चिली के साथ देश की सीमा से बोलीविया लौट रहा एक मालवाहक ट्रक चिली के अरिका क्षेत्र की ओर जा रही एक यात्री बस से टकरा गया। घायलों सात महिलाओं और सात पुरुषों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया।

छह श्रीलंकाई मछुआरे लापता हुए

कोलंबो। श्रीलंका के मत्स्य पालन और जलीय संसाधन विभाग ने शनिवार को कहा कि छह श्रीलंकाई मछुआरों को ले जा रही दो मछली पकड़ने वाली नौकाएं लापता हो गई हैं। विभाग के महानिदेशक सुशांत कहवाट्टा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ये जहाज 7 जुलाई को विभिन्न बंदरगाहों से श्रीलंका से रवाना हुए थे। कहवाट्टा ने कहा कि उनमें से एक बहु-दिवसीय मछली पकड़ने वाला जहाज है जिसमें चार मछुआरे सवार हैं जबकि दूसरा एकदिवसीय मछली पकड़ने वाला जहाज है जिसमें दो मछुआरे सवार हैं।

कंबोडिया में फंसे 14 भारतीयों को बचाया

सिंगापुर। कंबोडिया में साइबर अपराध धोखाधड़ी में फंसे चौदह भारतीय नागरिकों को बचा लिया गया है और उन्हें वापस भेजने के प्रयास जारी हैं। कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी है। भारतीय दूतावास ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दूतावास ने अधिकारियों के साथ मिलकर 14 भारतीय नागरिकों को रिहा करवाया, कंबोडियाई पक्ष उनकी देखभाल कर रहा है।

इजराइल का हवाई हमला, 15 की मौत

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी

गाजा में इजराइल द्वारा रात के दौरान किए गए हवाई हमले में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इजराइल द्वारा किया गया ये नवीनतम हमला ऐसे समय में किया गया है जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सोमवार को अमेरिका के लिए रवाना होंगे। जहां वह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात करेंगे।

युद्धग्रस्त गाजा में पोलियो का वायरस सामने आने के बाद स्थिति और भी बदतर हो गई है क्योंकि क्षेत्र की 23 लाख आबादी के लिए पानी और सफाई सेवाएं प्रभावित हुई हैं जिनमें से अधिकांश विस्थापित हो गए हैं। गाजा में मलजल की जांच करने पर वायरस का पता चला। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया कि पोलियों के कारण होने वाले लक्षणों के लिए किसी का भी इलाज नहीं किया गया है। वहीं, इजराइली सेना ने कहा कि सैनिकों को टीका लगाया जाएगा और वह फिलिस्तीनियों के लिए टीके लाने के लिए संगठनों के साथ काम करेगी। इजराइल ने मध्य गाजा के बुरेज शरणार्थी शिविर में ये नवीनतम हमला किया, जिससे दो बच्चों समेत नौ लोगों की मौत हो गई। वहीं, दक्षिणी शहर खान यूनिस में दो लड़कियों समेत कम से कम छह लोग मारे गए।

हिज्बुल्ला ने इजराइल के ग्रामीण इलाके में हमला किया

बेरूत। लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला ने कहा है कि उसके लड़ाकों ने उत्तरी इजराइल में शनिवार को दर्जनों रॉकेट दागे। इससे पहले दिन में इजराइल ने ड्रोन से हमला किया था, जिसमें बच्चों समेत कई लोग घायल हो गये थे। हिजबुल्ला ने इसी हमले का बदला लेने के लिये यह हमला किया है। फलस्तीन के चरमपंथी समूह हमास ने शनिवार को दावा किया कि उसने गाजा पट्टी में जनसंहार के प्रतिशोध में इजराइल के उत्तर में स्थित शोमेरा गांव में सैन्य चौकी की तरफ लेबनान से रॉकेट दागे। सरकारी समाचार एजेंसी ने एक रिपोर्ट में कहा कि शनिवार रात को दक्षिण तटीय गांव अदलून पर इजराइली हवाई हमले में हथियारों के एक केन्द्र को निशाना बनाया गया।

दंतेवाड़ा में डैम क्षतिग्रस्त, पानी से जनजीवन अस्तव्यस्त

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल पहाड़ी में एनएमडीसी द्वारा निर्मित एन-1 बी डैम अत्यधिक बारिश होने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके कारण जल जमाव की स्थिति निर्मित हो गई तथा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण अनेक घर बाढ़ की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा सतर्कता बरतते हुए तत्काल लोगों को सुरक्षित स्थान ले जाया जा रहा है। किरंदुल के गाटर पुलिया एवं सीएससी सेंटर के पास भी बारिश से जल जमाव होने से जेसीबी मशीन के द्वारा रोड से पानी क्लियर किया गया। साथ ही साफ सफाई भी की गयी है।

जानलेवा बन रहा निपाह वायरस

निपाह वायरस एक ऐसा वायरस है जो मुख्य रूप से फल खाने वाले चमगादड़ों से फैलता है, लेकिन सूअरों और अन्य जानवरों से भी फैल सकता है। यह गंभीर लक्षण पैदा कर सकता है, जिसमें मृत्यु भी शामिल है। इसके लिए कोई दवा या टीका नहीं है। यह एशिया, मुख्य रूप से बांग्लादेश और भारत में अधिक आम है।

लक्षण

निपाह वायरस संक्रमण का पहला संकेत अचानक उच्च बुखार हो सकता है। संक्रमण गंभीर होने पर व्यक्ति को एनसेफलाइटिस (ब्रेन इन्फेक्शन) के लक्षण दिख सकते हैं, जैसे कि बेहोशी, दिमागी कमजोरी और अन्य न्यूरोलॉजिकल संकेत। दूसरे लक्षण में सांस लेने में कठिनाई और पसीने का बढ़ जाना भी हो सकता है।

रोकथाम

अपने हाथ बार-बार धोएं। बीमार सूअरों या चमगादड़ों के साथ किसी भी प्रकार के संपर्क से बचें। उन पेड़ों या झाड़ियों से बचें जहां चमगादड़ आराम करते या सोते हैं। ऐसी चीज़ें खाने या पीने से बचें जो दूषित हो सकती हैं, जैसे ताड़ का रस या फल। चमगादड़ के काटने के निशान वाले या जमीन पर गिरे हुए फलों को फेंक दें। वायरस से संक्रमित व्यक्ति के लार, रक्त या अन्य शारीरिक तरल पदार्थों के संपर्क से बचें।

अदालत ने हिंसा के बाद रोजगार में अधिकांश आरक्षण खत्म किया

बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण घटाकर 7 प्रतिशत किया

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में हुई हिंसा के बाद रविवार को सरकारी नौकरियों में अधिकांश आरक्षण को खत्म कर दिया। देश में हिंसक झड़पों में 100 से अधिक लोग मारे गए। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी है। सार्वजनिक क्षेत्र की एक तिहाई नौकरियां 1971 में पाकिस्तान से स्वतंत्रता के लिए देश के युद्ध में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित थीं, लेकिन अब शीर्ष अदालत ने फैसला दिया है कि केवल पांच प्रतिशत नौकरियां स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित की जा सकती हैं। शेष दो प्रतिशत जातीय अल्पसंख्यकों या दिव्यांग लोगों के लिए आरक्षित हैं। सरकार ने अभी तक फैसले पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार राजधानी ढाका के कुछ इलाकों में छिटपुट झड़पें हुईं। शीर्ष अदालत की इमारत के बाहर एक बख्तरबंद वाहन तैनात किया गया था और सैनिक अब भी राजधानी की सड़कों पर गश्त कर रहे हैं। कुछ विरोधी नेताओं को कथित तौर पर गिरफ्तार किया गया है। अन्य लोग झड़पों में मारे गए लोगों के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। हिंसा में लगभग 115 लोगों के मरने की खबर है, लेकिन स्थानीय मीडिया के अनुसार हताहतों की संख्या इससे कहीं अधिक है। शुक्रवार को कम से कम 50 लोग मारे गए।

ढाका में कर्फ्यू के दौरान यात्रियों की तलाशी लेता पुलिस अधिकारी।

अमेरिकियों को बांग्लादेश की यात्रा न करने की सलाह दी

वाशिंगटन। अमेरिका ने बांग्लादेश में जारी हिंसा के मद्देनजर अपने नागरिकों को दक्षिण एशियाई देश की यात्रा न करने का परामर्श दिया है। उसने अपने गैर-आपातकालीन सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को स्वैच्छिक रूप से वहां से आने की अनुमति दे दी है। एक दिन पहले, अमेरिका ने बांग्लादेश के लिए एक नया यात्रा परामर्श जारी कर अमेरिकी नागरिकों से हिंसा से जूझ रहे देश की यात्रा से पहले पुनर्विचार करने का आग्रह किया था।

हाई अलर्ट पर बीएसएफ

अगरतला। बीएसएफ बांग्लादेश में मौजूदा अशांति के कारण किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हाई अलर्ट पर है। बीएसएफ, त्रिपुरा फ्रंटियर के महानिरीक्षक पटेल पीयूष पुरुषोत्तम दास ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति बीएसएफ के लिए भी सुरक्षा संबंधी चिंता का विषय है।

4500 भारतीय छात्र लौटे

नयी दिल्ली। बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के कारण अब तक करीब साढ़े चार हज़ार भारतीय छात्र स्वदेश लौट आए हैं तथा नेपाल, भूटान और मालदीव के लगभग साढ़े पांच सौ अन्य छात्र भी भारत आये हैं। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक बयान में बताया कि पिछले दो दिनों से ढाका में भारतीय उच्चायोग और चटगांव, राजशाही, सिलहट और खुलना में सहायक उच्चायोग घर वापसी में सहायता कर रहे हैं।

पाकिस्तान ने जर्मनी में वाणिज्य दूतावास पर हमले की निंदा की

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने रविवार को जर्मनी के फ्रैंकफुर्त स्थित अपने वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले की निंदा की। राजनयिक प्रतिष्ठान की सुरक्षा करने में जर्मन अधिकारियों की विफलता की आलोचना भी की। विदेश मंत्रालय ने हमलावरों की राष्ट्रीयता का खुलासा किए बिना कहा कि शनिवार को हुई इस घटना में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा में चूक हुई। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वियना संधि, 1963 के तहत दूतावास परिसर की पवित्रता की रक्षा करना और राजनयिकों की सुरक्षा करना मेजबान सरकार की जिम्मेदारी है।

जेल में आतंकवादी की तरह रख रहे : इमरान

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक ने जेल से दिए एक साक्षात्कार में किया दावा

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने दावा किया है कि उन्हें जेल में एक आतंकवादी की तरह रखा जा रहा है और काल कोठरी में एक कैदी के मूलभूत अधिकारों और मानवाधिकारों से भी वंचित कर दिया गया है। पाकिस्तान के अखबार डॉन में रविवार को प्रकाशित खबर के अनुसार, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक खान (71) ने ब्रिटेन के समाचार पत्र द संडे टाइम्स को जेल से दिए एक साक्षात्कार में ये दावे किए हैं।

इमरान ने साक्षात्कार में बताया, मुझे 7 फुट गुना 8 फुट आकार की कोठरी में कैद रखा गया है, जहां आमतौर पर आतंकवादियों को रखा जाता है ताकि वह किसी से संपर्क न कर सकें। उन्होंने कहा, यह ऐसी कोठरी है जिसमें हिलने-डुलने के लिए बिल्कुल भी जगह नहीं है। मैं एजेंसियों की लगातार निगरानी में हूं, चौबीसों घंटे मेरी रिकॉर्डिंग की जाती है और आगंतुकों से मुलाकात जैसे एक कैदी के मूलभूत अधिकारों और मानवाधिकारों से भी वंचित रखा गया है।

अमेरिका में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या

वाशिंगटन, एजेंसी

- इंडियाना प्रांत में पत्नी के साथ घर जाने के दौरान हुई घटना

अमेरिका के इंडियाना प्रांत में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की उसकी पत्नी के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस और मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। यह घटना उस समय हुई जब गैविन दसौर अपनी पत्नी के साथ घर जा रहे थे। दसौर की पत्नी मेक्सिको की हैं और हाल में उनका विवाह हुआ था।

इंडियानापोलिस पुलिस विभाग (आईएमपीडी) की अधिकारी अमांडा हिब्सचमैन ने बताया कि अधिकारियों को पिछले सप्ताह मंगलवार रात आठ बजे के बाद इंडी शहर के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में एक चौराहे पर एक व्यक्ति को गोली मारे जाने की सूचना मिली।

घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों ने बताया कि वहां जमीन पर एक व्यक्ति पड़ा था और उसके शरीर पर गोली का निशान था। मृतक की पत्नी ने उसकी पहचान की। भारतीय मूल के व्यक्ति की पत्नी विवियाना जमोरा ने इंडियानापोलिस स्टार को बताया, वह खून से लथपथ थे, मैं उन्हें थामे हुए थी और एम्बुलेंस का इंतज़ार कर रही थी। कहा जा रहा है कि दसौर आगरा का रहने वाला था और उनका विवाह 29 जून को हुआ था।

यात्रियों की तलाश में जुटी भारत और नेपाल की टीम

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल भूस्खलन

- नेपाल के अनुरोध पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की भारतीय बचाव टीम चितवन पहुंची

नेपाल में पिछले हफ्ते भूस्खलन की चपेट में आने के बाद दो बसों के उफनती नदी में बहने के बाद से लापता बताए जा रहे कई लोगों की तलाश में मदद के लिए 12 भारतीय बचाव कर्मी भी रविवार को नेपाली सुरक्षा बल के दलों के साथ जुड़ गए। नेपाल के अनुरोध पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की भारतीय बचाव टीम शनिवार को बागमती प्रांत के चितवन में पहुंची। एक बस में सात भारतीय नागरिक सवार थे जिनमें से अब तक तीन के शव बरामद हो चुके हैं। नेपाल ने 12 जुलाई को भूस्खलन के कारण त्रिशूली नदी में बह गई बसों की तलाश के लिए भारत से सहायता मांगी थी।

द काठमांडू पोस्ट अखबार की खबर के अनुसार, भारतीय टीम ने रविवार सुबह तलाशी अभियान शुरू किया। 65 यात्रियों को ले जा रही दोनों बसों के नारायणघाट-मुगलिन सड़क खंड पर भूस्खलन की चपेट में आकर त्रिशूली नदी में बह जाने के बाद से कम से कम 19 शव बरामद किए गए हैं। तीन यात्री बस से बाहर निकलने में कामयाब रहे और तैरकर किनारे पर पहुंच गए। तीन सोनार कैमरों सहित आवश्यक उपकरणों से लैस भारतीय टीम में चार गोताखोर शामिल हैं। नेपाली सेना, पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) की कई बचाव और खोजी टीम घटना के दिन से ही बसों के मलबे और यात्रियों की तलाश कर रही हैं, लेकिन अब तक बहुत कम सफलता मिली है।

पूर्वी अफगानिस्तान में विस्फोट, दो की मौत व 6 घायल

चरिकर, अफगानिस्तान। पूर्वी अफगानिस्तान के परवान प्रांत में एक विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस विभाग के प्रवक्ता फजल रीम मस्किन यार ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार दोपहर को परवान की प्रांतीय राजधानी चरिकर शहर के एक लोहे के बाजार में हुई। उन्होंने कहा कि घटना की अभी भी जांच चल रही है और संभावित परिणाम जनता के सामने घोषित किए जाएंगे। अफगानिस्तान दुनिया के सबसे अधिक बारूदी सुरंग-दूषित देशों में से एक है, जहां पिछले चार दशकों के युद्धों के बाद बचे हुए गैर-विस्फोटित आयुध और बारूदी सुरंगें बड़ी संख्या में लोगों की जान ले लेती हैं, जिनमें ज्यादातर बच्चे होते हैं।

ओली ने विश्वास मत हासिल किया

काठमांडू, एजेंसी

- 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में समर्थन से 50 मत अधिक कुल 188 मत मिले
- एक सप्ताह पहले ही सरकार का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी

नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली ने रविवार को संसद में आसानी से विश्वास मत हासिल कर लिया। लगभग एक सप्ताह पहले ही उन्होंने देश में एक और गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए पद की शपथ ली थी।

सरकार बनाने के लिए नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में कम से कम 138 सदस्यों का समर्थन होना आवश्यक है। ओली को 188 मत मिले। उन्हें जरूरी समर्थन से 50 मत अधिक मिले। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता ओली (72) ने चौथी बार सोमवार को देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। ओली ने मंत्रिमंडल के 21 अन्य सदस्यों के साथ पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। नेपाल के संविधान के अनुसार, ओली के लिये नियुक्ति के 30 दिन के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना आवश्यक था।

काठमांडू में संसद में विश्वास मत के दौरान नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली।

देउबा को दो साल बाद सत्ता सौंपेंगे केपी ओली

काठमांडू। नेपाल के नये प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली ने रविवार को पहली बार नेपाली कांग्रेस के साथ अपनी पार्टी के गुप्त सात सूत्री समझौते के ब्योरे का खुलासा किया, जिसके तहत वह दो साल तक सरकार का नेतृत्व करने के बाद सत्ता अपने गठबंधन सहयोगी दल के नेता शेर बहादुर देउबा को सौंप देंगे। अब तक 78 वर्षीय देउबा और 72 वर्षीय ओली के बीच हुआ सात सूत्री समझौता गुप्त रहा, जिससे सत्तारूढ़ पार्टी के कई नेताओं के मन में भी संदेह पैदा हो गया था। इससे पहले नेपाली कांग्रेस के महासचिव गगन थापा ने भी ओली से संसद में इस समझौते को सार्वजनिक करने की मांग की थी।

कारगिल विजय दिवस की वर्षगांठ समारोह में शामिल होंगे मोदी

लेह/जम्मू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ में शामिल होने के लिए 26 जुलाई को लद्दाख जाएंगे। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। लद्दाख के उपराज्यपाल एवं सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर बी डी मिश्रा ने प्रधानमंत्री के दौरे के संबंध में की गई तैयारियों का जायजा लिया। भारत ने साल 1999 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध पर विजय हासिल की थी। भारत की जीत की रजत जयंती के अवसर पर 24 से 26 जुलाई तक कारगिल जिले के द्रास में भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि मिश्रा ने यहां उपराज्यपाल सचिवालय में एक बैठक की और द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियों का जायजा लिया।

अमेरिकी चुनाव | मिशिगन में शनिवार को हुई रैली को राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ने किया संबोधित

आलोचकों को दरकिनार कर ट्रंप बोले- लोकतंत्र के लिए खाई गोली

वाशिंगटन, एजेंसी

पेनसिल्वेनिया में एक कार्यक्रम में हुए जानलेवा हमले में बाल-बाल बचने के बाद अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पहली चुनाव प्रचार रैली में आलोचकों की इन चिंताओं को खारिज किया कि वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं और कहा कि उन्होंने लोकतंत्र के लिए गोली खाई।

मिशिगन में शनिवार को हुई रैली में राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप के साथ उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जे डी वेंस भी थे। ग्रैंड रैपिड्स के वैन एंडेल एरिना में ट्रंप और वेंस को देखने के लिए 12,000 से अधिक लोग इकट्ठे हुए। ट्रंप (78) ने डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं का जिक्र करते हुए कहा, वे कहते रहते हैं कि वह (ट्रंप) लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। मैं कहता हूं, मैंने लोकतंत्र के खिलाफ क्या किया है? मैंने पिछले सप्ताह लोकतंत्र के लिए गोली खाई। उन्होंने अपने हजारों समर्थकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, मैंने लोकतंत्र के खिलाफ क्या किया? यह पागलपन है। पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर एक बंदूकधारी ने कई गोलियां चलाई थीं। इस हमले में एक गोली ट्रंप के दाहिने कान को छूकर निकल गई थी, जबकि रैली में शामिल एक व्यक्ति मारा गया था और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पूर्व राष्ट्रपति ने ट्रंप के एजेंडे का समर्थन करने के लिए अमेरिकी संघीय सरकार को नया स्वरूप देने के लक्ष्य से बनाई गई रूढ़िवादी हेरिटेज फाउंडेशन की परियोजना 2025 पर भी बात की, जिसके बारे में उनके प्रतिद्वंद्वियों का दावा है कि यह पहल लोकतंत्र के लिए खतरा है। ट्रंप ने इस परियोजना से खुद को अलग करते हुए कहा, मैं इसके बारे में कुछ जानना नहीं चाहता, लेकिन वे गलत सूचना और भ्रामक जानकारी दे रहे हैं। कान पर पट्टी बांधकर आए ट्रंप ने करीब दो घंटे तक भाषण दिया।

- ग्रैंड रैपिड्स के वैन एंडेल एरिना में ट्रंप और वेंस को देखने 12,000 से अधिक लोग इकट्ठा हुए

ट्रंप पर हमला करने वाले बंदूकधारी ने रैली से पहले कार्यक्रम स्थल पर ड्रोन उड़ाया था : अधिकारी

वाशिंगटन। ऐसा माना जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश करने वाले बंदूकधारी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति के निर्धारित कार्यक्रम से पहले पेनसिल्वेनिया रैली स्थल के आसपास ड्रोन उड़ाया था, ताकि कार्यक्रम से पहले जगह का जायजा लिया जा सके। यह जानकारी एक कानून प्रवर्तन अधिकारी ने शनिवार को दी। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने ड्रोन बरामद कर लिया है। एफबीआई पिछले शनिवार को रैली में 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रुक्स द्वारा की गई गोलीबारी के मामले की जांच का नेतृत्व कर रही है। क्रुक्स ने उस बटलर फार्म शो के मैदान के पास स्थित एक इमारत की छत से कई गोलियां चलाईं, जहां ट्रंप भाषण दे रहे थे। इसके बाद सीक्रेट सर्विस के स्नाइपर की गोली लगने से क्रुक्स की मौत हो गई। ड्रोन का विवरण देने वाले अधिकारी इस मामले पर सार्वजनिक रूप से बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं और उन्होंने उनका नाम न छापने की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस से बात की। ड्रोन के बारे में विस्तृत जानकारी सबसे पहले वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दी थी। रैली के दौरान हुए हमले में ट्रंप को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी में 50 वर्षीय अग्निशमन कर्मी कोरी कॉम्पेरेटोरे की मौत हो गई थी और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

अमेरिकी बमवर्षकों को रोकने को रूस ने भेजे लड़ाकू विमान

मॉस्को। रूस ने रविवार को कहा कि उसने आर्कटिक में बैरेंट्स सागर के ऊपर रूसी सीमा की तरफ बढ़ रहे अमेरिकी सेना के लंबी दूरी तक मार करने वाले दो बमवर्षक विमानों को रोकने के लिए अपने लड़ाकू विमानों को भेजा। मॉस्को के रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम पर लिखा, रूसी लड़ाकू विमानों के चालक दल ने हवाई लक्ष्य को अमेरिकी वायुसेना के दो बी-52एच बमवर्षक विमानों के रूप में पहचाना। रूस ने कहा कि उसने अमेरिकी विमान को रोकने के लिए अपने मिग-29 और मिग-31 लड़ाकू विमान भेजे थे। मंत्रालय ने कहा, जैसे ही रूसी लड़ाकू विमान करीब पहुंचे, अमेरिका के रणनीतिक रूप से अहम बमवर्षक विमान रूसी संघ की सीमा से दूर चले गये।

पर्यटक वाहनों को कचरा थैलियां रखना अनिवार्य

गंगटोक, एजेंसी

निर्णय

- पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा जारी किया गया आदेश

सिक्किम में प्रवेश करने वाले सभी पर्यटक वाहनों को अब कचरा फेंकने के लिए अनिवार्य रूप से थैली रखनी होगी। पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि पर्यावरणीय स्थिरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इसमें कहा गया है कि टूर ऑपरेटर, ट्रैवल एजेंसी और वाहन चालकों की जिम्मेदारी होगी कि वे यात्रियों से थैलियों में कचरा फेंकने के लिए कहें।

विभाग ने कहा कि इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्यटकों के वाहनों की आकस्मिक जांच की जाएगी और आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहन को दंडित किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि पर्यटकों को कचरा प्रबंधन और पर्यावरणीय स्थिरता के बारे में शिक्षित करने के लिए स्वच्छता संबंधी जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सिक्किम में छह लाख से अधिक लोग रहते हैं और यह भारत का सबसे कम आबादी वाला राज्य है। राज्य के खूबसूरत हिमालयी स्थलों पर हर साल 20 लाख से अधिक पर्यटक आते हैं।